CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 174 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शनिवार 19 जुलाई, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.50 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

*भाजपा प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष ने जिलों के कार्यों की समीक्षा की, आगामी कार्यक्रमों की योजना बनाई*

# वोट बैंक की नहीं, भाजपा करती है सरोकारों की राजनीति : डा. पूनिया

## मन की बात में 'नायाब' हरियाणा देशभर में नम्बर वन

जयपुर टाइम्स

**चंडीगढ(एजेसी.)।** भाजपा की शुक्रवार को पंचकूला में अहम संगठनात्मक बैठक हुई। सबसे पहले सीएम आवास में छोटी टोली और उसके बाद पंचकूला स्थित पार्टी प्रदेश कार्यालय पंचकमल में प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। इन बैठकों में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया मौजूद रहे। मुख्यमंत्री, प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष ने ''मन की बात'' कार्यक्रम में हरियाणा का देश में अव्वल रहने पर कार्यकर्ताओं की पीठ थपथपाई और आगामी कार्यक्रमों के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए। प्रदेश पदाधिकारी, जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष और मोर्चा अध्यक्षों के साथ हुई बैठक में प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने जिलों के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के बाद सभी नेताओं ने कार्यकर्ताओ की प्रशंसा करते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की ताकत है। सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में भाजपा कार्यकर्ता महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है कि मन की बात कार्यक्रम को सुनने में हरियाणा नंबर वन रहा। दिन भर चली बैठकों में संगठन विस्तार और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई। भाजपा प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष ने मीडिया से बातचीत कर सवालो के जवाब भी दिए।



## देश को जोड़ने वाला है पीएम मोदी का ''मन की बात' कार्यक्रम: पूनिया

मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कहा कि सत्ता और संगठन के बेहतर तालमेल के माध्यम से मोदी और नायब सरकार की योजनाओं को लाभार्थियों के घर-घर तक पहुंचाने की रणनीतिक चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा वोट बैंक की राजनीति नहीं करती, बल्कि सरोकारों की राजनीति करती है। भाजपा का यह चरित्र है कि हम चुनावी और वोट बैंक की राजनीति नहीं करते। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवाचार पर जोर देते हैं। पीएम मोदी ने जनता से दूर हो गए रेडियो को ''मन की बात'' कार्यक्रम के तहत देश से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश सशक्त हो रहा है। मोदी और नायब सरकार की रचनात्मक गतिविधियां लोगों को नजर आ रही है। डबल इंजन की सरकार में हर क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं।

## जल्द होगी जिला कार्यकारिणी गठितः बड़ौली

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पौधारोपण अभियान में भाजपा के कार्यकर्ता समर्पित होकर काम कर रहे हैं। कार्यकर्ताओं को 25-25 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया था, लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने उससे भी अधिक पेड़ लगाने काम किया हैं। बड़ौली ने कहा कि पिछले दिनों योग दिवस, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस, मन की बात कार्यक्रम के अलावा अन्य गतिविधियां चलाई गई थी उन सभी की समीक्षा की गई। आगामी कार्यक्रमों के बारे में बोलते हुए बड़ौली ने कहा कि 27 जुलाई को प्रधानमंत्री मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम को सभी बूथों पर सुना जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी संगठनात्मक 27 जिला अध्यक्षों की नियुक्ति हो चुकी है और अब जल्द ही जिला कार्यकारिणी के सदस्यों की नियुक्ति भी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त के बाद कार्यशालाओं का आयोजन कर सभी नए पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। आने वाले समय में भाजपा प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, संगठन मंत्री और प्रदेश महामंत्री जिलावार कार्यकर्ताओं की बैठक भी लेंगे। ईडी की ओर से रॉबर्ट वाड्रा पर हुई कार्रवाई पर बड़ौली ने कहा कि गलत तरीके से जमीन की खरीद फरोख्त करके पैसा कमाना गलत है। उन्होंने कहा कि कानूनी प्रक्रिया के तहत ही ईडी कार्रवाई कर रही है। एक अन्य सवाल पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि झूठ बोलना कांग्रेस की आदत बन गई है। जब-जब चुनाव आते है, कांग्रेस ईवीएम को दोषी ठहरा देती है। अगर कोई टैक्स व बिजली चोरी करता हुआ पकड़ा जाए तो कांग्रेस उसमें भी राजनीति ढूंढने का काम करती है। उन्होंने कहा कि रॉबर्ट वाड्रा पर जो कार्रवाई हो रही है कांग्रेस उसे भी राजनीति से जोड़ रही है। एक अन्य सवाल पर उन्होंने कहा ग्रीवेंस समिति का गठन लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए किया गया है। ग्रीवेंस कमेटी में लोगों की समस्याओं का जल्द ही समाधान हो जाता है और लोगों को अदालत के चक्कर लगाने से छुटकारा भी मिलता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा परिवार का हर कार्यकर्ता जन सेवा व विकसित भारत, विकसित हरियाणा के संकल्प के साथ समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस बैठक में संगठन के विस्तार, ''मन की बात'' कार्यक्रम की आगामी रणनीति व भविष्य की योजनाओं को लेकर चर्चा हुई और पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

विद्याधर नगर के अंबाबाड़ी इलाके का किया दौरा

## डिप्टी सीएम दिया कुमारी ने निगम व जेडीए अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी की ओर से शुक्रवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के अंबाबाड़ी क्षेत्र में स्थानीय जनता के साथ मिलकर स्वच्छता, कचरा निस्तारण और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जेडीए व निगम के अधिकारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री की ओर से जेडीए सचिव निशांत जैन, जेडीए व निगम के अधिकारियों के साथ विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में अंबाबाडी स्थित जेडीए की जस्टिस दौलतमल भण्डारी स्कीम से लगती हुई सडक का दौरा किया। उन्होंने अंबाबाड़ी नाले में फैली जलकुंभी और गंदगी को तत्काल हटाने, वहां स्थायी स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने और नाले के आसपास आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए एक विकसित वैकल्पिक मार्ग की योजना तैयार करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने अंबाबाडी पुलिया से अंबाबाडी सब्जी मंडी तक दौरा करते हुए सडक पर फैले हुए मलबे/कचरे के प्रबंधन व साफ-सफाई के लिए निगम अधिकारियों को निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री की ओर से जेडीए के जोन उपायुक्त - 2 को जेडीए की जस्टिस दौलतमल भण्डारी स्कीम में हो रहे अतिक्रमण की रोकथाम करने के लिए निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने सडक सुदृढीकरण व मरम्मतीकरण के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं ताकि क्षेत्र को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधा संपन्न बनाया जा सके। जनता का सहयोग और सुझाव ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। जेडीए सचिव निशांत जैन की ओर से मौके पर उप मुख्यमंत्री की ओर से प्रदत्त निर्देशों की पालना सुनिश्चित किए जाने के लिए जेडीए के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जेडीए की प्राथमिकता शहरवासियों को बेहतर सड़कें उपलब्ध कराना है। पेच रिपेयर कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है ताकि शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके। जेडीए के विभिन्न जोनों के अधिशासी अभियंताओं की ओर से अपने-अपने क्षेत्रों में जीएसबी, डब्ल्यूबीएम, मिट्टी के कट्टों के साथ-साथ कोल्ड मिक्स पद्धति का उपयोग कर पेच रिपेयर कार्य लगातार करवाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, सीवर लाइन, पीएचईडी बीसलपुर पाइप लाइन, टॉरेंट गैस लाइन और ड्रेनेज की खुदाई के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों पर भी प्राथमिकता से पेच रिपेयर कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के अंतर्गत न केवल मुख्य सड़कें, बल्कि वे सड़कें भी शामिल हैं जो वर्षा से अधिक प्रभावित हुई हैं।

## भजनलाल सरकार कर रही युवाओं के सपनों को साकार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के युवाओं का सरकारी नौकरी करने का सपना साकार हो रहा है।



मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के वादे को पूरा करते हुए 17 जुलाई को आरपीएससी, आरएसएसबी और विभाग की ओर से विभिन्न भर्तियों के विज्ञापन जारी किए गए। शिक्षा (माध्यमिक) विभाग में विभिन्न विषयों के वरिष्ठ अध्यापक के 6500 पदों पर आरपीएससी की ओर से भर्ती विज्ञापन जारी कर दिया गया है। शिक्षा विभाग में अध्यापक लेवल-। के 5000 पदों पर आरएसएसबी की ओर से भर्ती विज्ञापन जारी किया गया है। शिक्षा (माध्यमिक) विभाग में विभिन्न विषयों के प्राध्यापक के 3225 पदों पर आरपीएससी की ओर से भर्ती विज्ञापन जारी कर दिया गया है। संस्कृत शिक्षा विभाग में अध्यापक लेवल-। व लेवल-।। के 2759 पदों पर आरएसएसबी की ओर से भर्ती विज्ञापन जारी किया गया है। ऊर्जा विभाग में 2163 विविध पद पर विभाग की ओर से भर्ती विज्ञापन जारी कर दिया गया है। आयुर्वेद विभाग में संविदा आयुष अधिकारी (आयुर्वेद/होम्योपैथी/यूनानी) के 1535 पदों पर आरएसएसबी की ओर से भर्ती विज्ञापन जारी किया गया है। कृषि विभाग में कृषि पर्यवेक्षक के 1100 पदों पर आरएसएसबी की ओर से भर्ती विज्ञापन जारी कर दिया गया है। पशुपालन विभाग में पशु चिकित्सा अधिकारी के 1100 पदों पर आरपीएससी की ओर से भर्ती विज्ञापन जारी किया गया है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में 1050 विविध पद पर आरएसएसबी की ओर से भर्ती विज्ञापन जारी कर दिया गया है। गृह विभाग में उप निरीक्षक के 1015 पदों पर आरपीएससी की ओर से भर्ती विज्ञापन जारी किया गया है। कृषि विभाग में सहायक अभियंता के 281 पदों पर आरपीएससी की ओर से भर्ती विज्ञापन जारी कर दिया गया है। गृह विभाग में प्लाटून कमाण्डर के 84 पदों पर आरएसएसबी की ओर से भर्ती विज्ञापन जारी किया गया है। वन विभाग में वनपाल-259, वनरक्षक-483, सर्वेयर-43 कुल 785 पदों पर आरएसएसबी द्वारा भर्ती विज्ञापन जारी कर दिया गया है।17 जुलाई को भर्ती एजेंसियों ने कुल 26597 पदों पर भर्ती के विज्ञापन जारी किए हैं। राजस्थान में विगत डेढ़ साल से अधिक समय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन के अनुरूप अब तक 75 हजार से अधिक सरकारी पदों पर युवाओं को नियुक्ति दी जा चुकी है। राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को निरंतर रोजगार उत्सव का आयोजन कर नियुक्ति पत्र दे रही है।

## 'आप' की इंडिया गठबंधन से राह जुदा

**नई दिल्ली(एजेसी.)।** आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को 'इंडिया' गठबंधन से अपनी दूरी बनाते हुए कहा कि वह अब विपक्षी गठजोड़ का हिस्सा नहीं है और इसका नेतृत्व करने में कांग्रेस पार्टी की भूमिका पर सवाल उठाया। राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने देश में मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा के लिए शनिवार शाम 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के नेताओं की डिजिटल माध्यम से होने वाली बैठक से एक दिन पहले यह टिप्पणी की। कांग्रेस की आलोचना करते हुए संजय सिंह ने विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करने में उसकी भूमिका पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा, यह बच्चों का खेल नहीं है। क्या लोकसभा चुनाव 2024 के बाद उन्होंने कोई बैठक की? क्या इंडिया गठबंधन के विस्तार की कोई पहल हुई? कभी वे अखिलेश यादव की आलोचना करते हैं, कभी उद्धव ठाकरे की, तो कभी ममता बनर्जी की। इंडिया ब्लॉक को एकजुट रहना चाहिए था।

## हिंदी मीडियम छात्रों के लिए इंग्लिश स्कूलों में लगेंगी क्लास


जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोलने के बाद कई जिलों में हिंदी माध्यम के स्कूल ही नहीं बचे थे। इससे हिंदी माध्यम में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को देखते हुए राज्य सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। अब जिन स्कूल परिसरों में अंग्रेजी माध्यम के महात्मा गांधी स्कूल संचालित हैं, वहां हिंदी माध्यम का स्कूल भी शुरू किया जाएगा शिक्षा विभाग के नए निर्णय के तहत अब स्कूल दो पारी में संचालित होंगे। पहली पारी में अंग्रेजी माध्यम की कक्षाएं चलेंगी, जबकि दूसरी पारी में उसी परिसर में हिंदी माध्यम की पढ़ाई होगी। इससे हिंदी माध्यम के छात्रों को अपने क्षेत्र में ही शिक्षा का अवसर मिल सकेगा और उन्हें दूर जाने की जरूरत नहीं होगी। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने जानकारी दी कि महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में अब हिंदी माध्यम के छात्रों के लिए भी प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिन ग्राम पंचायतों में हिंदी माध्यम का कोई विद्यालय नहीं है और केवल अंग्रेजी माध्यम का स्कूल संचालित है, वहां दो पारी में स्कूल चलाने के निर्देश दिए गए है। पूर्व शिक्षा मंत्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि ऐसे अभिभावक जो अपने बच्चों को हिंदी माध्यम में पढ़ाना चाहते हैं, वे नजदीकी महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल से संपर्क कर प्रवेश के लिए आवेदन करें। इससे छात्रों को मातृभाषा में पढ़ाई करने का विकल्प मिलेगा और शिक्षा में किसी प्रकार की रुकावट नहीं आएगी। नया शैक्षणिक सत्र हर वर्ष 1 जुलाई से प्रारम्भ होता है। जो बच्चे हिंदी मीडियम की वजह से स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। उनके लिए एडमिशन प्रक्रिया को नए सिरे से प्रारम्भ किया गया है। पूर्ववर्ती सरकार ने 3737 स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम का स्कूल बनाया था जिनका नाम महात्मा गांधी पर रखे गए। शिक्षा मंत्री ने कहा कि अंग्रेजी मीडियम की सभी स्कूलों को दो पारियों में नहीं चलाया जाएगा। जिन क्षेत्रों में अंग्रेजी मीडियम स्कूल है और हिंदी मीडियम की स्कूल नहीं है। ऐसे क्षेत्रों की अंग्रेजी स्कूलों को दो पारियों में संचालित किया जाएगा।

## कावड़ियों पर प्रयागराज में तलवार, ईट पत्थरों से हमला!

जयपुर टाइम्स

**प्रयागराज(एजेसी.)।** यूपी के प्रयागराज स्थित मऊआइमा के ग्राम सराय ख्वाजा में शुक्रवार दोपहर डीजे संग जुलूस निकाल रहे कांवड़ियों का एक समुदाय विशेष के लोगों से विवाद हो गया। कांवड़ियों का आरोप है कि उन पर ईंट-पत्थर व तलवार से हमला किया गया। बीच बचाव के लिए पहुंचीं महिलाओं से अभद्रता की गई। पुलिस ने दूसरे समुदाय के तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। साथ ही 15 नामजद समेत 65 पर केस दर्ज किया है। महेंद्र कुमार सरोज ने बताया कि उनके ही गांव के रामकृष्ण सरोज, पुरषोत्तम सिंह, राजेंद्र जायसवाल, अंकित सरोज, शशांक कश्यप, मनीष कश्यप, शुभम प्रजापति, हरिकेश, धीरज आदि कांवड़िए शुक्रवार दोपहर डीजे साउंड संग जुलूस निकालकर जल भरने जा रहे थे।



आरोप है कि धर्मस्थल के पास पहुंचते ही वहां मौजूद दूसरे समुदाय के लोगों ने ईंट-पत्थर चलाते हुए लाठी-डंडे, तलवार आदि से हमला कर दिया और जातिसूचक गालियां दीं। पिटाई से कई कांवड़ियों को चोटें आईं। बीच बचाव में आईं महिलाओं के साथ अभद्रता की गई। झंडे को भी फाड़ दिया गया। घटना की जानकारी पर पुलिस पहुंची और किसी तरह मामला शांत कराया। घटना के बाद आक्रोशित कांवड़िए नारेबाजी करते हुए थाने पहुंचे और वहां घंटों हिंदू संगठनों संग विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर एसीपी फूलपुर पंकज लवनिया भी पहुंच गए।

## राजस्थान में नई टाउनशिप नीति पॉलिसी जारी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान के शहरों में अब पुरानी टाउनशिप पॉलिसी की जगह नई टाउनशिप पॉलिसी लागू कर दी गई है। हाल में राज्य कैबिनेट की बैठक में इस टॉउनशिप पॉलिसी को मंजूरी दी गई थी। राजस्थान में पिछली टाउनशिप पॉलिसी 15 साल पहले लागू हुई थी। अब इसकी जगह नई टाउनशिप नीति ने ले ली है। गौरतलब है कि नई टाउनशिप नीति का मसौदा पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के समय बनाया गया था। जिसे मौजूदा भजनलाल सरकार की कैबिनेट ने मंजूरी दी है। गौरतलब है



कि नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा की मंजूरी के बाद पिछले साल 27 जून को टाउनशिप नीति का प्रारूप जारी किया गया था। प्रारूप पर एक महीने का समय देते हुए आपत्ति और सुझाव मांगे गए थे। सोमवार को इसे कैबिनेट ने मंजूरी दे दी गई। इसके बाद गुरुवार को इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। नई टाउनशिप नीति में राज्य स्तरीय इंप्लीमेंटेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया जाएगा। यह कमेटी टाउनशिप नीति के इंप्लीमेंटेशन, मॉनिटरिंग और रिव्यू को लेकर बड़े फैसले ले सकेगी। इस कमेटी में नगरीय विकास, स्वायत्त शासन विभाग, ऊर्जा विभाग और जल संसाधन विभाग के सचिव शामिल होंगे। डेवलपर एसोसिएशन के दो प्रतिनिधि भी इस कमेटी में शामिल होंगे। राजस्थान रियल एस्टेट वेब पोर्टल बनेगा। इस पोर्टल पर विकासकर्ता अपनी योजनाओं की समस्त जानकारी अपलोड करेंगे। नई नीति में विभिन्न जल स्रोत नदी, नाला, तालाब, नहर, बरसाती नाला, झील के संरक्षण के लिए इनके दोनों तरफ न्यूनतम बफर जोन का प्रावधान किया गया है। सभी योजनाओं में रैन वाटर हार्वेस्टिंग और वेस्ट वाटर रिसाइकल के प्रावधान किए गए हैं। पार्क अथवा खुले स्थानों में सामुदायिक रेन वाटर हार्वेस्टिंग और वेस्ट वाटर रिसाइकल निर्मित किए जा सकेंगे।

CMYK

सेक्टर कनेक्ट - वन हेल्थ प्रोग्राम

## जिले की टीम को सम्मानित किया गया



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** एनसीडीसी और राज्य आईडीएसपी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सेक्टर कनेक्ट - वन हेल्थ प्रोग्राम के जयपुर ज़ोनल कार्यक्रम में अलवर जिले की टीम को उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। जिसमे डॉ. महेश बैरवा (डिप्टी सीएमएचओ, हेल्थ - अलवर) डॉ. टुहिना (असिस्टेंट प्रोफेसर, राजकीय मेडिकल कॉलेज, अलवर) डॉ. आलोक श्रीवास्तव (पशुपालन विभाग) डॉ. सुधांशु शर्मा (एपिडेमियोलॉजिस्ट, जिला IDSP, सीएमएचओ कार्यालय, अलवर) जय सिंह यादव (एफएसओ - फूड सेफ्टी ऑफिसर, अलवर) शामिल है वन हेल्थ" दृष्टिकोण के अंतर्गत यह कार्यक्रम मानव, पशु, पर्यावरण एवं खाद्य विभागों के मध्य समन्वय को बढ़ावा देता है, जिससे जूनोटिक बीमारियों (जो पशुओं से मनुष्यों में फैलती हैं) की रोकथाम, निगरानी और उपचार की दिशा में बहु-विभागीय सहयोग सुनिश्चित हो सके अलवर जिले की टीम का यह योगदान भविष्य में ऐसी बीमारियों की समय पर पहचान, नियंत्रण और सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएगा।

## पुलिस ने मानवता की अनूठी मिसाल पेश की

मानसिक रूप से विक्षिप्त दो युवकों को परिवार से मिलाया




जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** राजगढ़ पुलिस ने मानवता की अनूठी मिसाल पेश की है। पुलिस ने मानसिक रूप से विक्षिप्त दो युवकों को परिवार से मिलाया है। कोतवाल राजेश मीना ने बताया कि सूचना मिली थी की दो युवक घूम रहे। जोकि की मानसिक रूप से विक्षिप्त है। जिसके लिए सोशल मीडिया सहित अन्य पर मुहिम चलाकर पहचान की कोशिश की। जिस पर दोनों युवकों के परिजनों की जानकारी मिली। जिससे युवक डिठोरा मझोका, मुरादाबाद यूपी निवासी इब्राहिम पुत्र समसूदीन (28 वर्ष) व भकोडा कादरचौक, बदायूं यूपी निवासी कमलेश पुत्र नत्थूलाल कश्यप (28 वर्ष) के रूप में हुई। वही इस सूचना पर परिजन राजगढ़ थाने पर पहुंचे। दोनों युवकों को पुलिस ने परिजनों को सुपुर्द कर दिया। परिजनों में युवकों के मिलने पर खुशी की लहर दौड़ गयी और उन्होंने राजगढ़ पुलिस का आभार जताया। साथ ही कोतवाल राजेश मीना ने आमजन से अपील भी की है, अगर इस तरीके से कस्बे में कोई भी मानसिक रूप से विक्षिप्त दिखे जो अन्य जगह प्रतीत हो। इसकी सूचना पुलिस को दे, ताकि पुलिस उन्हें उनके परिजनों तक पहुंचा सके।

## स्काउट से बच्चों में अच्छे संस्कार सेवा भाव और सामाजिकता का विकास होता है



जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** कस्बे के माचाड़ी मार्ग पर स्थित पीएम श्री प्यारेलाल गुप्ता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ राजगढ़ की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ राजगढ़ के सचिव अनुराग गौड़ ने बताया कि राजगढ़ ब्लॉक के राजकीय व निजी विद्यालयों के स्काउट गाइड का विद्यालयी शिक्षकों का बिगनर्स कोर्स का एक दिवसीय शिविर आयोजित हुआ। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ कार्यवाहक प्रधानाचार्य यादराम मीना ने माँ शारदे के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर संचालक रामप्रताप शर्मा ने बताया कि स्काउट से बच्चों में अच्छे संस्कार आते हैं। सेवा भाव और सामाजिकता का विकास होता है। प्रधानाचार्य व स्काउट ट्रेनर जगदीश प्रसाद ने बताया कि स्काउट हमेशा सेवा कार्य के लिए तत्पर रहता है। शिविर में 18 सम्भागी उपस्थित रहे। शिविर में दिनेश चंद शर्मा,बनवारी लाल बलाई, अंजना गुप्ता आदि स्काउट ट्रेनर ने प्रशिक्षण के दौरान स्काउट के सामान्य नियमों की जानकारी दी।

**आम सूचना**

डॉ. वी.के. अग्रवाल (विष्णु कुमार अग्रवाल) पुत्र स्व0 श्री टी0के0 अग्रवाल निवासी फ्लैट नं0 बी–101, ARG Society, Alwar के द्वारा दिनांक 23.11.2021 को Sunrise University, Alwar की Governing Body के Chairperson के पद से इस्तीफा दे दिया गया था और इसकी सूचना पत्र दिनांक 08.12.2021 के द्वारा राजस्थान सरकार के Higher Education Department (Group-IV) को दिनांक 20.12.2021 को receiving के साथ दे दी गई थी।

Sunrise University, Alwar के पूर्व रजिस्ट्रार द्वारा Sunrise University का complete students से संबंधित और Ph.D. से संबंधित records, TR इत्यादि Sunrise University की नई कार्यकारिणी को सौंप दिया था और रिकॉर्ड सुपुर्द करने की receiving नई कार्यकारिणी के स्टाफ से दिनांक 05.10.2021 को ले ली गई थी।

हस्ताक्षर – डॉ. वी.के. अग्रवाल, पूर्व चेयरपर्सन, सनराईज यूनिवर्सिटी, अलवर

# जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित 135 फरियादियों ने दी परिवेदनाएं

### विगत जनसुनवाई के 99.47 प्रतिशत प्रकरणों का निस्तारण कर अलवर रहा राज्य में द्वितीय स्थान पर

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** त्रि-स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई, जिसमें 135 फरियादियों ने अपनी परिवेदनाएं प्रस्तुत की। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि आमजन की परिवेदनाओं का निस्तारण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अतः अधिकारी जिला स्तरीय जनसुनवाई, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल व अन्य माध्यम से भी आने वाले प्रकरणों का संवेदनशीलता से सुनकर उनका समयबद्ध रूप में निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुडे उपखण्ड स्तरीय अधिकारियों से परिवेदनाओं के संदर्भ में तथ्यात्मक स्थिति का फीडबैक लेकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिये।

### मुख्य सचिव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़कर लिया फीडबैक

जनसुनवाई के दौरान वीसी के माध्यम से जुडे मुख्य सचिव सुधांश पंत ने विगत जनसुनवाई में आए हुए प्रकरणों के संबंध में जिला कलक्टर से फीडबैक लिया।उन्होंने अलवर जिले में विगत जनसुनवाइयों के 99.47 प्रतिशत प्रकरणों निस्तारण करने की मॉनिटरिंग प्रक्रिया आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली। जिला कलक्टर ने मुख्य सचिव को अवगत कराया कि जिला प्रशासन द्वारा सम्पर्क पोर्टल की हैंडलिंग के संबंध में अधीनस्थ स्टाफ का प्रशिक्षण आयोजित कराया गया तथा साप्ताहिक बैठकों में प्रकरणों के निस्तारण की नियमित समीक्षा कर प्रभावी मॉनिटरिंग की गई। उल्लेखनीय है कि विगत जनसुनवाइयों के 99.47 प्रतिशत प्रकरणों का निस्तारण कर अलवर जिला प्रदेश में द्वितीय स्थान पर रहा है।

### ये रही प्रमुख परिवेदनाएं

जिला कलक्टर के समक्ष जिलेभर से आए 135 फरियादियों ने अपनी परिवेदना प्रस्तुत की, जिनमें मुख्य रूप से राजस्व की अतिक्रमण हटाने से संबंधित, पुलिस, नगर निगम, यूआईटी, जिला परिषद, विद्युत, जलदाय आदि विभागों की परिवेदनाएं प्रस्तुत की गई। इसी प्रकार शहर के बल्लाबोडा कच्ची बस्ती वार्ड नं. 1 में क्षतिग्रस्त सडक दुरूस्त कराने, 200 फुट रोड वार्ड नं. 56 में रोड लाइट लगाने, रोड बनवाने एवं पानी की लाइन ठीक करवाने, मुख्य बाजार रोड नं. 2 मेव बोर्डिंग के पास कचरा पॉइंट को हटवाने व क्षतिग्रस्त सडक दुरूस्त कराने, कटी घाटी के पास राजगढ रोड, वार्ड नं. 33 जयपुर रोड पर वर्षा जल का भराव का निराकरण कराने, कालाकुआं स्थित मोहल्ला सेठ की बावडी में नालों से अतिक्रमण हटवाने की परिवेदना पर उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि परिवेदनाओं का यथाशीघ्र निस्तारण करावे ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होवे। इस दौरान एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, एडीएम शहर बीना महावर, जिला परिषद के सीईओ सालुखे गौरव रवीन्द्र, एएसपी ग्रामीण डॉ प्रियंका रघुवंशी, उपखंड अधिकारी अलवर यशार्थ शेखर, नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, यूआईटी उप सचिव सोहन सिंह नरूका, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता सुधीर पाण्डे, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक ऋषिराज सिंगल, पीएमओ डॉ. सुनील चौहान, सामाजिक न्याय एवं अधिकरिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं वीसी के माध्यम से सभी उपखण्ड अधिकारी एवं विकास अधिकारी जुडे।

## स्मृति स्वरूप मेडिकल कॉलेज प्रांगण में लगाए 11 औषधीय पौधे

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** आर.डी.एन.सी. मित्तल फाउंडेशन अलवर के मुख्य ट्रस्टी डॉ. एस.सी.मित्तल ने बताया कि फाउंडेशन सदस्य एवं अन्य मेडिकल कॉलेज स्टाफ ने 2 बोतल पाम, 1 सायकस, अशोक एवं औषधीय पौधे कुल मिलाकर 11 पौधे लगाए।

डॉ.मित्तल ने बताया कि आर.डी.एन.सी. मित्तल फाउंडेशन अलवर के ट्रस्टी डॉ.राजीव मित्तल का आकस्मिक निधन पिछले वर्ष 28 जुलाई को हो गया था उनकी तिथि के अनुसार बरसी के दिन उनकी माताजी रेशम देवी ने एक पेड माँ का दिवंगत बेटे के नाम एवं उनकी धर्म पत्नी मुक्ता मित्तल ने एक पेड पत्नी का अपने दिवंगत पति के नाम लगाकर कुल 11 पौधे डॉ.राजीव मित्तल की इच्छानुसार मेडिकल कॉलेज में डॉ.दिनेश सूद के साथ मिलकर लगाए। ट्रस्टी गिरीश गुप्ता ने बताया कि आर.डी.एन.सी. मित्तल फाउंडेशन अलवर के मुख्य ट्रस्टी एवं स्व.डॉ.राजीव मित्तल के बडे भाई डॉ.एस.सी.मित्तल ने बताया कि डॉ.राजीव मित्तल हँसमुख, बहुत ही सेवा भावी व्यक्तित्व के धनी थे साथ ही उनके मन में जो इच्छा होती थी वो पूरी जरूर करके रहते थे डॉ.राजीव मित्तल की इच्छा थी कि वो जेल चौराहे के पास स्थित मेडिकल कॉलेज में अलग अलग तरह के पेड लगाकर वहाँ खूब हरियाली करे उनकी इस इच्छा को समस्त मित्तल फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा शनिवार को पूरा किया गया। कार्यक्रम में पहला पौधा मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ.दिनेश एवं माताजी रेशम देवी द्वारा लगवाया गया। इस मौके पर डॉ.राजीव मित्तल की पत्नी मुक्ता मित्तल, डॉ. एस.सी.मित्तल , अल्का मित्तल, ट्रस्टी गिरीश गुप्ता, मुकेश, धरमवीर, संयुक्त वैश्य महासभा के पदाधिकारियों सतीश गुप्ता अध्यक्ष, अनिल बंसल, राजकुमार गुप्ता, अशोक गुप्ता, प्रदीप धामानी, सुरेश गर्ग सहित मेडिकल कॉलेज स्टाफ से डॉ. इस्लाम खान (असिस्टेंट प्रोफेसर), राजेश गुप्ता (नर्सिंग ऑफिसर), महेन्द्र शर्मा (लेखाधिकारी), सुनील शर्मा इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## भारतीय अंगदान दिवस मनाया जाएगा 3 अगस्त को

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (एनओटीटीओ) द्वारा वर्ष 2025-26 को 'अंगदान-जीवन संजीवनी अभियान' के रूप में 3 अगस्त को 15वां भारतीय अंगदान दिवस मनाया जाएगा। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील चौहान ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य देश में अंग एवं ऊतक दान को प्रोत्साहित करना, भ्रांतियों को दूर करना और अधिक से अधिक लोगों को इस पुण्य कार्य में सहभागी बनाना है। उन्होंने बताया कि भारत में हर वर्ष लाखों मरीज ऐसे होते हैं जिन्हें जीवन बचाने के लिए अंग प्रत्यारोपण की ज़रूरत होती है, लेकिन अंगदाताओं की कमी के कारण वे इलाज से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने बताया कि अंगदान एक महान कार्य है जो जीवन की नई उम्मीद देता है और अंतिम चरण के अंग विफलता से जूझ रहे रोगियों के जीवन को बचा सकता है। अंगदान केवल एक चिकित्सीय प्रक्रिया नहीं बल्कि मानवीय संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है। जब आप अंगदान करते हैं, तो आप किसी की धड़कनों में जीते हैं, किसी की आँखों से दुनिया को देखते हैं। यह एक ऐसा उपहार है जो मृत्यु के बाद भी जीवन देता है। ब्रेन स्टेम डेथ (मस्तिष्क की मृत्यु) वाले व्यक्ति 2 किडनी, 2 फेफड़े, लिवर, दिल, आंत, पैंक्रियाज जैसे अंगों का दान कर सकते हैं जिससे 8 लोगों की जान बचाई जा सकती है। इसके अलावा कॉर्निया, त्वचा, हड्डियाँ, हृदय वाल्व आदि जैसे ऊतक भी दान किए जा सकते हैं जो कई जिंदगियों में नया उजाला ला सकते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि वे इस अभियान में भाग लें, अंगदान के लिए एनओटीटीओ की वेबसाइट (https://notto.abdm.gov.in) पर जाकर अपनी पंजीकरण प्रतिज्ञा करें और अपने परिवार को भी इस विषय पर जानकारी दें।

## जिला कलक्टर ने जनसुनवाई में आमजन के सुने परिवाद

### जिला स्तरीय जनसुनवाई में आए परिवादों का निस्तारण करने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निसं.)।।** जिला कलक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा के वीसी सभागार में आयोजित की गई। जिला स्तरीय जनसुनवाई में 75 प्रकरण प्राप्त हुए। जिला कलेक्टर ने मौके पर परिवादों को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिये। जिला स्तरीय जनसुनवाई में नकल दिलवाने, पत्थरगढी, सीमा ज्ञान, सहायता राशि, रास्ता खुलवाने बाबत, नाले की चौड़ाई एवं रैम्प बनवाने, अतिक्रमण हटाने, बिजली का खंभा हटाने, मुआवजा राशि दिलवाने, गंदे पानी कि निकासी, साफ सफाई, पीएम किसान निधि, पेंशन प्रकरण, रोड की मरम्मत करवाने, जल जीवन मिशन के तहत गांव में कार्य करवाने सहित अन्य परिवाद प्राप्त हुए जिन पर जिला कलेक्टर ने संज्ञान लेते हुए संबंधित उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी और सम्बंधित विभागों को परिवादों के निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने सभी परिवादियों को की गई कार्यवाही से अवगत कराते हुये गुणवत्तापूर्ण प्रकरण निस्तारित करने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने कहा कि सभी अधिकारी राजस्थान सम्पर्क पोर्टल 2.0 , सीएमओ, मुख्यमंत्री जनसुनवाई प्रकोष्ठ एवं जनसुनवाईयों में प्राप्त होने वाले प्रकरणों का त्वरित निराकरण करना सुनिश्चित करें। अधिकारी प्रकरणों को लेकर ना बैठे, परिवाद के आवंटित होने पर हाथों-हाथ निस्तारण करें तथा कोशिश करें कि परिवादी को दोबारा जनसुनवाई में ना आना पड़े। जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान विधायक किशनगढ़ बास दीपचंद खैरिया, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, सहकारिता विभाग अधिकारी वेद प्रकाश सैनी, अधीक्षण अभियंता धर्मवीर यादव, नगर परिषद आयुक्त मुकेश शर्मा, महिला एवं बाल विकास अधिकारी बीना गुप्ता, संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग हवा सिंह जाट,नोडल अधिकारी आयुर्वेदिक विभाग अजीत बालयांण, पीएचईडी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकरी वीसी के माध्यम से जुड़े रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला पदाधिकारीओ की बैठक का हुआ आयोजन



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता की अध्यक्षता मे जिला पदाधिकारी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन अंबेडकर नगर स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने आगामी कार्यक्रमों की कार्य -योजना व रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की जिसके अंतर्गत सहकारिता के विषय में बताते हुए कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में समाज को जनहित का लाभ प्रदान करने के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनहित की कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सुनिश्चित करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। हम सभी को इसमें सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए बैठक में जिला महामंत्री ऋषिराज शर्मा, उपाध्यक्ष हुकुम फागना, हरीश यादव, मीना सैनी, मूलचंद डीगवाल, विष्णु शर्मा, हरिशंकर खंडेलवाल, मंत्री सुनीता खांमबरा, राजेश तिवारी, प्रवक्ता दीपक पंडित, मुन्नालाल शर्मा, कार्यालय मंत्री मनोज चौहान, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता, सह-प्रभारी राकेश यादव सोशल मीडिया प्रभारी अरुण जैन, आईटी सह-प्रभारी अजय शर्मा, उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

## जिला कलक्टर ने ली जिला स्तरीय मेवात क्षेत्रीय विकास समिति की समीक्षा बैठक

### नई गाइडलाइन के अनुरूप विकास एवं ट्यूरिज्म के प्रस्ताव तैयार करने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय मेवात क्षेत्रीय विकास समिति की समीक्षा बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मेवात क्षेत्रीय विकास योजना की कार्य योजना के तहत पांच पंचायत समितियों में प्रथम वरीयता के 3098.80 लाख के 474 कार्य एवं द्वितीय वरीयता के 2505.79 लाख के 422 कार्यों का अनुमोदन किया गया। उन्होंने विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित विभागों से समन्वय कर आगामी वित्तीय वर्ष के प्रस्ताव मेवात क्षेत्र विकास की नई गाइडलाइन के अनुरूप जिले के मेवात क्षेत्र में सुनियोजित विकास, ट्यूरिज्म की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए परम्परागत ट्यूरिज्म व ईको-ट्यूरिज्म तथा नवाचार कर ई-लाइब्रेरी बनाने, महिलाओं के लिए स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने के प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने विकास अधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों को मेवात क्षेत्र के विकास हेतु संचालित योजनाओं को गति प्रदान कर प्रगति बढाने के निर्देश दिये। उन्होंने विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि गांवों में गंदे पानी के निकास एवं भू-जल रिचार्ज हेतु बनाए गए मैजिक पिटों की प्रभावी मॉनिटरिंग करें तथा इनके नए प्रस्ताव तैयार कर और मैजिक पिट बनाएं। उन्होंने जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन के कार्यों के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त हुई सडकों की मरम्मत एक माह में पूर्ण करावे। उन्होंने सीबीईओ को निर्देश दिये कि विकास अधिकारी से समन्वय कर मेवात क्षेत्र के गांवों में स्थापित ई-लाइब्रेरियों में मेवात विकास फण्ड से कम्प्यूटर्स आदि लगवाएं तथा मेवात विकास फण्ड राशि के अलावा समन्वय कर एसएफसी व एफएफसी के माध्यम से कम्प्यूटर लगवाए जाएं। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रवीन्द्र ने जिला कलक्टर को विश्वास दिलाया कि बैठक में दिए गए निर्देशों की पालना विभागीय समन्वय एवं विकास अधिकारियों के माध्यम से सुनिश्चित कराई जावेगी।

बैठक में जिला परिषद की एसीईओ आरती गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा, जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियन्ता सुधीर पाण्डे, जलदाय विभाग के अधीक्षण रमेश चंद सैनी, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण भूरी सिंह, एडीपीसी समसा मनोज शर्मा तथा रामगढ प्रधान नसरू खान सहित संबंधित विकास अधिकारी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

## वरिष्ठजन तीर्थयात्रा योजना-2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू, 10 अगस्त तक कर सकेंगे रजिस्ट्रेशन



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान सरकार की वरिष्ठजन तीर्थयात्रा योजना-2025 के तहत देवस्थान विभाग ने ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने शुक्रवार को विभागीय पोर्टल का शुभारंभ करते हुए यह जानकारी दी। योजना के अंतर्गत इस वर्ष कुल 56 हजार वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ यात्रा कराई जाएगी, जिनमें से 50 हजार यात्रियों को एसी ट्रेनों और 6 हजार को हवाई मार्ग से यात्रा कराई जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि 10 अगस्त 2025 तय की गई है। देवस्थान मंत्री ने बताया कि योजना का लाभ केवल उन्हीं वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा जो राजस्थान के मूल निवासी हैं, जिनकी उम्र 60 वर्ष से अधिक है (1 अप्रैल 1966 से पूर्व जन्म), और जो आयकरदाता नहीं हैं। पिछले वर्षों में चयनित होकर भी स्वेच्छा से यात्रा नहीं करने वाले आवेदकों को इस बार योजना में शामिल नहीं किया जाएगा। इच्छुक आवेदक देवस्थान विभाग की वेबसाइट edevasthan-rajasthan-gov-in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के बाद जिला स्तरीय कमेटी पात्र लाभार्थियों का चयन करेगी, साथ ही 100 प्रतिशत अतिरिक्त यात्रियों की प्रतीक्षा सूची भी बनाई जाएगी। इस वर्ष यात्रा के लिए 15 रूट निर्धारित किए गए हैं, जिनके माध्यम से यात्री लगभग 40 प्रमुख तीर्थ स्थलों का दर्शन करेंगे। इनमें हरिद्वार, ऋषिकेश, अयोध्या, वाराणसी, तिरुपति, द्वारका, सोमनाथ, रामेश्वरम, वैष्णोदेवी, उज्जैन, महाकालेश्वर, गोवा व अन्य प्रमुख स्थल शामिल हैं। विशेष रूप से सिख समुदाय की मांग पर इस बार पटना साहिब और हजूर साहिब को भी जोड़ा गया है। कुमावत ने बताया कि यात्रा ट्रेन को राजस्थानी संस्कृति से सुसज्जित किया जाएगा। प्रत्येक कोच पर लोक कला, तीज-त्योहार, धार्मिक व पर्यटन स्थलों की झलक देखने को मिलेगी। यात्रियों के लिए ठहरने, भोजन, परिवहन और चिकित्सा की समुचित व्यवस्था की गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में देवस्थान विभाग के शासन सचिव के. के. पाठक एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## जिला अस्पताल में बिजली संकट गहराया, मरीज और चिकित्सक हुए परेशान



जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(कासं.)।** जिले के सबसे बड़े जिला अस्पताल में शुक्रवार को बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। दो घंटे तक बिजली गुल रहने से पूरे अस्पताल परिसर में अंधेरा छा गया, जिससे मरीजों और चिकित्सकों दोनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर जिला अस्पताल और उसके आस-पास के क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। अस्पताल में मौजूद जनरेटर भी इस संकट की घड़ी में काम नहीं आया। अस्पताल प्रशासन द्वारा किराए पर लिया गया जनरेटर भी बिजली कटौती के कुछ ही मिनटों बाद फेल हो गया। बिजली गुल होते ही अस्पताल की पंखे, एसी, लाइट और कूलर सभी बंद हो गए। वार्डों में भर्ती मरीज गर्मी और उमस से बेहाल हो गए। मरीजों के परिजन कागज या अखबार से हवा कर उन्हें राहत देने की कोशिश करते नजर आए। चिकित्सक भी टॉर्च की रोशनी में मरीजों का उपचार करते दिखे। अंधेरा और गर्मी इतनी अधिक थी कि कई डॉक्टर अपने कक्षों से बाहर निकलने को मजबूर हो गए। अस्पताल में भर्ती मरीजों को इलाज के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। कुछ मरीजों ने व्यथित होकर कहा–"हे भगवान! ये लाइट कब आएगी?" स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल के अधिकारी भी असहाय नजर आए। अस्पताल कर्मचारियों के अनुसार, अस्पताल में पहले से ही लगे स्थायी जनरेटर खराब हालत में हैं और मरम्मत नहीं करवाई गई है। अस्थायी रूप से किराए का जनरेटर मंगवाया गया था, लेकिन वह भी जरूरत के समय चल नहीं सका। गौरतलब है कि अस्पताल की मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी के पास लाखों रुपए की राशि उपलब्ध है, जिसका उपयोग अस्पताल की व्यवस्थाएं सुधारने के लिए किया जा सकता है। इस सोसायटी के अध्यक्ष स्वयं जिला कलेक्टर हैं, लेकिन इसके बावजूद अस्पताल की बिजली समस्या की ओर गंभीर ध्यान नहीं दिया गया है। स्थानीय लोगों और मरीजों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द अस्पताल में वैकल्पिक बिजली व्यवस्था दुरुस्त की जाए, ताकि भविष्य में किसी आपातकालीन स्थिति में जनजीवन खतरे में न पड़े।

# प्रमुख शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति, पुरातत्व एवं संग्रहालय राजेश यादव ने अल्बर्ट हॉल, हवामहल और जन्तर मन्तर का किया निरीक्षण

### राजस्थान की शानदार कला, संस्कृति और ऐतिहासिक महत्व की पुरा कलाकृतियों का हो संरक्षण

### पर्यटकों के आकर्षण के लिए संग्राहलयों में डिस्प्ले हो जीवंत एवं आधुनिक

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रमुख शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति, पुरातत्व एवं संग्रहालय राजेश यादव ने शुक्रवार को जयपुर के प्रमुख पर्यटन स्थल अल्बर्ट हॉल, हवामहल और जन्तर मन्तर का निरीक्षण किया। इस दौरान पर्यटन आयुक्त रूकमणी रियाड़ तथा पुरातत्व एवं संग्राहलय निदेशक पंकज धरेन्द्र,अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी आमेर विकास एवं प्रबन्धन प्राधिकरण प्रतिभा डोटासरा, अतिरिक्त निदेशक (विकास), पर्यटन आनंद त्रिपाठी उपस्थित रहे। प्रमुख शासन सचिव ने सर्वप्रथम अल्बर्ट हॉल का निरीक्षण करते हुए कहा कि राजस्थान की शानदार कला, संस्कृति और ऐतिहासिक महत्व की पुरा कलाकृतियों एवं वस्तुओं का आधुनिक रूप से संरक्षण कार्य किया जाए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अल्बर्ट हॉल संग्राहलय एवं उसके स्टोर में रखी लगभग 18 हजार पुरा कलाकृतियों और सामग्री का जीवंत प्रदर्शन करने उपायों पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने संग्राहलय की समस्त दीर्घाओं में लाईट की व्यवस्था सुनिश्चित करवाये जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही संग्राहलय को भव्य रूप से पुन जीवित करने के निर्देश दिए।

### कला-पुरा सामग्री के द्वितीय चरण के संरक्षण कार्य हेतु निर्देश

राजेश यादव ने संग्राहल की महत्वपूर्ण कलाकृतियों का गहनता से अवलोकन करते हुए उनके संरक्षण और उनके प्रदर्शन की भव्यता बढ़ाने के कई सुझाव दिए। उन्होंने अल्बर्ट हॉल के तहखाने, स्टोर का निरीक्षण किया और वहां पुरानी पेंटिंग्स, अस्त्र शस्त्र, औजार, मूर्तियों, पुराने बर्तन और कला कृतियों के किये जा रहे पुनर्जीवन कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने आई.जी.एन.सी.ए. नई दिल्ली की टीम द्वारा किए जा रहे पुनर्जीवन कार्य की सराहना करते हुए कहा कि पुनर्जीवन के कार्य के पश्चात स्टोर में सुरक्षित रखी हुई कला-पुरासामग्री को डिस्पले के रूप में प्रदर्शित किया जाए। उन्होंने आमेर विकास एवं प्रबन्धन प्राधिकरण के अभियन्ता को कला-पुरा सामग्री के द्वितीय चरण के संरक्षण कार्य हेतु निर्देश प्रदान किए।

### इन्फॉर्मेशन क्यू आर कोड पुनः अपडेट करवाने के निर्देश

प्रमुख शासन सचिव ने अल्बर्ट हॉल के संग्राहलय में राईटअप इन्फॉर्मेशन क्यू आर कोड पुनः अपडेट करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां प्रदर्शित कला कृतियों और पुरा महत्व की वस्तुओं की रोचक जानकारी के साथ राईटअप इन्फॉर्मेशन क्यू आर कोड पुनः अपडेट करने के निर्देश प्रदान किए।

### जंतर-मंतर आने वाले पर्यटक पहले देखें व्याख्या केन्द्र

प्रमुख शासन सचिव ने जंतर-मंतर के निरीक्षण करते हुए जंतर-मंतर में सर्कुलेशन प्लान के साईनेज लगाये जाने के निर्देश दिए। जिससे जंतर-मंतर आने वाले पर्यटकों पहले व्याख्या केन्द्र (इन्टरप्रिटेशन सेन्टर) में प्रवेश मिल सके। जिससे पर्यटक व्याख्या केन्द्र पर आडियो–विडियो व्यादख्या के माध्यम से वहां लगे हुए यंत्रों की जानकारी प्राप्त करले और समझ लेवें। ताकि जब पर्यटक भौतिक रूप से यंत्रों को देखें तो उन्हें यंत्रों की कार्यप्रणाली सरलता से समझ में आ सके। उन्होंने संबंध में गाईड्स के साथ मीटिंग कर सम्पूर्ण जानकारी से अवगत करवायाने के निर्देश दिए। राजेश यादव ने व्याख्या केन्द्र (इन्टरप्रिटेशन सेन्टर) में लगी एलईडी टीवी के स्थान पर बड़ी एलईडी स्क्रीन लगवाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्यान क्षेत्र (गार्डन एरिया) को अधिक आकर्षक बनाने के भी निर्देश दिये।

### सीसीटीवी कैमरा लगाने और म्यूजियम हिस्ट्री बुक छपवाने के निर्देश

प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव ने अल्बर्ट हॉल भवन के दोनों तरफ बने बगीचों में मौसमानुसार फूलवारी लगवाना एवं गार्डन को सुसज्जित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संग्रहालय परिसर में स्टोन बैंच लगवाने के भी निर्देश दिए। अल्बर्ट हॉल की चाबियां रखने की तिजोरी पर सीसीटीवी कैमरा लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने तीन कांच के सेंसर गेट लगवाये जाने और संग्रहालय के मुख्य द्वार के सामने पोर्च के फर्श को क्लिन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोर्च के फर्श पर काले धब्बें नहीं होने चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने म्यूजियम हिस्ट्री बुक छपवाने के निर्देश दिए।

### जीर्णोद्धार के लिए 25 करोड़ रुपये का बजट आवंटित

उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अल्बर्ट हॉल के जीर्णोद्धार के लिर 25 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया हुआ है। इस जीर्णोद्धार कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है।

### हवामहल के अन्दर प्रवेश रास्ते पर लगाये जाए साईनेज

प्रमुख शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति, पुरातत्व एवं संग्रहालय राजेश यादव ने हवामहल का निरीक्षण करते हुए वहां प्रदर्शनी कक्ष में पर्यटकों के आकर्षण हेतु पेंटिंग या स्कल्पचर लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने बड़ी चौपड़ स्थित हवामहल के ऊपरी एवं पुरोहित जी के कटले के ऊपर बनी छतरियों में पेंटिंग के कार्यों का संरक्षण करने के निर्देश दिए। राजेश यादव ने बड़ी चौपड़ से चाँदी की टकसाल जाने वाली वाली सड़क पर हवामहल के अन्दर प्रवेश रास्ते के साईनेज लगवाये जाने के निर्देश दिए। जिससे पर्यटकों को सुविधा रहेगी और पर्यटकों की संख्या में और अधिक वृद्धि हो सकेगी। उन्होंने हवामहल स्थित आयुर्वेद भवन में लगे स्कल्पचर को टफनग्लास से कवर किये जाने के निर्देश दिए।

## एक राष्ट्र, एक चुनाव से मिलेगी देश को नई गति- सुधांशु त्रिवेदी

### राष्ट्रीय प्रवक्ता ने जयपुर में परिचर्चा को किया संबोधित, विरोध करने वालों पर साधा निशाना



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को जयपुर में आयोजित "एक राष्ट्र, एक चुनाव" विषयक परिचर्चा को संबोधित करते हुए कहा कि यदि देश को एक नई दिशा, स्थायित्व और विकास की गति देनी है तो एक साथ चुनाव की अवधारणा को अपनाना ही होगा। उन्होंने कहा कि जो लोग इसका विरोध कर रहे हैं, वे भारत की राष्ट्रीय एकता और एकात्मकता को नहीं मानते। उन्होंने महात्मा गांधी के "हिंद स्वराज" का उल्लेख करते हुए कहा कि गांधीजी ने 22 राष्ट्रीयताओं के विचार को नकारा था और भारत को एक राष्ट्र माना था, अन्यथा अंग्रेज पूरे भारत पर एकसाथ शासन नहीं कर सकते थे। त्रिवेदी ने उदाहरणों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की एकात्मता को रेखांकित करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण, आदि शंकराचार्य जैसी विभूतियों के जीवन प्रसंगों से भारत की सांस्कृतिक एकता प्रमाणित होती है। डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि बार-बार चुनाव कराने से देश की ऊर्जा, समय और संसाधन नष्ट होते हैं। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि प्रत्येक लोकसभा चुनाव में 12 हजार करोड़ रुपए से अधिक खर्च होते हैं, 10 लाख से अधिक जवान और करीब 25 लाख सरकारी कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में लगते हैं, जिससे विकास कार्य बाधित होते हैं। उन्होंने कहा कि यदि एक साथ चुनाव होते हैं तो इससे न केवल कार्यों की गति बढ़ेगी बल्कि GDP में 1.5 प्रतिशत की वृद्धि भी संभव है। बार-बार चुनावों से उत्पन्न राजनीतिक अस्थिरता की वजह से भारत दीर्घकालिक रणनीतियाँ नहीं बना सका और इसी कारण चीन हमसे आगे निकल गया। परिचर्चा में "एक राष्ट्र, एक चुनाव" अभियान के प्रदेश संयोजक सुनील भार्गव ने प्रस्तावना रखी। मंच पर भाजपा प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी, मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, सोशल मीडिया संयोजक हीरेंद्र कौशिक, आईटी संयोजक अविनाश जोशी और विधि प्रकोष्ठ संयोजक सौरभ सारस्वत उपस्थित रहे।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सीए, अधिवक्ता, गृहणियाँ, व्यापारी, पूर्व सैनिक और समाज के अन्य प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक संपन्न, जनहित के मुद्दों पर हुई गहन चचा



### सांसद मंजू शर्मा और राव राजेन्द्र सिंह की अध्यक्षता, विधायकों और अधिकारियों ने लिया भाग

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर जिला कलक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जयपुर सांसद मंजू शर्मा एवं जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने की। बैठक में जिले के विधायकगण एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य जैसे जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा हुई। बैठक में जिला प्रमुख रमा देवी चौपड़ा, विधायक प्रशांत शर्मा, बाल मुकुंदाचार्य, महेन्द्र प्रताप सिंह मीणा, मनीष यादव एवं डॉ. शिखा मील बराला सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुए। जिला स्तरीय अधिकारियों ने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। सांसदों एवं जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों को बिजली एवं पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं जयपुर विकास प्राधिकरण को निर्देशित किया गया कि बारिश के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों का गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। बैठक में नगर निगम अधिकारियों को जिले में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने और अतिक्रमण के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा जनस्वास्थ्य, चिकित्सा, कृषि, वन, रसद एवं ऊर्जा विभागों की योजनाओं और कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, जिला परिषद की सीईओ प्रतिभा वर्मा, नगर निगम जयपुर ग्रामीण आयुक्त गौरव सैनी, जयपुर नगर निगम ग्रेटर व हेरिटेज, ऊर्जा, पीडब्ल्यूडी, जलदाय, चिकित्सा, वन एवं कृषि विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने इस बैठक के माध्यम से योजनाओं की प्रभावी निगरानी और जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन में पारदर्शिता लाने पर बल दिया। बैठक को जनहित के लिए उपयोगी और समाधानमुखी प्रयास के रूप में सराहा गया।

## महिंद्रा की एक्सयूवी थ्रीएक्सओ रेवएक्स हुई लॉन्च

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** महिंद्रा की एक्सयूवी थ्रीएक्सओ रेवएक्स जे.एस. फोरव्हील मोटर्स में आयोजित कार्यक्रम में लॉन्च की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जे.एस. फोरव्हील समूह के अध्यक्ष निकुंज सांघी ने बताया कि एक्सयूवी थ्रीएक्सओ ने हाल ही में एक साल से कम समय में एक लाख से ज्यादा बिक्री का आंकड़ा पार किया है। जिसमें यह इस मुकाम पर पहुंचने वाली महिंद्रा की सबसे तेज एक्सयूवी बन गई है। रेवएक्स सीरीज प्रीमियर फीचर्स एवं स्टाइलिंग के साथ सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ xu13 एक्सओ के पोर्टफोलियो को और बेहतर बनाएगी जो ग्राहकों की आकांक्षाओं के अनुरूप है। महिंद्रा के रीजनल सेल्स मैनेजर निकित शाह ने बताया कि लेदरेट सीटों एवं सनरूफ के साथ 10 लाख रुपए से कम कीमत वाले सी एसयूवी सेगमेंट के ग्राहकों के लिए प्रीमियम इंटीरियर्स नई बॉडी कलर, ग्रिल, ब्लैक, अलाय व्हील, डुएल टोन रूफ एवं विशिष्ट बेजिंग के साथ नए आकर्षक एक्सटीयर्स के साथ रोड पर सबसे प्रभावशाली स्थिति के साथ उपलब्ध होगी। एक्सयूवी थ्रीएक्सओ की कीमत 8.94 लाख एक्स शोरूम अलवर है। कार्यक्रम में महिंद्रा के रीजनल सेल्स मैनेजर निकित शाह, कमर्शियल बिजनेस हेड चंद्र मोहन सिंह, एरिया सेल्स मैनेजर शिवांगी मित्तल, जे.एस. फोरव्हील के निदेशक ऋषभ सांघी, चीफ बिजनेस मैन ऑफिसर मनीष नागपाल, फाइनेंस एवं ग्राहक मौजूद रहे। इस मौके पर निदेशक ऋषभ सांघी ने आए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया, मंच संचालन यश अरोड़ा ने किया।

## रोजदा में किसानों ने किया स्मार्ट मीटर का विरोध



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रामपुरा डाबडी तहसील के रोजदा सहायक अभियंता विद्युत कार्यालय सरदारपुरा विद्युत ग्रेड पर किसानों, जनप्रतिनिधियों के साथ विद्युत उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध जताया। इस दौरान उप जिलाप्रमुख डागर ने कहा की जब तक सरकार स्मार्ट मीटर योजना का फैसला वापस नही लेगी तो आगे हमारा जिला स्तर पर आन्दोलन होगा। इस अवसर पर उपजिला प्रमुख मोहन डागर ,रामपुरा डाबड़ी ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल भूखल, पंचायत समिति सदस्य जयराम कुमावत , किसान सभा जिला अध्यक्ष रामजी लाल यादव, पीसीसी महासचिव प्रतिष्ठा यादव, कांग्रेस प्रवक्ता कैलाश योगी ,किसान नेता नानूराम जाट ,रमन यादव , पंडित कैलाश शर्मा , उपसरपंच मनोहर सिंह धीरावत ,संजय कुमावत, मूलचंद बुटोलिया, गुल्लाराम डोडवाडिया, रामसिंह यादव, कैलाश सीमावत , रामस्वरूप यादव ,बंशीधर गढ़वाल, महावीर बुटोलिया, मालीराम मौर्य, रामकुमार गढ़वाल, जगदीश बुनकर,सुरेश मावलिया सहित सैकड़ो उपभोक्ताओं ने उपस्थिति दर्ज करवाकर स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध प्रदर्शन किया।

# सीसीआर एकेडमी की बड़ी लापरवाही, 6 वर्षीय बच्चा हॉस्टल से बाहर निकला

### 3 किलोमीटर दूर बच्चे को आवारा कुत्तों ने घेरा

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** यह खबर उन परिजनों के लिए बहुत जरूरी है जिनके बच्चे सरदारशहर के एकेडमी या अन्य हॉस्टल में रहकर पढ़ रहे हैं। परिजन अपने नन्हे मुन्ने बच्चों को होस्टल संचालक के भरोसे इसलिए छोड़ते हैं कि वहां पर उनके बच्चे का पूरी तरह से ख्याल रखा जाएगा। लेकिन सरदारशहर के एकेडमी के हॉस्टल में रहने वाले बच्चों के लिए और उनके परिजनों के लिए यह खबर बुरी हो सकती है। यहां पर हॉस्टल में रहने वाले बच्चों के परिजनों को विशेष तौर से ध्यान देने की जरूरत है। मामला गुरुवार का है जहां पर गुरुवार दोपहर को यहां के ताल मैदान स्थित एकेडमी के हॉस्टल में रहकर पढ़ने वाला 6 वर्षीय बच्चा कानड़वास निवासी सुमंत पुत्र बजरंगलाल जाट हॉस्टल से निकल गया और होस्टल संचालक को इस बात की भनक भी नहीं लगी। 6 वर्षीय बच्चा सुमंत इधर-उधर भटकता रहा और आखिरकार उस बच्चे की जान पर तब बन आई जब उसे आवारा कुत्तों ने घेर लिया। होस्टल संचालक शायद उस समय आराम से बैठे थे और 6 वर्षीय बच्चे की जान मुसीबत में थी। यहां से गुजर रहे युवक वरदान सोनी ने जब बच्चें को कुत्तों से घिरा हुआ देखा तो कुत्तों को हटाकर बच्चे से पूछताछ की लेकिन बच्चे ने कुछ नहीं बताया और बच्चा आगे चल पड़ा। कुत्तों ने उसे वापस घेर लिया। तब वरदान सोनी ने थक हारकर मामले की जानकारी अपने परिचित हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा को दी। जो वर्तमान में चूरू स्पेशल टीम में कार्यरत है। संयोग से हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा सरदारशहर में किसी स्थाई वारंट की तलाश में आए हुए थे। हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा ने बरसाती मौसम और मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थाई वारंटी की तलाश को छोड़कर तुरंत मौके पर पहुंचे और बच्चों को दस्तयाब किया। संजय कुमार बसेरा बच्चे को लेकर एक दुकान में पहुंचे और बच्चे से पूछताछ की। लेकिन बच्चा कुछ भी सच बताने से बच रहा था। घबराया हुआ बच्चा पहले सब कुछ गलत बता रहा था। संजय कुमार बसेरा ने जब बच्चे को विश्वास में लिया और बच्चे को उसके लायक कुछ खिलाया और बच्चे से वापस पूछताछ की तब बच्चे ने अपनी पुरानी स्कूल का नाम बताया। हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा ने गूगल पर बच्चे की स्कूल का नाम सर्च कर उस पर मिले नंबर पर संपर्क किया और बच्चे के नाम से पूछताछ की गई तो स्कूल संचालक ने बच्चे का पूरा पता बता दिया। जिस पर बच्चे के परिजनों से संपर्क किया गया तो वह कानड़वास गांव के रहने वाले थे। इसके बाद उनसे बात कर शहर में रहने वाले रिश्तेदारों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने तुरंत मौके पर रिश्तेदारों को भेजा। बच्चा पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण सारण के रिश्तेदारी में था। हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा ने थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई को मामले से अवगत करवाया और बच्चे को पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण सारण जो बच्चे के रिश्तेदारी में भाई हैं। उनको सुपुर्द कर दिया। हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा ने पूरी लिखित कार्रवाई कर बच्चे को उनके सुपुर्द किया। हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा ने बताया कि होस्टल संचालक की लापरवाही की वजह से यह बच्चा हॉस्टल से बाहर निकाला और यह बात उसकी जान पर भी बन सकती थी। वरदान सोनी की सूझबूझ और हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा के समय पर पहुंचने की वजह से बच्चा अब एकदम पूरी तरह से सुरक्षित है और उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। बच्चे को लेने आए परिजनों ने हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा का आभार प्रकट किया है। लेकिन सोचने वाली बात यह है कि परिजन जिस विश्वास के साथ अपने बच्चों को हॉस्टल संचालक के सुपुर्द करके जाते हैं। क्या वह उस विश्वास पर खरे उतरते हैं। फिलहाल बच्चा सुरक्षित है और उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# प्रचार या पौधारोपण?

*आजकल पेड़ लगाना एक 'पब्लिसिटी एक्टिविटी' बन गया है। नेता, अधिकारी, स्वयंसेवी संगठन और यहां तक कि आम नागरिक भी एक पौधा लगाते हैं, उसके साथ सेल्फी लेते हैं और अगले ही दिन वह तस्वीर फेसबुक और ट्विटर की शोभा बन जाती है। लेकिन दुर्भाग्यवश, वह पौधा फिर कभी पानी नहीं देखता। उस पर धूप-बारिश की मार पड़ती है, जानवर उसे खा जाते हैं, या वह जल की कमी से मुरझा जाता है। ऐसे में यह पूछा जाना लाज़मी है कि यह पौधारोपण था या केवल आत्म-प्रचार? राजस्थान जैसी शुष्क जलवायु वाले राज्य में पौधारोपण अपने आप में एक चुनौती है। यहां पानी की कमी, उच्च तापमान और ज़मीन की कठोरता पौधों के जीवित रहने के लिए प्रतिकूल स्थितियाँ बनाती हैं। ऐसे में केवल पौधा लगाना पर्याप्त नहीं, बल्कि उसकी देखभाल एक दीर्घकालिक प्रतिबद्धता की मांग करती है। पौधे को जीवित रखना, उसका संरक्षण करना और उसे वृक्ष बनने तक पालना ही असली सेवा है।*



राजस्थान में इन दिनों हरियाली को लेकर एक अभूतपूर्व अभियान चलाया जा रहा है–हरियालो राजस्थान मिशन। इस मिशन के तहत प्रदेश के प्रत्येक जिले, शहर, कस्बे और गांव में लाखों की संख्या में पौधे लगाए जा रहे हैं। यह पहल निश्चित रूप से पर्यावरणीय सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राज्य सरकार ने इसे सामाजिक भागीदारी के माध्यम से एक जन-आंदोलन का स्वरूप देने की कोशिश की है। लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या यह मिशन वास्तव में पर्यावरण की रक्षा के लिए है या फिर यह केवल एक प्रचार अभियान बनकर रह गया है?

हाल ही में दौसा जिले में एक ही दिन में 1.85 लाख पौधे लगाए गए। यह संख्या सुनने में प्रभावशाली लगती है, लेकिन क्या कोई यह सुनिश्चित कर पा रहा है कि इनमें से कितने पौधे अगले छह महीनों तक जीवित रहेंगे? क्या इन पौधों की देखभाल के लिए कोई स्पष्ट कार्ययोजना बनाई गई है? क्या इन पर नियमित रूप से पानी डाला जाएगा, उन्हें पशुओं से बचाया जाएगा और उनका संरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा? या फिर यह सब केवल कैमरों के लिए था–फोटो खिंचवाने, सोशल मीडिया पोस्ट करने और अखबारों में छपने के लिए?

आजकल पेड़ लगाना एक 'पब्लिसिटी एक्टिविटी' बन गया है। नेता, अधिकारी, स्वयंसेवी संगठन और यहां तक कि आम नागरिक भी एक पौधा लगाते हैं, उसके साथ सेल्फी लेते हैं और अगले ही दिन वह तस्वीर फेसबुक और ट्विटर की शोभा बन जाती है। लेकिन दुर्भाग्यवश, वह पौधा फिर कभी पानी नहीं देखता। उस पर धूप-बारिश की मार पड़ती है, जानवर उसे खा जाते हैं, या वह जल की कमी से मुरझा जाता है। ऐसे में यह पूछा जाना लाज़मी है कि यह पौधारोपण था या केवल आत्म-प्रचार?

राजस्थान जैसी शुष्क जलवायु वाले राज्य में पौधारोपण अपने आप में एक चुनौती है। यहां पानी की कमी, उच्च तापमान और ज़मीन की कठोरता पौधों के जीवित रहने के लिए प्रतिकूल स्थितियाँ बनाती हैं। ऐसे में केवल पौधा लगाना पर्याप्त नहीं, बल्कि उसकी देखभाल एक दीर्घकालिक प्रतिबद्धता की मांग करती है। पौधे को जीवित रखना, उसका संरक्षण करना और उसे वृक्ष बनने तक पालना ही असली सेवा है। अन्यथा यह सब सिर्फ एक "इवेंट" बनकर रह जाता है, जिसकी स्मृति केवल फोटो एलबम में रह जाती है।

आज जिस तरह से लोग पौधारोपण को प्रचार का साधन बना रहे हैं, वह चिंताजनक है। पर्यावरण जैसे गंभीर विषय को भी अब लोग अपने व्यक्तिगत ब्रांड निर्माण का उपकरण बना रहे हैं। कई बार तो देखने में आता है कि एक ही स्थान पर कई बार फोटो खींची जाती है, एक ही पौधे को अलग-अलग लोगों के नाम से प्रचारित किया जाता है। इस प्रवृत्ति से अभियान की आत्मा को गहरी चोट पहुंचती है।

इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि कुछ संस्थाएं पौधारोपण को ष्टस्र्न (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) फंड और प्रचार के लिए उपयोग कर रही हैं, लेकिन वास्तव में जमीन पर पौधों की देखरेख या संरक्षण का कोई प्रयास नहीं करतीं। कई मामलों में ऐसे ष्टस्र्न आधारित कार्यक्रमों में कागजों पर लाखों रुपये खर्च दिखा दिए जाते हैं, लेकिन धरातल पर पौधे या तो लगाए ही नहीं जाते या फिर कुछ समय बाद मर जाते हैं। इसी तरह, कुछ जिलों में मनरेगा योजना के अंतर्गत पौधारोपण के नाम पर बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार की खबरें भी सामने आ रही हैं। आंकड़ों में दर्ज पौधों की संख्या लाखों में है, लेकिन मौके पर जाकर देखने पर 5% पौधों की भी देखभाल नहीं मिलती। कई स्थानों पर पौधे सूख चुके हैं, कई जगहों पर निशान तक नहीं हैं कि यहां कभी पौधे लगाए गए थे।

इस प्रकार के भ्रष्टाचार और दिखावटी कार्यक्रम न केवल सार्वजनिक धन की बर्बादी हैं, बल्कि यह अभियान की साख और उद्देश्य दोनों को धूमिल करते हैं। इससे आमजन में भी एक तरह की निराशा और अविश्वास पैदा होता है। यह जरूरी हो गया है कि प्रशासन इस पर कठोर कार्रवाई करे, जिम्मेदार एजेंसियों और अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए और पारदर्शी मूल्यांकन तंत्र विकसित किया जाए।

यदि हम सच में हरियालो राजस्थान मिशन को सफल बनाना चाहते हैं, तो इसके लिए कुछ बुनियादी बदलावों की आवश्यकता है। सबसे पहले, हर पौधे की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। जिस व्यक्ति, संस्था या समूह ने पौधा लगाया है, उसे अगले कम से कम दो वर्षों तक उसकी देखभाल की जिम्मेदारी उठानी चाहिए। ग्राम पंचायतों, स्कूलों, कॉलेजों और स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों को इस अभियान में सक्रिय भागीदार बनाया जाना चाहिए। पौधों की जियो टैगिंग, फोटो रिकॉर्डिंग और मासिक स्थिति रिपोर्टिंग जैसी तकनीकों का उपयोग कर निगरानी की व्यवस्था की जानी चाहिए।

दूसरा, पौधों की सुरक्षा के लिए बाड़बंदी, जल स्रोत और आवश्यक पोषण की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके लिए राज्य सरकार को एक पृथक बजट बनाना चाहिए और जिला स्तर पर विशेष निगरानी समितियाँ गठित की जानी चाहिएं।

तीसरा, मीडिया और प्रशासन को केवल पौधारोपण के आंकड़ों की बजाय उनके जीवित रहने की दर को प्राथमिकता देनी चाहिए। जिन क्षेत्रों में पौधों की देखभाल बेहतर तरीके से की जा रही है, उन उदाहरणों को सामने लाया जाना चाहिए और अन्य क्षेत्रों को उनसे प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

पर्यावरण संरक्षण एक सतत प्रयास है, कोई एकदिवसीय उत्सव नहीं। यह कोई रिबन काटने की रस्म नहीं, बल्कि धरती मां के प्रति हमारा नैतिक कर्तव्य है। जब तक हम इस सोच को नहीं अपनाएंगे, तब तक चाहे जितने भी पौधे लगा लें, न तो वे वृक्ष बनेंगे और न ही हमारा पर्यावरण सुरक्षित होगा।

हरियालो राजस्थान का नारा तभी साकार होगा जब हर लगाया गया पौधा, एक दिन छांव देने वाला पेड़ बनेगा। इसके लिए हमें केवल पेड़ लगाने का 'क्रेडिट' लेने की बजाय पेड़ को जीवित रखने का कर्तव्य निभाना होगा। पर्यावरण की सेवा केवल तस्वीरों और अखबारों में नहीं होती, वह होती है पसीने से सींचे गए पौधों में।

अब समय आ गया है कि हम तय करें–हमें प्रचार चाहिए या पौधारोपण का परिणाम? यदि जवाब उत्तरार्द्ध है, तो हरियालो राजस्थान को केवल अभियान नहीं, एक जीवनशैली बनाना होगा–जहां हर पौधा, हर नागरिक की जिम्मेदारी हो और हर छांव हमारी साझी सफलता की छाया हो। केवल तभी यह अभियान वास्तविक हरियाली ला सकेगा, वरना यह भी एक और सरकारी दस्तावेज़ बनकर ही रह जाएगा।

**प्रधान संपादक। रामेश्वर लाल जाट**


सम्पादकीय

# अंतरिक्ष में भारत की उड़ान: विज्ञान, साहस और आत्मनिर्भरता की नई परिभाषा

**-डॉ.सत्यवान सौरभ**
**(स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार)**

मानव इतिहास की परिधि पर जब भी कोई नया चक्र उभरता है, तो उसमें विज्ञान, कल्पना और आत्मबल की त्रयी सबसे महत्वपूर्ण होती है। भारत की अंतरिक्ष यात्रा, जो एक समय टिन के डब्बों में साइकिलों पर रॉकेट लेकर चलने से शुरू हुई थी, आज न केवल चंद्रमा और मंगल की मिट्टी तक पहुँच चुकी है, बल्कि मानव संसाधन के नए क्षितिज भी गढ़ रही है। हाल ही में संपन्न हुई भारतीय मूल की गगनयात्री सुनीता विलियम्स की ऐतिहासिक वापसी, न केवल अमेरिका की सफलता है, बल्कि भारत के अंतरिक्ष स्वप्नों को भी नए पंख दे गई है। उनके साहस ने भारत की आधी आबादी–नारी शक्ति–को यह संदेश दिया है कि अब अंतरिक्ष केवल विज्ञान का विषय नहीं, बल्कि आत्मबल, समानता और नवाचार का प्रतीक बन चुका है। भारत के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम कोई दिखावा नहीं, बल्कि ज़मीनी जरूरतों का समाधान है। ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम की सटीक जानकारी, किसानों के लिए फसल पूर्वानुमान, आपदा प्रबंधन, संचार और शिक्षा के लिए सस्ती सेवाएं–ये सब हमारे उपग्रहों की देन हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की सफलता सिर्फ रॉकेट प्रक्षेपणों की संख्या में नहीं, बल्कि उनकी गुणवत्ता, सटीकता और न्यूनतम लागत में छुपी हुई है। यही कारण है कि दुनिया के बड़े राष्ट्र भी आज अपने उपग्रह प्रक्षेपण के लिए भारत का रुख कर रहे हैं। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग और आगामी 'गगनयान' मिशन भारत को उस गुट में खड़ा कर रहे हैं, जहाँ सिर्फ चंद विकसित देश अब तक मौजूद थे। गगनयान मिशन, जिसमें भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को स्वदेशी यान में अंतरिक्ष में भेजा जाएगा, सिर्फ विज्ञान नहीं बल्कि भारतीय आत्मगौरव की पुनर्प्रतिष्ठा का प्रतीक होगा। इस यात्रा का सबसे रोचक पहलू यह है कि इसमें अब केवल वैज्ञानिक ही नहीं, आम भारतीय युवाओं के लिए भी संभावनाओं के नए द्वार खुल रहे हैं। इसरो, रक्षा अनुसंधान संगठन और निजी क्षेत्र के सहयोग से भारत एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित कर रहा है जहाँ विज्ञान, नवाचार, रोजगार और उद्यमिता एक साथ फल-फूल सकते हैं। सुनीता विलियम्स, कल्पना चावला, और अब भारत की युवा वैज्ञानिक–ये सब उदाहरण हैं उस शक्ति के जो अंतरिक्ष में भी 'सीमित' नहीं है। आज देश की बेटियाँ रोवर बना रही हैं, सॉफ्टवेयर कोड लिख रही हैं, रॉकेट डिजाइन कर रही हैं। भारतीय अंतरिक्ष केंद्रों में महिला वैज्ञानिकों की सक्रिय भागीदारी इस मिथक को तोड़ती है कि विज्ञान केवल पुरुषों का क्षेत्र है। यह केवल लैंगिक समानता की बात नहीं, यह सामाजिक न्याय और राष्ट्र निर्माण की नींव है। जब एक लड़की अंतरिक्ष में जाती है, तो पूरे समाज का सोचने का तरीका बदलता है। देश के नवोदय विद्यालयों, केंद्रीय विद्यालयों, सरकारी स्कूलों, और ग्रामीण अंचलों से आने वाले छात्र-छात्राएं अब स्पेस क्लब्स का हिस्सा हैं। नन्हे वैज्ञानिक अब मोबाइल एप्लिकेशन से रॉकेट लॉन्च की प्रक्रिया को समझ रहे हैं, और निजी स्टार्टअप्स जैसे 'अग्निकुल', 'स्काईरूट', और 'पिक्सेल' अंतरिक्ष आधारित स्टार्टअप संस्कृति को जन्म दे रहे हैं। यह परिवर्तन केवल पढ़ाई या परीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि रोजगार सृजन, नवाचार, और आर्थिक आत्मनिर्भरता की नींव भी है। अंतरिक्ष क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत का सपना अब सिर्फ सपना नहीं, योजनाबद्ध यथार्थ बनता जा रहा है। भारत में 2021 में स्थापित हुए अंतरिक्ष स्टार्टअप की संख्या 30 से बढ़कर 2025 में 190 से अधिक हो चुकी है। इस वृद्धि के पीछे न केवल सरकारी नीतियाँ हैं, बल्कि वह युवा ऊर्जा भी है जो रिस्क लेने को तैयार है। अब भारतीय युवा सिर्फ सरकारी नौकरी की तरफ नहीं देख रहा, वह अब सोचता है कि वह क्यों न खुद एक उपग्रह विकसित करे? क्यों न वह 'लॉन्च सर्विस' उपलब्ध कराए? क्यों न वह अंतरिक्ष कचरे की सफाई पर स्टार्टअप शुरू करे? यह वही 'नया भारत' है, जो न केवल ख्वाब देखता है, बल्कि उन्हें साकार भी करता है। भारत अब अंतरिक्ष विज्ञान में केवल एक अनुसरणकर्ता नहीं, एक पथप्रदर्शक बनता जा रहा है। अफ्रीका, एशिया और दक्षिण अमेरिका के कई देश भारत से सहयोग की उम्मीद कर रहे हैं। भारत द्वारा 'सार्क सैटेलाइट' का निर्माण यह दर्शाता है कि वह विज्ञान को केवल राष्ट्रहित में नहीं, विश्वहित में भी प्रयोग करना चाहता है। भारत की 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना अब पृथ्वी तक सीमित नहीं रही, बल्कि वह ब्रह्मांड तक विस्तार पा रही है। हालांकि यह भी आवश्यक है कि अंतरिक्ष विज्ञान के इस उत्साह को तर्क और जिम्मेदारी के साथ देखा जाए। विज्ञान का उपयोग यदि केवल आत्मप्रशंसा या राजनीतिक प्रचार के लिए हो, तो वह अपने मूल उद्देश्य से भटक सकता है। हमें यह ध्यान रखना होगा कि अंतरिक्ष विज्ञान केवल चंद्रमा पर तिरंगा फहराने का उपक्रम नहीं, बल्कि गाँव-गाँव में शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार और आपदा राहत पहुंचाने का भी माध्यम है। सच्चा राष्ट्रवाद वही है जो विज्ञान को लोकमंगल से जोड़ता है, न कि केवल मीडिया तमाशा बनाता है। भारत की अंतरिक्ष यात्रा केवल रॉकेटों की गिनती नहीं है। यह देश की चेतना, आत्मबल, नवाचार, और युवाशक्ति की उड़ान है। जब कोई बच्चा गाँव की मिट्टी से उठकर अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनने का सपना देखता है

# खतरे में लोकतंत्र-संविधान का बेसुरा राग



भारतीय लोकतंत्र और संविधान प्रारंभ से ही अनेक झंझावातों से गुजरा है। शुरू में गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी, विभाजन, सांप्रदायिक हिंसा, शरणार्थी-पुनर्वास, औपनिवेशिक मानसिकता, पाकिस्तान एवं चीन विवाद आदि से विदेशी विद्वानों को लगता था कि भारत में लोकतंत्र और संविधान ढह जाएगा। भारत की जनता, सरकार और विपक्ष ने उन्हें गलत साबित किया। आज स्थिति विचित्र है। विपक्षी दल सतारूढ़ भाजपा/राजग को अपदस्थ करने हेतु न केवल उस पर आधारहीन आरोप लगाते रहते हैं, वरन देश की संवैधानिक संस्थाओं, प्रक्रियाओं और संविधान को ही लांछित करने का प्रयास करते हैं। यह लोकतंत्र के आत्मा पर प्रहार करने जैसा है। संविधान, संवैधानिक संस्थाएं और संवैधानिक प्रक्रियाएं लोकतंत्र का आत्मा हैं। विपक्षी दल इन पर लगातार आक्रामक हैं। नेता-प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य दलों के नेता संविधान की प्रति लहराकर यह दिखाने की कोशिश करते हैं जैसे संविधान खतरे में है और उन्हें उसे बचाना है। संविधान में संशोधन करने और उसके खतरे में होने में बहुत फर्क है। केशवानंद भारती मामले में सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय है कि सरकार/संसद संविधान में बदलाव या संशोधन तो कर सकती है, लेकिन संविधान के'मूल-ढांचे' में कोई परिवर्तन नहीं कर सकती। जो नेता संविधान की दुहाई देते हैं, वे स्वयं संविधान और कानून की धज्जियां उड़ाते दिखते हैं। इसमें सभी दलों के नेता शामिल हैं। साफ है कि किसी के भी द्वारा संविधान नष्ट या उसके खतरे में होने और लोकतंत्र के लिए संकट खड़े हो जाने की बात करना भ्रम फैलाना और संविधान की अस्मिता पर आक्रमण जैसा है। कांग्रेस ने अपने शासनकाल में कई बार संविधान को केवल बदलने का ही नहीं, वरन नष्ट करने का भी प्रयास किया। 1959 में प्रधानमंत्री नेहरू ने केरल में नंबूदरीपाद की निर्वाचित वामपंथी सरकार को अकारण भंग कर अनुच्छेद 356 का मनमाना इस्तेमाल किया। जून 1975 में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी सरकार बचाने हेतु अनुच्छेद 352 के अंतर्गत 'आंतरिक अशांति' के आधार पर आपातकाल लगाया तथा लोकतंत्र और संविधान को दरकिनार कर हजारों नेताओं एवं बेगुनाह लोगों को 'मीसा' और 'डीआइआर' जैसे कठोर कानूनों के अंतर्गत जेल भेज दिया। इनमें 'अपील, दलील और वकील' का प्रविधान ही न था। अनेक दलों के नेता, जिन्हें कांग्रेस ने आपातकाल में जेलों में ठूंस दिया था, वे भी मोदी विरोध के चलते आज उसी कांग्रेस के साथ खड़े दिखते हैं। आपातकाल में अखबारों पर 'सेंसरशिप' लगा दी गई थी। उसी दौरान कांग्रेस ने 42वें संविधान संशोधन द्वारा संविधान में कुछ बड़े बदलाव किए और ऐसे प्रविधान जोड़े, जिसे संविधान-निर्माताओं ने अस्वीकार कर दिया था। इंदिरा गांधी ने सर्वोच्च न्यायालय तक को नहीं छोड़ा और तीन वरिष्ठ न्यायमूर्तियों की उपेक्षा कर न्यायमूर्ति एएन रे को मुख्य न्यायाधीश बना दिया था। विपक्ष काफी समय से संवैधानिक संस्थाओं और खासकर चुनाव आयोग को निशाना बना रहा है। चूंकि चुनाव ही सत्ता की सीढ़ी है, इसलिए लोकसभा चुनाव में परास्त होने और अनेक राज्यों में अप्रासंगिक होने से चुनाव आयोग पर आरोप तथा लांछन लगाना विपक्ष के लिए काफी आसान हो गया है। कभी वह चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियों और निर्णयों पर अंगुली उठाता है, कभी उसे भाजपा के इशारे पर काम करने वाला बताता है, कभी ईवीएम, मतदाता सूची में अनियमितता, डाटा देने में विलंब, दलीय पक्षपात आदि का मुद्दा उठाकर चुनाव आयोग की छवि नष्ट करने का प्रयास करता है। अनेक राज्यों में बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार आदि के अवैध घुसपैठियों ने फर्जी तरीकों से आधार, पैन, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि दस्तावेज प्राप्त कर कई निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता-सूचियों में अपना नाम अंकित करा लिया है। यह लोकतंत्र और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है, क्योंकि केवल भारतीय नागरिकों को ही मत देने का अधिकार है। चुनाव आयोग ने इस पर अपना रुख सख्त करते हुए सभी राज्यों में 'मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण' का निर्णय लिया है। बिहार में वह ऐसे लोगों की पहचान संबंधी पहल कर चुका है, पर विपक्ष को इस पर आपत्ति है और इसे सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती भी दी। न्यायालय ने आयोग की इस कार्रवाई पर रोक नहीं लगाई। देखना है कि न्यायालय इस पर क्या अंतिम निर्णय लेता है? राहुल गांधी तो विदेश में भी चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करते रहे हैं। गत अप्रैल में उन्होंने अमेरिका की ब्राउन यूनिवर्सिटी में भारतीय चुनाव प्रणाली पर 'गंभीर अनियमितताओं' का आरोप लगाया और विशेष रूप से महाराष्ट्र में मतदाता सूची में अनियमितताओं का जिक्र किया। जब नेता-प्रतिपक्ष ही लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं पर विदेश में ऐसे अनर्गल आरोप लगाएगा, तो न केवल भारतीय लोकतंत्र की वैश्विक छवि खराब होगी, वरन जनता के मन में भी शंका उत्पन्न होगी।

# गरीब देशों की महामारी



**संजीव ठाकुर,**

**स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़,**

**प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग**

भारत जैसे कई विकासशील देशों में ही जहां गरीबी ने अपना परचम फैला रखा है। शहरों में पेट्रोल ,डीजल, केरोसिन से चलने वाली गाड़ियों और वातानुकूलित यंत्रों याने ए.सी की संख्या में बेतहाशा वृद्धि होने से वातावरण में उष्णता बढ़ते जा रही हैद्य इसके अलावा वनों का विनाश एक भयानक समस्या के रूप में देश में फैलता जा रहा हैद्य अंधाधुंध फैक्ट्रियों एवं मशीनों के उपकरणों से निकलने वाले धुंए से वातावरण विषैला बनाकर मनुष्य और जीव जंतुओं का जीना दूभर कर दिया है। वनों की कटाई के साथ-साथ कंक्रीट के जंगल धीरे-धीरे गांव की तरफ बढ़ने लगे हैं, ऐसे में शुद्ध वायु और और तापमान में आश्चर्यजनक बदलाव जिसके परिणाम स्वरूप वर्षा ऋतु के परिवर्तन एवं बारिश में न्यूनता आने से धरती के तापमान में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इसी के चलते देश के कई शहरों में तापमान 48 से 50 सेल्सियस होने के कारण पशु पक्षी एवं मनुष्य की हीट स्ट्रोक से मृत्यु हुई हो जाती है। पानी की कमी तथा शरीर में डिहाइड्रेशन से लोगों की तथा वन्य पशुओं की लगातार मृत्यु हो रही है।

**ग्लोबल वार्मिंग का खतरा**

वैज्ञानिकों के अनुसार पूरे विश्व में बहुत बढ़ गया है और ऐतिहासिक तौर पर पिछले दो से तीन सौ वर्षों की तुलना की जाए तो बीते कुछ वर्षों में धरती का तापमान आश्चर्यजनक रूप से तीव्र गति से बढ़ गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी के पास ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए कुल मिलाकर 10 से 15 वर्ष ही शेष है। वैज्ञानिकों की यह बातें और रहस्योद्घाटन मानवता को डराने वाला जरूर है पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसके उपायों की जो घोर अनदेखी की जा रही है वह अत्यंत चिंतनीय है। मानवता के लिए अत्यंत खतरनाक भी है। ग्लोबल वार्मिंग न सिर्फ मनुष्य के लिए खतरा है बल्कि जीव-जंतुओं समुद्र में पाए जाने वाले जीवो के लिए भी यह अत्यंत विषैला तथा खतरनाक हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों के शोध के अनुसार जीवाश्म ईंधन के दशक ने एवं जलने से ग्लोबल वार्मिंग का तापमान तेजी से बढ़ा है एवं पूरी पृथ्वी जीवाश्म ईंधन के जलने से तेजी से धड़क रही है। वैज्ञानिकों की चेतावनी तथा दिए गए प्रमाण के बाद भी अनेक देश जो कार्बन उत्सर्जन के बड़े जिम्मेदार हैं, जीवाश्म ईंधन की इस्तेमाल को कम करने या खत्म करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। जीवाश्म ईंधन की खपत खत्म होने की बात तो दूर है कम करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं, और तो और इसके आसार भी निकट भविष्य में भारत को छोड़कर अन्य यूरोपीय देशों जिसमें अमेरिका ब्रिटेन के अलावा 32 देशों ने जो कार्बन उत्सर्जन एवं जीवाश्म ईंधन के उपयोग के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार हैं, सम्मेलन कर इस पर चिंता जरूर जताई है पर इसमें स्पष्ट तौर पर अमेरिका, ब्रिटेन ,जापान चीन ,रूस की दादागिरी दिखाई देती है,यह छोटे गरीब देशों पर सारी जिम्मेदारी लादने का काम कर रहे हैं ।विश्व के कुल देशों में से लगभग 50 देश ऐसे हैं जो जीवाश्म ईंधन का उपयोग कर पृथ्वी को धधकाने के कार्य का 60% तक हिस्सेदारी रखते हैं। लेकिन इन देशों को ग्लोबल वार्मिंग की चिंता की बजाए विकासशील देश एवं गरीब देशों पर पर्यावरण सुरक्षा के नाम पर ग्लोबल वार्मिंग के नाम पर दोषारोपण कर के अपनी इतिश्री कर लेते हैं। ग्लोबल वार्मिंग तथा पर्यावरण चिंतन जितने भी सम्मेलन हुए हैं इसमें बड़े देशों की नीति एवं दादागिरी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। चीन जो सबसे बड़ा कार्बन का उत्सर्जक देश है उसने पर्यावरण पर हुए सम्मेलनों में हिस्सेदारी तो दूर उसकी तरफ ध्यान देना भी उचित नहीं समझा। इंटरनेशनल पॉल्यूशन कंट्रोल कमिटी ने चेतावनी दी है कि धरती के तापमान की वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक रोकने के लिए कार्बन उत्सर्जन में 43% से 50% तक कटौती करनी होगी। 2010 से लेकर 2021 तक दुनिया का औसत वार्षिक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन मानव इतिहास में सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है जो सर्वाधिक खतरे के निशान से भी ऊपर है। फलस्वरूप जलवायु परिवर्तन के वजह से होने वाली ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए हमें अपने उत्सर्जन को लगभग शून्य पर लाना होगा, और इस कार्य के लिए पूरी दुनिया को ऊर्जा क्षेत्र में बड़े और कार्यकारी बदलाव लाने होंगे, इसके अलावा जीवाश्म ईंधन के उपभोग में भारी कमी भी लानी पड़ेगी। विगत 3 वर्षों में अक्षय ऊर्जा स्रोतों में जैसे सौर एवं पवन ऊर्जा साथी स्टोरेज बैटरी की लागत में आश्चर्यजनक गिरावट आई है जो लगभग गैस तथा कोयले की कीमत के बराबर हो गए हैं। कार्बन उत्सर्जन अभी 54% अधिक है। वास्तविक रूप से देखा जाए तो दुनिया के सब अमीर देश अकेले विश्व के कुल गैस उत्सर्जन के लिए बड़े जिम्मेदार पाए गए हैं। वैज्ञानिकों ने कहा है कि अगले आठ दस सालों में अपने गैस उत्सर्जन में कटौती को आधा यानी 50% से कम नहीं करती है तो वर्ष 2050 तक उसे शून्य स्तर पर लाना होगा, अगर ऐसा नहीं किया तो पृथ्वी को तबाह होने से कोई नहीं रोक सकता है। भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो भारत मोटे तौर पर ग्रीन हाउस गैसों के कुल वैश्विक उत्सर्जन में सहित 6.8 प्रतिशत का हिस्सेदार है। 1990 से लेकर 1920 तक भारत के ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में एक में 175% की बढ़ोतरी हुई है। 2013 से 2021 के बीच देश के प्रति व्यक्ति उत्सर्जन की मात्रा 17 फ़ीसदी बढ़ी है, राहत की बात यह है कि अब भी भारत का उत्सर्जन स्तर जी-20 देशों के औसत स्तर से बहुत नीचे है। देश में अक्षय ऊर्जा की हिस्सेदारी 11% की है, भारत की कुल ऊर्जा आपूर्ति में जीवाश्म ईंधन आधारित प्लांट का योगदान 74% है। यदि कार्बन उत्सर्जन को रोका नहीं गया और जीवाश्म ईंधन के उपयोग की रफ्तार यही रही तो भारत सहित विश्व के अधिकांश देश अपनी धरती को बचाने में सक्षम नहीं होंगे।



# बॉर्डर 2 की शूटिंग को लेकर उत्साहित दिखे सुनील शेट्टी के बेटे अहान

सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी अपकमिंग फिल्म बॉर्डर 2 में नजर आने वाले हैं। अभी इस फिल्म की शूटिंग हो रही है। ऐसे में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम के जरिए बताया है कि पुणे में इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। अहान शेट्टी वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ के साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं।

## अहान ने पुणे में पूरी की शूटिंग

शुक्रवार को अहान शेट्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर बताया है कि उन्होंने पुणे में अपनी शूटिंग कंप्लीट कर ली है। अहान ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। इसके कैप्शन में लिखा है और क्या है यह बॉर्डर? बस एक फौजी और उसके भाई हैं। पुणे में यह कार्यक्रम समाप्त हुआ अब अगले कार्यक्रम पर चलते हैं।

## वरुण धवन ने अहान के साथ चाय पी

इससे एक दिन पहले वरुण धवन ने भी बताया था कि पुणे में उन्होंने एनडीए की शूटिंग पूरी कर ली है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह अहान शेट्टी के साथ चाय और बिस्कुट खा रहे थे। वीडियो क्लिप शेयर करते हुए वरुण धवन ने लिखा बॉर्डर 2 चाय और बिस्कुट। एनडीए में शूटिंग पूरी हो गई है। हमने बिस्कुट के साथ सेलेब्रेट किया है।

पिता की तरह बनना चाहते हैं अहान

कुछ दिनों पहले अहान शेट्टी ने बॉर्डर 2 से जुड़ने के अपने सफर के बारे में बताया। उन्होंने कहा वह अपने पिता की तरह बनना चाहते थे जो बॉर्डर (1997) में नजर आए थे। उन्होंने अपने पिता और अपनी तस्वीर पोस्ट करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा हर बेटा कहीं न कहीं अपने बाप जैसा बनना चाहता है। बॉर्डर 2 – 23 जनवरी 2026।

## फिल्म के बारे में

आपको बता दें कि बॉर्डर 2 का निर्देशन अनुराग सिंह कर रहे हैं। फिल्म में भारतीय सेना की कहानी दिखाई जाएगी। फिल्म के निर्माता भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता हैं। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को रिलीज होगी।



# शिल्पा शेट्टी का मॉलीवुड में काम ना करने की वजह का खुलासा

बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी को कन्नड़ मूवी केडी- द डेविल में देखा जाएगा। उन्होंने खुलासा किया कि मलयालम सिनेमा की फैन होने के बावजूद उन्होंने कभी इसमें काम क्यों नहीं किया! उन्होंने केडी.. के टीजर लॉन्च के मौके पर अपनी हिचकिचाहट के बारे में खुलासा किया। शिल्पा शेट्टी ने तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और हिंदी फिल्मों में काम किया है। उन्होंने खुलासा किया कि मलयालम फिल्म इंडस्ट्री से प्रोड्यूसर्स के कई ऑफर्स भी मिले। शिल्पा ने कहा, मैंने कभी उन्हें हां नहीं कहा, क्योंकि मैं डरी हुई थी।

## मलयालम सिनेमा से है प्यार

शिल्पा ने बताया कि मलयालम सिनेमा के लिए उनके दिल में बहुत प्यार है। उन्होंने कहा, मुझे मलयालम सिनेमा बहुत पसंद है और मैं इस बात से हैरान हूं कि ये इंडस्ट्री भावनाओं को कैसे पेश करती है। उन्होंने ये भी बताया कि मलयालम फिल्मों में कहानी और एक्टिंग एक अलग ही लेवल पर होते हैं। उन्होंने आगे कहा, मुझे कभी यकीन नहीं हुआ कि अगर मैं इस इंडस्ट्री में काम करूंगी तो अपने किरदार के साथ न्याय कर पाऊंगी। लेकिन देखते हैं, शायद मैं एक दिन कोई मलयालम फिल्म करूंगी।

## मोहनलाल संग करना चाहती हैं काम

जब शिल्पा से पूछा गया कि क्या मलयालम इंडस्ट्री में कोई एक्टर है, जिसके साथ वो काम करना चाहेंगी तो उन्होंने मोहनलाल का नाम लिया। उन्होंने कहा, वो शानदार हैं। इतने साल बाद भी वैसे ही दिखते हैं। वो इंडियन सिनेमा के सबसे अमेजिंग एक्टर्स में से एक हैं। उन्होंने ये भी बताया कि उनकी पसंदीदा फिल्म नोक्केथाधूराथु कन्नुम नट्टु है।

## फिल्म की कास्ट

केडी – द डेविल की बात करें तो इसका निर्देशन प्रेम कर रहे हैं। ध्रुव सरजा की एक्शन से भरपूर इस फिल्म में संजय दत्त, रेशमा नानैया, वी रविचंद्रन और रमेश अरविंद भी हैं।



# ऋषभ शेट्टी के साथ सम्राट कृष्णदेवराय पर फिल्म बनाएंगे आशुतोष गोवारिकर

**फिल्म कांतारा से दर्शकों के बीच पहचान बनाने वाले ऋषभ शेट्टी ने एक रोमांचक फिल्म साइन की है। खबरों के अनुसार वे बॉलीवुड के दिग्गज निर्माता-निर्देशक आशुतोष गोवारिकर के साथ काम करेंगे। यह फिल्म व्यापक स्तर पर बनाई जाएगी।**

रिपोर्ट के मुताबिक आशुतोष गोवारिकर और ऋषभ शेट्टी विजयनगर सम्राट कृष्णदेवराय पर फिल्म बनाएंगे। इस फिल्म के जरिए सम्राट कृष्णदेवराय के जीवन की झलक को परदे पर दिखाएंगे। यह फिल्म पैन इंडिया स्तर पर रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्माण एनटीआर बायोपिक, जयललिता बायोपिक और कपिल देव बायोपिक बनाने वाले प्रसिद्ध टॉलीवुड निर्माता विष्णु वर्धन इंदुरी करेंगे।

## साउथ और बॉलीवुड के सितारे बनेंगे फिल्म का हिस्सा

आशुतोष गोवारिकर को लगान, स्वदेश और जोधा अकबर जैसी क्लासिक फिल्मों के लिए जाना जाता है। इसके अलावा उन्होंने मोहनजोदड़ो और पानीपत जैसी ऐतिहासिक फिल्में बनाने के लिए भी जाना जाता है। वह श्री कृष्णदेवराय की बायोपिक को बड़े पैमाने पर बनाने के लिए उत्साहित हैं। इस फिल्म में कई दक्षिण भारतीय और बॉलीवुड सितारे अहम किरदार अदा करते दिखेंगे।

## इन फिल्मों में नजर आएंगे ऋषभ शेट्टी




इस फिल्म को लेकर अभी और अपडेट सामने आना बाकी है। बात करें ऋषभ शेट्टी की तो वे फिल्म कांतारा 2 की तैयारियों में व्यस्त हैं। फिल्म कांतारा साल 2022 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई और बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। इस फिल्म का निर्देशन भी खुद ऋषभ शेट्टी ने किया। इसके अलावा ऋषभ फिल्म जय हनुमान में भी नजर आएंगे। फिल्म जय हनुमान का निर्देशन प्रशांत वर्मा कर रहे हैं।

# मैंने धुरंधर जैसी फिल्म पहले कभी नहीं देखी



अभिनेता अर्जुन रामपाल अपनी आने वाली फिल्म धुरंधर को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने फिल्म के फर्स्ट लुक को मिल रही प्रतिक्रिया पर खुशी जाहिर की और कहा कि यह फिल्म उनकी अब तक की किसी भी फिल्म से बिल्कुल अलग है। अभिनेता ने कहा कि ऐसी फिल्म उन्होंने पहले कभी नहीं देखी। अर्जुन ने कहा, फिल्म को बनाने से पहले मेकर्स ने काफी रिसर्च किया है। इसे बेहद अलग अंदाज में बनाया गया है। फिल्म की पूरी टीम ने अपने-अपने काम में पूरी मेहनत की है। फिल्म के फर्स्ट लुक को मिल रही प्रतिक्रिया को देखने के बाद मैंने निर्देशक आदित्य धर को गले लगा लिया। फिल्म में अर्जुन के अलावा रणवीर सिंह, आर माधवन, संजय दत्त और अक्षय खन्ना भी अहम किरदार में हैं। अर्जुन ने इस फिल्म में एक ग्रे किरदार निभाया है। ग्रे किरदार उन्हें कहते हैं जो पूरी तरह से अच्छे या बुरे नहीं होते। उनमें दोनों तरह के गुण शामिल होते हैं। अर्जुन ने कहा, फिल्म में मेरे किरदार में थोड़ा गुस्सा और सही-गलत का मिलाजुला भाव होगा, जो दर्शकों के लिए बिलकुल नया और अनोखा होगा। धुरंधर फिल्म को आदित्य धर ने न सिर्फ निर्देशित किया है, बल्कि इसकी कहानी को लिखा भी है। यही नहीं, ज्योति देशपांडे और लोकेश धर के साथ मिलकर प्रोड्यूस भी किया है।

# बींदणी में मेरा किरदार बाहर से सख्त और अंदर से नर्म दिल वाला है



आगामी टीवी शो प्रथाओं की ओढ़े चुनरी – बींदणी में एक्टर आकाश जग्गा शामिल हो गए हैं। इसकी घोषणा शो के मेकर्स ने की। वह सीरियल में लीड किरदार निभाते नजर आएंगे। वह कुंदन नाम के लड़के का किरदार निभाएंगे, जो अंदर से बहुत भावुक है, लेकिन बाहर से सख्त दिखाई देता है। प्रथाओं की ओढ़े चुनरी - बींदणी एक महिला के अपने अस्तित्व को खोजने और साहस के साथ संघर्ष करने की कहानी है। शो का हिस्सा बनने पर खुशी जाहिर करते हुए आकाश जग्गा ने कहा, मैं बहुत आभारी हूं कि मुझे सन नियो चैनल के शो प्रथाओं की ओढ़े चुनरी- बींदणी में लीड रोल मिला है। कुंदन का किरदार बहुत ही गहराई वाला है, उसमें कई भावनात्मक परतें हैं। मुझे यकीन है कि जिस तरह मैं इस किरदार से जुड़ाव महसूस करता हूं, उसी तरह दर्शक भी इससे जुड़ेंगे। उन्होंने आगे कहा, जब लेखक और प्रोड्यूसर रघुवीर शेखावत सर ने मुझसे कहा, तुम्हें इस रोल को निभाने में मजा आएगा, इसमें बहुत कुछ करने को है, उनकी ये बात मेरे दिल को छू गई।

# यादगार नहीं रहा शनाया का डेब्यू, बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी 'आंखों की गुस्ताखियां'

स्टारकिड शनाया कपूर का बॉलीवुड डेब्यू वैसा नहीं रहा, जिसकी उम्मीद की जा रही थी। उनकी डेब्यू फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' शुरुआती तीन दिनों में ही बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी है। बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 30 लाख रुपये से अपना खाता खोलने वाली 'आंखों की गुस्ताखियां' बॉक्स ऑफिस पर दम तोड़ती दिख रही है। फिल्म को वीकेंड का भी कोई लाभ नहीं मिला और शनिवार को जहां फिल्म ने सिर्फ 49 लाख रुपए का कलेक्शन किया। वहीं संडे को छुट्टी वाले दिन फिल्म की कमाई एक बार फिर घट गई। रविवार को अपने तीसरे दिन फिल्म सिर्फ 41 लाख ही जुटा पाई। इस तरह से शुरुआती तीन दिनों में 'आंखों की गुस्ताखियां' का कुल कलेक्शन सिर्फ 1.2 करोड़ रुपये ही हो पाया है। 'आंखों की गुस्ताखियां' का मुकाबला बॉक्स ऑफिस पर राजकुमार राव की 'मालिक' और हॉलीवुड फिल्म 'सुपरमैन' से है। 'आंखों की गुस्ताखियां' की हालत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक भी दिन करोड़ में कमाई नहीं कर पाई है।





# जहराक बनकर स्क्रीन पर तबाही मचाएंगे करण वीर मेहरा

बॉलीवुड में जब भी किसी खतरनाक विलेन की बात होती है तो दर्शक कुछ डरावना देखने की उम्मीद करते हैं। बस इसी को ध्यान में रखते हुए करण वीर मेहरा अपनी नई फिल्म में विलेन की भूमिका को निभाने के लिए तैयार हैं। जी हां, उनकी आने वाली फिल्म 'सिला' में उनके खलनायक अवतार 'जहराक' की पहली झलक सामने आई है, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है।

## सिला में विलेन की भूमिका

निर्देशक ओमंग कुमार, जो 'मैरी कॉम' और 'सरबजीत' जैसी सशक्त फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, अब 'सिला' नाम की एक रोमांटिक-एक्शन फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में लीड रोल में हर्षवर्धन राणे और सादिया खतीब दिखाई देंगे, लेकिन जो सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोर रहा है, वो है करण वीर मेहरा का खतरनाक और आक्रामक विलेन लुक। करणरी ने अपने इस लुक को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है जो अब फैंस को काफी पसंद आ रहा है। साथ ही ये ऐसा लुक है जिससे करणवीर बिल्कुल भी पहचान में ही नहीं आ रहे हैं।

जब इंसाफ भी खुद और सजा भी!

करण वीर ने सोशल मीडिया पर अपना लुक शेयर करते हुए लिखा – खुद ही खुदा, खुद ही इंसाफ! करणवीर की इस एक लाइन ने फैंस को उनके किरदार की गहराई और भयावहता का अंदाजा दे दिया है। पोस्टर में करण वीर लहूलुहान शरीर, लंबे उलझे बालों और हाथ में तलवार लिए युद्ध के लिए तैयार दिख रहे हैं। उनकी आंखों की आग और शरीर पर खून के धब्बों ने उन्हें एक क्रूर योद्धा के रूप में दिखाया है।

कहानी में ट्विस्ट लाने आ रहा है जहराक

करण वीर का किरदार 'जहराक' फिल्म में काफी 'खतरनाक', इंटेंस' और 'डरावना' बताया जा रहा है। उनके लुक पर कई फैंस ने भी कमेंट किया है। उनके फैंस को लुक पसंद आया है। कई लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उन्हें फिल्म के आने का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म की कहानी समीर जोशी ने लिखी है, जबकि डायलॉग्स आरंभ एम. सिंह ने तैयार किए हैं। संगीत की जिम्मेदारी अंकित तिवारी, सचेत-परंपरा, श्रेयस पुराणिक और एलेक्सिया एवलिन जैसे प्रतिभाशाली संगीतकारों के पास है। ये टीम पहले ही कई हिट गाने दे चुकी है, जिससे उम्मीदें और भी बढ़ गई हैं।

# तीन चीजों पर काम कर रही हैं करिश्मा तन्ना

करिश्मा तन्ना ने सोशल मीडिया पर अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने लिखा है वह तीन चीजों पर काम कर रही है। अपने ऊपर, अपनी जिंदगी पर और अपने सुकून पर। करिश्मा तन्ना की तस्वीरों को कई यूजर्स लाइक कर रहे हैं और इस पर कमेंट कर रहे हैं।

एक यूजर ने लिखा है आपकी खूबसूरती का तोड़ नहीं। एक और यूजर ने लिखा है खूबसूरती की असली परिभाषा। करिश्मा तन्ना ने साल 2001 में टीवी सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी से अभिनय करियर की शुरुआत की। वह साल 2021 में बॉलीवुड फिल्म लाहौर कॉन्फिडेंशियल में नजर आई थीं। वह बाल वीर, एफआईआर और नागिन 3 जैसे टीवी शोज में नजर आ चुकी हैं।



## कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत का दो दिवसीय सुमेरपुर दौरा आज से

### जनसुनवाई करेंगे, ब्रह्मलीन संत केवलानंद की पुण्यतिथि कार्यक्रम में होंगे शामिल

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर/जयपुर** पशुपालन, डेयरी, गोपालन एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत का आज 19 जुलाई को दिनभर का व्यस्त कार्यक्रम रहेगा। सुबह 11.00 बजे वे पंचायत समिति सभागार, सुमेरपुर में जनसुनवाई करेंगे, जिसमें आमजन की समस्याएं सुनकर समाधान के निर्देश देंगे। मंत्री जोराराम द्वारा स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। दोपहर 4 बजे वे सुमेरपुर से सोजत के लिए रवाना होंगे और शाम 5.00 बजे श्री श्री 1008 स्वामी केवलानंद जी महाराज की पुण्यतिथि एवं मूर्ति अनावरण समारोह में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम संत केवलानंद जी महाराज की स्मृति में आयोजित किया गया है,जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रहेगी। इसके उपरांत मंत्री शाम 6.30 बजे सोजत से पुनः सुमेरपुर लौटेंगे और 7.30 बजे पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे।

## रक्तदान शिविर को लेकर की प्रेस कान्फ्रेंस

### कैलाश चंद शर्मा (बसवाला) दुर्गापुरा के जन्मदिवस पर होगा कार्यक्रम



जयपुर टाइम्स

**बस्सी.(निस)** अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं कृष्ण गोपाल गौशाला मोहनपुरा (वाटिका) जयपुर के अध्यक्ष कैलाश चन्द शर्मा बसवाला दुर्गापुरा के जन्मदिवस के उपलक्ष में रविवार 20 जुलाई को विशाल रक्तदान शिविर, वरिष्ठजन सम्मान समारोह आंखों की जांच व ऑपरेशन तथा सम्पूर्ण हेल्थ चेकअप शिविर के आयोजन को लेकर शुक्रवार को श्री सिद्धपीठ बैनाडा धाम बस्सी में समाज की धर्मशाला में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पत्रकारों से बातचीत के दौरान कैलाश चंद शर्मा बसवाला दुर्गापुरा ने बताया कि कार्यक्रम में लोगों की आँखो की जाँच व ऑपरेशन ,सम्पूर्ण हैल्थ चैक-अप भी किया जायेगा। रक्तदान शिविर के आयोजन को लेकर सर्व समाज के युवाओं द्वारा प्रचार-प्रसार जोरों-शोरों से किया जा रहा है।युवा रक्तदाताओं से रक्तदान करने की अपील की है।उन्होंने लोगों से अपील की कि निश्चित रूप से रक्तदान करें तथा लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या मे रक्तदान करने के लिए जमवारामगढ़,आमेर, थानागाजी, बस्सी, सांगानेर ,जयपुर, चौमूं,दौसा ,लालसोट , अलवर सहित अन्य क्षेत्रों में सर्व समाज के युवाओं द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है । कार्यक्रम को लेकर सम्पूर्ण व्यवस्था समिति द्वारा कर ली गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कैलाश शर्मा दुर्गापुरा, रामेश्वर चाकसू, जगदीश सरपंच रायपुर, रामवतार गढ़, गणेश सुदर्शनपुरा, मदन रामजीपुरा, नाथू चाकसू, नवीन शर्मा, राजेंद्र शर्मा, रामस्वरूप, रामफूल शर्मा, विकाश पालावाला, रोहित शर्मा खेड़ी, सियाराम फौजी, विक्रम शर्मा खेड़ी सहित अन्य समाज बंधु मौजूद रहे।

## रामनगर में जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त, विकास समिति ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**श्रीगंगानगर(निस),** रामनगर क्षेत्र में जलनिकासी की बदहाल व्यवस्था से नाराज नागरिकों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। रामनगर विकास समिति के अध्यक्ष कृष्ण बुडानिया ने ज्ञापन में कहा कि लगातार हो रही बारिश के चलते वार्ड 4, 5, 6, 7, 13, 15 और 16 समेत ईदगाह वाला खड्डा, वाल्मीकि मोहल्ला जैसे इलाकों में जलभराव की स्थिति गंभीर हो गई है। ज्ञापन में बताया गया कि 18 इंची पाइपलाइन केवल 6 जैड ए कचरा प्वाइंट तक ही जाती है, जिसके आगे किसानों ने निजी तौर पर 10 इंची पाइप डाली हुई है। भारी बारिश में यह पाइपलाइन दबाव नहीं झेल पाती और फट जाती है, जिससे क्षेत्र में पानी भर जाता है। समिति ने मांग की है कि 6 जैड से 8 जैड के बीच 16 या 18 इंची की सरकारी पाइपलाइन डाली जाए, ताकि स्थायी समाधान हो सके। बुडानिया ने कहा कि पिछले छह दिनों से क्षेत्र के लोग जलभराव के कारण नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। घरों में पानी भर गया है, सड़कों पर आवागमन ठप है, और लोगों को पीने के पानी व भोजन तक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। ताराचंद वाटिका रोड, काली माता मंदिर क्षेत्र और माइक्रोवेव टावर के पीछे के इलाकों में स्थिति और भी दयनीय है। इस पर कलेक्टर ने नगर परिषद आयुक्त रविंद्र यादव को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। आयुक्त ने बताया कि अतिरिक्त मोटरें व पंखे लगाकर जल निकासी की जा रही है। बीती रात 2.30 बजे निजी खेतों की पाइपलाइन फटने की घटना भी सामने आई, जिसे पार्षद जगदीश घोड़ेला की निगरानी में तुरंत दुरुस्त कर लिया गया। रामनगर विकास समिति और स्थानीय पार्षद लगातार समाधान के प्रयास में जुटे हैं।

# सम्पर्क पोर्टल के परिवादों को गंभीरता से लेते हुये गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें- गोस्वामी

### जिला स्तरीय जनसुनवाई में आये 80 से अधिक प्रकरण, जिला कलक्टर ने दिये त्वरित निस्तारण के निर्देश

### जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं का हो रहा त्वरित निस्तारण



जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली (निस)**आमजन की परिवेदनाओं और समस्याओं के त्वरित निस्तारण को सुनिश्चित कर उन्हें राहत प्रदान करने के उद्देश्य से त्रि-स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट के वीसी कक्ष में जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में 80 से अधिक प्रकरण प्राप्त हुये। जिला कलक्टर ने विभागवार लंबित परीवादों की समीक्षा करते हुये मौके पर ही अधिकारियों से रिपोर्ट लेकर कहा कि सम्पर्क पोर्टल, जनसुनवाई एवं जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रकरणों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय सीमा के भीतर किया जायें, ताकि आमजन को राहत मिल सकें। उन्होंने कहा कि 10 दिन के भीतर प्रकरण का निस्तारण कर पोर्टल पर अपडेट करें और परिवादी को वास्तविक राहत पहुंचाने का कार्य करें। अधिकारी राज्य सरकार की मंशानुरूप इस कार्य को प्राथमिकता से लेंवे, कोताही बिल्कुल बर्दाशत नहीं की जायेगी। उन्होंने अधिकारियों से आमजन के प्रकरणों को संवेदनशीलता के साथ सुनने और आपसी समन्वय से आमजन के हितार्थ कार्य करने एवं अपने अधीनस्थ कार्यालय के कार्यों की मॉनिटरिंग करें व निचले स्तर तक निर्देशों की पालना सुनिश्चित करवायें। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में अपने अधीनस्थों के माध्यम से मौके पर ही परिवादियों की समस्या को सुनकर तुरंत समाधान के प्रयास करें। इस दौरान जिले के समस्त उपखंड अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने पेंशन, अतिक्रमण, रास्ता, सड़क, सफाई, विद्युत, पेयजल, सीमाज्ञान, पत्थरगढ़ी, भूमि विवाद, पुलिस, भुगतान सहित अन्य प्राप्त प्रकरणों को धैर्यपूर्वक सुनकर नियमानुसार निस्तारण के निर्देश दिये। जनसुनवाई में एडीएम ओमप्रकाश सहारण, एसडीएम बृजेश चौधरी, एएसपी वैभव शर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान पावटा निवासी 21 वर्षीय दिव्यांग सुनीता सरकारी योजनाओं में लाभ प्राप्त करने का प्रकरण लेकर जनसुनवाई में पहुंची। इस पर जिला कलक्टर ने संवेदनशीलता दिखाते हुये मौके पर ही सीएमएचओ, रसद, डीटीओ एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को प्रार्थी की जानकारी लेकर पात्रता अनुसार तुरम्त प्रभाव से सभी सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिये, उन्होंने कहा कि प्रार्थी को हरसम्भव सहायता प्रदान की जायें।

## बिजली विभाग की मनमानीः रखरखाव के नाम पर लाखों करोड़ों रुपये खर्च

### रखरखाव के नाम पर खानापूर्ति रोज बिजली कटौती,फिर भी पेड़ों और झाड़ियों से अटे पड़े तार

### रखरखाव के नाम पर रोज बिजली कटौती, फिर भी पेड़ों और झाड़ियों से अटे पड़े तार



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** विद्युत निगम की मनमानी सामने आ रही है। रखरखाव के नाम पर लाखों करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद महज खानापूर्ति की जा रही है। बिजली विभाग की लापरवाही से आए दिन बिजली तंत्र में सुधार और रखरखाव के नाम पर घंटों तक अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है। गर्मी हो या बरसात में रात और दिन शटडाउन लेकर बिजली लाइनों के रखरखाव व तारों पर झूलते पेड़ों की टहनियां हटाने का दावा किया जाता है, लेकिन मौके पर स्थिति इसके उलट है। जयपुर टाइम्स की टीम ने इसको लेकर शहर के अलग-अलग इलाकों में जाकर पड़ताल की तो बीते कई वर्षों से लाइनों के रखरखाव के नाम पर नाममात्र का काम होता दिखा। ऐसा ही मामला सुमेरपुर उपखंड क्षेत्र के कानपुरा में देखने को मिला जहां एलटी झाड़ियां की चपेट में लिप्त हैं।

आलम ये है कि शहर के आसपास के क्षेत्रों में बिजली लाइनों की देखरेख तक समय पर नहीं हो पा रही है। कुछ ऐसा ही हालात शहर से लेकर गांवो में भी हैं। जहां परेशानी है, वहां ठीक कराएंगे अभी काम चल रहा है। यदि किसी जगह पर कोई परेशानी है तो उसको ठीक करवाएंगे, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से यही जवाब मिलता है।

### झाड़ियों से अटी पड़ी लाइन

कानपुरा से पालड़ी जोड़ जाने वाली मुख्य सड़क के ऊपर से गुजर रही बिजली विभाग की एलटी लाइन झाड़ियों में उलझी है। सड़क के किनारे उगी कांटेदार झाड़ियां आधी सड़क तक फैल चुकी है। झाड़ियों में बिजली के तार लिपटे हुए हैं। बिजली लाइनें पेड़ में होकर निकल रही है। इनकी वजह से कई बार लाइटें गुल हो जाती है। इसके बाद भी हालात नहीं सुधरें। विद्युत निगम के अधिकारियों के वादों की पोल खुल रही है। सड़क से गुजर रही बिजली लाइन पूरी तरह से ढक गया है, जबकि यहां से आए दिन अधिकारी निकलते रहते हैं फिर भी कोई इसकी सुध नहीं ले रहा है।

## राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय साहूनगर को मिलेगा एक लाख रुपए का फर्नीचर सहयोग

### रणथंभोर हेरिटेज सोसाइटी ने दी 40 हजार की आर्थिक मदद, सरकार देगी 60 हजार का अतिरिक्त अनुदान



जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निस)** मुख्यमंत्री जन सहभागिता विद्यालय विकास योजना के अंतर्गत राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय, साहूनगर को विद्यार्थियों के लिए आवश्यक फर्नीचर की खरीद हेतु कुल 1 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्राप्त होगी। रणथंभोर हेरिटेज सोसाइटी द्वारा शुक्रवार को विद्यालय को 40 हजार रुपए की राशि का चैक भेंट किया गया। यह चैक हेरिटेज सोसाइटी के सचिव कैलाश चंद जैन द्वारा विद्यालय की प्रधानाचार्य ओम प्रभा को सौंपा गया। इस अवसर पर समग्र शिक्षा के एडीपीसी दिनेश कुमार गुप्ता एवं कार्यक्रम अधिकारी हेमराज मीना भी मौजूद रहे। हेरिटेज सोसाइटी के उपाध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह एवं कोषाध्यक्ष कैलाश खंडेलवाल ने बताया कि यह सहायता राशि विद्यालय के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा बोर्ड परीक्षाओं में किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए प्रदान की गई है। एडीपीसी दिनेश कुमार गुप्ता ने संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग शिक्षा क्षेत्र में जनसहभागिता का बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि राशि का सदुपयोग करते हुए विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। कार्यक्रम अधिकारी हेमराज मीना ने बताया कि यह 40 हजार की राशि योजना में जमा की जाएगी, जिसके बदले में राज्य सरकार 60 प्रतिशत अंशदान के रूप में अतिरिक्त 60 हजार रुपए प्रदान करेगी। इस प्रकार कुल 1 लाख रुपए की राशि से विद्यालय में आवश्यक फर्नीचर की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान विद्यालय स्टाफ से मीना शर्मा भी उपस्थित रहीं।

## 60 वर्षों बाद संवर उठा भाभा छात्रावास, छात्रों की दो दशक पुरानी मांग हुई पूरी

जयपुर टाइम्स



**जोबनेर,(निस)** श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के ऐतिहासिक भाभा छात्रावास का नवीनीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद शुक्रवार को इसका लोकार्पण कुलपति डॉ. बलराज सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्रावास परिसर में उल्लासपूर्ण माहौल देखने को मिला। लंबे समय से जर्जर अवस्था में रहे इस भवन के पुनरुद्धार से विद्यार्थियों की दो दशक पुरानी मांग आखिरकार पूरी हो गई। यह नवीनीकरण कार्य कुलपति डॉ. बलराज सिंह की दूरदर्शी सोच और राज्य सरकार द्वारा प्रदान की गई विशेष वित्तीय सहायता से संभव हो सका। अब यह छात्रावास आधुनिक सुविधाओं से युक्त हो गया है, जहां विद्यार्थियों को शांतिपूर्ण वातावरण में पढ़ाई और निवास की उत्तम व्यवस्था मिलेगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता एवं संकाय अध्यक्ष डॉ. एम.आर. चौधरी, निदेशक प्रसार डॉ. एस.आर. ढाका, भू संपत्ति अधिकारी डॉ. नवीन कुमार सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं स्टाफ उपस्थित रहे। कुलपति डॉ. बलराज सिंह ने अपने संबोधन में कहा, "छात्रों को श्रेष्ठ शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। भाभा छात्रावास का यह पुनरुद्धार केवल भवन के नवीनीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह छात्रों के आत्मविश्वास, प्रेरणा और भविष्य की नींव को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।" छात्रों ने नए स्वरूप में मिले छात्रावास पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब वे व्यवधान रहित वातावरण में अध्ययन कर सकेंगे, जिससे उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता में निश्चित रूप से सुधार होगा। छात्रों ने राज्य सरकार और कुलपति डॉ. बलराज सिंह के प्रति आभार जताते हुए इसे अपने भविष्य का आधार बताया।

## *25 वां शिव कांवड़ सेवा शिविर, शिव भक्त कांवड़ियों का माला पहनाकर किया स्वागत*

**कोटपूतली(निस)** दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सरोज मार्केट के पास शिव भक्त कांवड़ियों के लिये 25 वें षिव कांवड़ सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं। षिव भक्त रामावतार सैनी एवं फल-सब्जी मंडी अध्यक्ष रमेश सैनी भगतजी द्वारा आयोजित शिविर में कावड़ियों के लिये रात्रि विश्राम, भोजन, नाश्ते, ज्यूस, चाय-पानी समेत अन्य सभी व्यवस्थायें की गई है। शिविर के दूसरे दिन शुक्रवार को पूर्व चैयरमैन एड. महेन्द्र कुमार सैनी, पूर्व पार्षद राजेंद्र सैनी, पूर्व छत्रसंघ अध्यक्ष कमल सैनी, नगर मंडल अध्यक्ष अरुण सैनी, युवा मोर्चा जिला संयोजक एड. कमल कसाना द्वारा शिविर में आये शिव भक्त कावड़ियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। श्रावण मास की पवित्र बेला में जब पूरा वातावरण हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता है, तब सेवा, श्रद्धा और आस्था की त्रिवेणी बनकर शिव भक्तों की भावनाओं को साकार किया जा रहा हैं। 25 वर्षों की यह यात्रा केवल सेवा की नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने, नई पीढ़ी को संस्कार देने और भक्ति के साथ कर्मयोग को जोड़ने की मिसाल बन चुकी है। शिविर में भव्य पांडाल, जल एवं भोजन की व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवायें, विश्राम स्थल, मेडिकल सहायता आदि हर सुविधा शिव भक्तों के लिये सुलभ कराई गई है। यह आयोजन ना केवल श्रद्धालुओं को सहूलियत देने का माध्यम है, बल्कि यह सामाजिक समरसता, आत्मीयता और धर्म-संस्कारों की जीवंत मिसाल भी है। हर वर्ष सैंकड़ों की संख्या में शिव भक्त कांवड़ लेकर हरिद्वार, गौमुख, नीलकंठ आदि स्थानों से पवित्र जल लाकर भोलेनाथ को अर्पित करते हैं। ऐसे में इस सेवा शिविर की भूमिका अनमोल है, जो थके पथिकों के लिए छांव, भूखे के लिए भोजन और आस्था के लिए संबल बनता है। यह शिविर केवल आयोजन नहीं, बल्कि सद्भाव, सेवा और श्रृद्धा की एक जीवंत परंपरा है, जो वर्षों से समाज को एक सूत्र में पिरो रही है। आयोजकों का यह प्रयास प्रशंसनीय ही नहीं प्रेरणादायी भी है। इस दौरान मदन लाल सैनी, प्रहलाद सैनी, मक्खन लाल, विकास डोई, श्रीराम टमाटर वाले, रमेश मुनीम, ख्यालीराम, सुंदरलाल सैनी, सेवानिवृत्त कमांडेट बाबूलाल, थंडूराम सैनी, पवन मंडी सचिव, राजेश बागवान, अशोक बागवान, मनोज, रामविलास, अनिल आदि ने कावड़ियों की सेवा की।

## फुलेरा में नशेड़ियों का आतंक, प्रशासन बना तमाशबीन

### सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम नशा, सीएलजी बैठकों और व्यापारियों की आवाज भी अनसुनी

**फुलेरा(निस)** कस्बे में नशेड़ियों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि अब आमजन का सड़कों पर निकलना भी मुश्किल होता जा रहा है। उप जिला स्वास्थ्य केंद्र (जोबनेर रोड), स्कूल खेल मैदान और अन्य सार्वजनिक स्थल नशेड़ियों के अड्डे बन चुके हैं, जहां ये बेधड़क नशा करते हुए खुलेआम घूमते हैं। लेकिन हैरानी की बात यह है कि प्रशासन और पुलिस अब तक पूरी तरह मौन हैं। यह मुद्दा लगातार सीएलजी (सिटीजन लॉयजन ग्रुप) बैठकों में उठाया जा चुका है। व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहूजा सहित स्थानीय व्यापारी बार-बार प्रशासन को चेतावनी दे चुके हैं और कार्रवाई की मांग कर चुके हैं, लेकिन नतीजा शून्य ही रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि प्रशासन केवल बैठकों में उपस्थिति दर्ज कराने तक ही सीमित है। व्यापार महासंघ अध्यक्ष मनोज आहूजा ने कहा, "हम लगातार इस विषय को सीएलजी बैठकों में उठा रहे हैं। बाजार और सार्वजनिक स्थलों पर नशेड़ी खुलेआम घूमते हैं, जिससे ग्राहक भी डर के मारे कम आने लगे हैं। प्रशासन की यह चुप्पी बेहद चिंताजनक है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापारियों को मजबूरन सामूहिक रूप से बाजार बंद कर विरोध जताना पड़ेगा।" स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नशेड़ियों को पुलिस का कोई डर नहीं है। ये लोग दिनदहाड़े सार्वजनिक स्थलों पर नशा करते हैं, राहगीरों को परेशान करते हैं और खासकर महिलाओं व छात्राओं के लिए भय का माहौल बना हुआ है। अब जनता में आक्रोश उभरने लगा है। नागरिकों का कहना है कि यदि जल्द सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन या प्रदर्शन जैसे कदम उठाने पड़ सकते हैं।

## हरियालां राजस्थान अभियान, धरती मां को ओढ़ाया हरियाली का आंचल

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निस)** कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी के आदेषानुसार ब्लॉक कोटपूतली में शुक्रवार को हरियालों राजस्थान अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर के नेतृत्व में सभी चिकित्सा संस्थानों में पौधारोपण हुआ। वहीं समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रति दिवस प्रति स्टॉफ 02 पौधे लगाने का लक्ष्य आवंटित करते हुये अभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को पीपल, बरगद, आंवला, बेल, आक, गूलर, नीम, शहतूत, अशोका और शमी जैसे विभिन्न प्रजातियों के करीब 247 पेड़-पौधे लगाये गये एवं इनकी जियो टैगिंग भी की गई। खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय कोटपूतली में बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर द्वारा भी विभिन्न पौधे लगाये गये। वहीं कार्यालय के स्टॉफ सदस्यों की ओर से पौधों की नियमित देखरेख की जिम्मेदारी ली गई। बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने कहा कि यह पहल सिर्फ पौधारोपण नहीं, बल्कि भविष्य रोपण है। उन्होंने आज का पौधा, कल की छाया का नारा देते हुये कहा कि आज लगाये गये यह पौधे वातावरण को हरा भरा बनाने में अपनी अहम भूमिका निभायेंगे। उन्होंने कहा कि पौधे हवा को षुद्व करते है एवं मनुष्य को तनाव मुक्त करते हैं। मरीजों के स्वस्थ होने की दर को तेज करते है, ध्वनि प्रदुषण को नियंत्रित करते है, मानसिक रोगियों को स्वस्थ्य करते हैं। बीसीएमओ ने सभी स्टॉफ सदस्यों को अपने घरों में भी पौधे लगाने और आसपास रहने वाले निवासियों को भी पौधारोपण के लिये प्रेरित करने की बात कही। बीपीओ विजय तिवाड़ी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और जलवायु संतुलन बनाये रखने के लिये पौधारोपण बेहद आवश्यक हैं। उन्होंने पौधारोपण में जन समुदाय की भागीदारी भी सुनिष्चित करने की बात कही।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन

### मुख्यमंत्री मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को मिल रही निःशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा

**कोटपूतली(निस)** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) के तहत कोटपूतली ब्लॉक के सभी चिकित्सा संस्थानों में 18 जुलाई शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया। बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने जानकारी देते हुये बताया कि यह आयोजन प्रतिमाह की 09, 18 व 27 तारीख को प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर किया जाता है। जिसका मुख्य उद्धेश्य हाई रिस्क में आने वाली महिलाओं को चिन्हिकरण करने में किया जाता है, ताकि उन महिलाओं को प्रसव के दौरान मातृ मृत्यु से बचाया जा सकें। इस आयोजन पर एएनसी पंजीकरण, फॉलोअप, टीकाकरण, एनिमिया की पहचान कर उनका उपचार किया जाता है। बीपीओ विजय तिवाड़ी ने बताया कि मुख्यमंत्री मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। योजना के तहत गर्भवती महिलाओं की कम से कम एक सोनोग्राफी जांच मान्यता प्राप्त निजी सोनोग्राफी केन्द्र पर निःशुल्क करवाई जा रही है। ताकि गर्भावस्था में होने वाली संभावित जटिलताओं को समय पूर्व पता लगाकर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकें।

## सम्भागीय आयुक्त भरतपुर दो दिवसीय दौरे पर

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** सम्भागीय आयुक्त भरतपुर डॉ. टीना सोनी 21 एवं 22 जुलाई को दो दिवसीय सवाई माधोपुर जिले के भ्रमण पर रहेंगी। इस दौरान सम्भागीय आयुक्त 21 जुलाई को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगी। वहीं ग्राम पंचायत खिलचीपुर में रात्रि चौपाल कर आमजन की समस्याएं सुनेंगी। वहीं 22 जुलाई को कैम्प कोर्ट सवाई माधोपुर में विकास कार्यों व विभागीय योजनाओं के संबंध में निरीक्षण करेंगी तथा इसके पश्चात कार्यालय उपखण्ड अधिकारी गंगापुर सिटी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेंगी।

## मजदूरों के हक और कानून के बारे में दी जानकारी

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** जिले में फतेहपुर के व्हाइट टीशर्ट क्लब की ओर से मेघवाल समाज के सार्वजनिक मुक्तिधाम में शहरी नरेगा में काम करने वाली महिलाओं को ज्यूस व नास्ता करवाया। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्त्ता सुरेन्द्र महिचा ने मजदूरों के हक और कानून के बारे में जानकारी दी और कहा कि आप स्वयं और अपनों बच्चो को शिक्षित करे। इस दौरान क्लब सदस्य महेन्द्र निरंकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी को भारत के सविंधान की प्रस्तावना पढ़ाई। कार्यक्रम में रामस्वरूप महिचा, लालचंद निरंकारी, दिनेश कुमार, धर्मेन्द्र कुमार सहित सदस्य उपस्थित रहे।

## नगर परिषद आयुक्त को सौंपी आपत्तियां



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** सीकर मास्टर प्लान 2041 की विसंगतियो को दूर करने के लिए शुक्रवार को जनप्रतिनिधि व ग्रामीणो ने ज्ञापन के साथ 209 आपत्तिया पीपलीनगर, राधाकिशनपुरा, नला का बालाजी की आपत्तिया नगर परिषद आयुक्त को सौपी। पंचायत समिति सदस्य प्रेमचंद सिंगोदिया ने बताया कि मास्टर प्लान 2041 को बिना धरातलीय सर्वे किए ही जनता पर थोप दिया है। राधाकिशनपुरा, पिपलीनगर, नला का बालाजी चारण का वास क्षैत्र मे सार्वजनिक व अर्धसार्वजनिक क्षेत्र में शामिल करना उचित नही है क्योंकि 70 प्रतिशत से ज्यादा बसावट हो रखी हैद्व किसी प्लान में सम्पूर्ण ग्राम राजस्व को लेना ठीक नही है प्लान का पुनः सर्वे कर लागू किया जाना चाहिए। इस अवसर पर प्रेमचंद सिंगोदिया राजेंद्र सैनी प. स प्रतिनिधि, ताराचंद बबेरवाल, बलदेव सैनी, खेमचंद यादव, मेवाराम, धोलु, मुकेश, गौरव सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भारी बारिश को लेकर जिला प्रशासन सतर्क, जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की अपील

### "सतर्क रहें, सुरक्षित रहें" - जिला कलक्टर काना राम की आमजन से अपील

जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निसं.)।** जिले में आगामी दिनों में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए जिला कलक्टर काना राम ने आमजन से जलभराव संभावित क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सतर्कता और सजगता से ही जन-धन की हानि से बचा जा सकता है। निचले इलाकों में रहने वाले नागरिक विशेष सतर्क रहें और आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित स्थानों पर शरण लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि नदियों-नालों में अचानक जलस्तर बढ़ सकता है, अतः किसी भी बहाव वाले मार्ग को पार करने का प्रयास न करें और वैकल्पिक सुरक्षित रास्ता अपनाएं। उन्होंने युवाओं से रील या सेल्फी के चक्कर में जान जोखिम में न डालने का आग्रह किया और परिजनों से बच्चों को ऐसे स्थानों पर जाने से रोकने की अपील की। वज्रपात से सुरक्षा को लेकर भी विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। बिजली चमकने के समय घर में हों तो इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्लग हटाएं और खिड़की-दरवाजों से दूर रहें। बाहर हों तो पक्के भवन में शरण लें और पेड़ों, खंभों व टिन शेड से दूर रहें। जल स्रोतों से तुरंत बाहर आ जाएं। उन्होंने कहा कि किसी आपात स्थिति में आमजन जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नम्बर 07462-220602, 07462-220201 या टोल फ्री नम्बर 1077 पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा जलभराव एवं आपदा से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी की गई है। आमजन से अपील की गई है कि कमजोर निर्माणों से दूर रहें, बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में वाहन न चलाएं, फिसलन भरी सड़कों पर सावधानी बरतें और केवल उबला या क्लोरीनयुक्त पानी का सेवन करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूर्ण रूप से सतर्क है, परंतु आमजन का सहयोग एवं सतर्कता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है।

## नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने ली वृक्षारोपण महाअभियान के तहत ली सहभागिता बैठक

**जयपुर(कास)।** नगर निगम ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर की अध्यक्षता में शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय में एक पेड़ मां के नाम, हरियालो राजस्थान महाअभियान के तहत सहभागिता बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयुक्त डॉ. गौरव सैनी, उद्यान विकास एवं पर्यावरण समिति अध्यक्ष राखी राठौड़, अतिरिक्त आयुक्त सीमा कुमार, चैयरमेन, पार्षदगण, उपायुक्त उद्यान, सभी विश्वविद्यालयों, एनएसएस, एनजीओ के प्रतिनिधि सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने सर्वप्रथम वटवृक्ष की पूजा अर्चना की। महापौर ने एक पेड़ मां के नाम महाअभियान के तहत शपथ भी दिलवाई। महापौर ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी के एक पेड़ मां के नाम अभियान, माननीय मुख्यमंत्री जी हरियालो राजस्थान के तहत पूरे राजस्थान में 10 करोड़ पेड़ लगाये जायेगे उसी अभियान का सहभागी बनते हुए नगर निगम ग्रेटर जयपुर में इस वर्ष 10 लाख पेड़ विभिन्न सामाजिक संगठनों को प्रेरित करके लगाया जायेगा

# राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निस)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी समय में प्रस्तावित फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम और मतदान केन्द्रों के पुनर्गठन से संबंधित कार्यों के तहत शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी मुकुल शर्मा ने शेष रहे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की नियुक्ति के संबंध में चर्चा की गई। इसमें विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और निर्वाचन कार्यों में सहयोग की बात कही। बैठक का उद्देश्य आगामी पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाना और बीएलए की समयबद्ध नियुक्ति सुनिश्चित करना था। उप जिला निर्वाचन अधिकारी रतन कुमार ने उपस्थित प्रतिनिधियों को बीएलए नियुक्ति की प्रक्रिया, पात्रता, जिम्मेदारियों व समय-सीमा की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्पेशल इंटेन्सिव अभियान अगस्त माह में शुरू होगा जिसमें सभी राजनैतिक दलों का सहयोग अपेक्षित है। साथ ही सभी राजनैतिक दलों से अपील की गई कि वे निर्धारित प्रारूप में बीएलए के नाम समय पर उपलब्ध कराएं ताकि चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी व प्रभावी बनाया जा सके। बैठक में महावीर प्रसाद सैन भारतीय जनता पार्टी, पुरूषोतम शर्मा इंडियन नेशनल कांग्रेस, भंवर लाल दानोदिया बहुजन समाज पार्टी, शिवनाथ सिंह आम आदमी पार्टी, सुरेन्द्र सिंह कम्यूनिस्ट पार्टी आएफ इंडिया (एम), चन्द्रप्रकाश भडिया निर्वाचन शाखा प्रभारी मौजूद रहें।

## *राजस्थान में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की तैयारी तेज, 155 मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया प्रशिक्षण*

### 5.48 करोड़ मतदाताओं के सत्यापन के लिए बीएलओ घर-घर जाकर भरवाएंगे गणना प्रारूप



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देशभर में प्रस्तावित विशेष गहन पुनरीक्षण (Special Intensive Revision) अभियान के तहत राजस्थान के 155 मास्टर ट्रेनर्स को एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन की अध्यक्षता में राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में संपन्न हुआ। महाजन ने उद्घाटन सत्र में बताया कि बिहार मॉडल के आधार पर यह व्यापक मतदाता पुनरीक्षण अभियान पूरे देश में लागू किया जाएगा। राजस्थान में यह अभियान बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के माध्यम से घर-घर जाकर गणना प्रारूप भरवाने के रूप में क्रियान्वित होगा, जिससे 5 करोड़ 48 लाख मतदाताओं का सत्यापन सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि 16 और 18 जुलाई को आयोजित प्रशिक्षण सत्रों में राज्य के 41 जिलों से आए 155 मास्टर ट्रेनर्स को गहन प्रशिक्षण दिया गया है। ये मास्टर ट्रेनर्स आगे अपने जिलों में जाकर बीएलओ, सुपरवाइजर और अन्य चुनावी कार्मिकों को प्रशिक्षित करेंगे, जिससे अभियान के कार्यान्वयन में किसी प्रकार की त्रुटि न हो। महाजन ने सभी मास्टर ट्रेनर्स को निर्देशित किया कि वे भारत निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, राजस्थान द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों और एफएक्यू (अक्सर पूछे जाने वाले सवालों) से अपडेट रहें, ताकि जमीनी स्तर पर कार्य में पारदर्शिता और सटीकता बनी रहे। प्रशिक्षण के पहले सत्र में संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. रौनक बैरागी ने बीएलओ की भूमिका और उनके कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी आलोक जैन ने संवैधानिक और वैधानिक प्रावधानों तथा बीएलओ की नियुक्ति प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी जयपुर, आशीष कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रशिक्षण के माध्यम से सभी संबंधित अधिकारियों को आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के लिए पूर्ण रूप से तैयार करने का उद्देश्य सफल रहा।

### प्रदेश मीडिया कार्यशाला में दाधीच व माथुर ने लिया भाग

**सीकर(निस)।** भाजपा प्रदेश मीडिया की कार्यशाला शुक्रवार को जयपुर में आयोजित हुई। कार्यशाला में मुख्य वक्ता भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी रहे। वहीं राष्ट्रीय प्रवक्ता व राजस्थान सरकार में खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल व प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ मंचस्थ रहे। कार्यशाला में जयपुर संभाग के सह मीडिया प्रभारी प्रकाश दाधीच, जिला मीडिया संयोजक जितेंद्र माथुर व विश्वनाथ सैनी ने भाग लिया। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए राज्यसभा सदस्य व राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने मीडिया से जुड़े हुए पदाधिकारी को उनके कार्य के महत्व के बारे में बताया। राष्ट्रीय प्रवक्ता राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने राज्य की भाजपा सरकार की ओर से किए जा रहे जनहित के कार्यों के बारे में सर्वाधिक प्रचार प्रसार के लिए कहा।

## तीन दिवसीय पशुपालन प्रशिक्षण शिविर का समापन

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निस)।** जिले में फतेहपुर के भेड प्रजनन फार्म में तीन दिवसीय पशुपालन प्रशिक्षण शिविर का समापन कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. संजय कुमार अत्तर ने प्रमाण पत्र वितरित किए। पशुपालन प्रशिक्षण केन्द्र में तीन दिवसीय पशुपालन प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागी पशुपालको को प्रमाण पत्र वितरण कृषि महाविद्यालय फतेहपुर के अधिष्ठाता डा. संजय कुमार अत्तर, भेड प्रजनन फार्म फतेहपुर के उपनिदेशक डा. यासीन बहलिम ने किया। प्रशिक्षण दौरान लिए गए कालांश में डा.अत्तर की ओर से पशुपालको को बागवानी बुवाई के समय बीज उपचार, सावधानियां व बुवाई के पश्चात सावधानिया रख कर अधिकतम उत्पादन की जानकारी दी। तीन दिवस मे डा. यासीन बहलिम, डा. गौरीशंकर, डा. निरंजन चिरानिया शिविर प्रभारी, डा. मधुसूदन जागावत प्रभारी हरसावा एंव श्री नरेंन्द्र सिंह राजपूत रेंजर फतेहपुर ने पशुपालन, भेड पालन, कृषि, कृषि वानिकी व नर्सरी तैयार करने और घास उत्पादन तकनीक की जानकारी दी। पशुपालको को साईट, फार्म लैण्ड, घास तैयार किए गए खेत व भरतीया केवीके फतेहपुर का भ्रमण करवाया गया। प्रशिक्षण में 29 पुरूष व 1 महिला ने भाग लिया। पशुपालको की ओर से एक-एक पौधारोपण साईट न.1 पर किया गया, जिसमे 30 पौधे लगाए गए। शिविर का संचालन डा. चिरानिया ने किया। इस अवसर पर ए ओ विजय सिंह चौहान, राजेन्द्र थालोड, पशुधन निरीक्षक नरेन्द्र, धमेन्द्रमावलिया, सुनिता भैडा, प्रिंयकादेवी, हेमेन्द्रसिंह, कर्णसिंह, महेश कुमार, घनश्यामदास व निर्मला देवी उपस्थित रहे।

## छात्रसंघ चुनाव बहाली को लेकर एबीवीपी ने किया प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर में एबीवीपी इकाई ने छात्रसंघ चुनाव बहाली को लेकर आंदोलन प्रदर्शन किया। आंदोलन का मुख्य उद्देश्य पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की ओर से छात्रसंघ चुनावों पर रोक लगाकर कैम्पस में आपातकाल लगाया गया और छात्रसंघ चुनावों की पुनः बहाली की माँग की। एबीवीपी के प्रांत मंत्री अभिनव सिंह ने बताया कि "अशोक गहलोत ने अपनी सरकार में छात्रसंघ चुनाव को बंद करके लोकतंत्र की हत्या की और आज वो सोशल मीडिया से छात्रसंघ चुनाव करवाने की बात कर राजस्थान के छात्रों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। विधार्थी परिषद की ओर से शेखावाटी विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव बंद करके कैम्पस में आपातकाल लगाने का छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विभाग संयोजक उत्तम चौधरी, जिला संयोजक दीपिका, संदीप सेवदा, अभिषेक पचार, सतेन्द्र योगी, अभयप्रताप सिंह, नितेश शर्मा, अभिजीत सिंह, कृष्ण सेवदा, राजाराम घील, राजवीर, तेजकरण, अंकित चाहर, अक्षत तिवाड़ी, नितेश खाकोली, अमित पारीक, हेमंत, सतवीर, रेणुका, कुसुम, योगिता व सैकड़ों संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय जनसुनवाई में कई प्रकरणों का निस्तारण



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** राज्य सरकार की ओर से आमजन को सुशासन प्रदान करने के लिए प्रत्येक माह आयोजित की जाने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जनसुनवाई की अध्यक्षता जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने की। इस अवसर पर सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे, वहीं उपखंड अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। जनसुनवाई में 44 प्रकरण प्राप्त हुए। जनसुनवाई में उमड़ी आमजन की भीड़ ने बताया कि कलेक्टर डॉ गर्ग की संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय क्षमता से लोगों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। जनसुनवाई में भूमि अतिक्रमण व रास्तों से संबंधित विवाद काफी संख्या में सामने आए। इस दौरान वर्षा जल भराव, टूटी सड़क़ों, अन्नपूर्णा रसोई संचालन, जल भराव, विद्युत पोल शिफ्टिंग, कृषि यंत्र अनुदान और भूमि मुआवजा संबंधी अनेक मामलों पर भी सुनवाई की गई। जिला कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करें और जनता को राहत प्रदान करना प्राथमिकता में रखें। जनसुनवाई में अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य, जिला परिषद के सीईओ रणजीत सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खेलों के महाकुंभ शुरू खिलाड़ियों ने कर दिखाया कमाल

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निस)।** एन एच 52 स्थित स्वामी केशवानंद शिक्षण संस्थान समूह भढ़ाडर सीकर ने झुंझुनू में चल रही सीबीएसई क्लस्टर अन्डर 14 कबड्डी छात्र वर्ग प्रतियोगिता में स्वामी केशवानंद कॉन्वेंट स्कूल भढ़ाडर सीकर ने मैट्रीक्स हाई स्कूल सीकर को 37 - 34 से शिकस्त देकर अगले राउण्ड में प्रवेश किया। संस्थान निदेशक रामनिवास ढ़ाका ने सम्पूर्ण टीम व कोच विनोद लंबोरा को बधाई दी और अगले राउण्ड के लिए हौसला-अफजाई की।

**name change**

I hitherto known as SUBHASH CHAND GUPTA, alias SUB-HASH CHAND, S/o MADAN LAL, R/o B-1, Girraj, Colony kila Bharatpur, Bharatpur, Rajasthan- 321001, have changed my name and shall hereafter be known as SUBHASH CHAND.

**name change**

I, hitherto known as KESH RAM, S/o RAMJI LAL, R/o Dhand ka Pura, Karauli, Rajasthan- 322216, have changed my name and shall hereafter be known as VED RAM.

**कार्यालय नगरपालिका, रतननगर (चूरू)**

फोन नं– 01562–281224 ईमेल– mun_rnagar@yahoo.in

Date : 17-07-2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for of yearly work invited from interested bidders upto 02:00 PM 25-07-2025 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state official website.

UBN is: DLB2526SSRC11599, DLB2526GSRC11602, DLB2526SSRC11603, DLB2526GSRC11605

Executive officer
Municipal Board, Ratannagar

Raj.Samwad/C/25/6464

**कार्यालय ग्राम पंचायत बीनादेसर पंचायत समिति,रतनगढ**

क्रमांकः- 17 दिनांकः-14-7-2025

**खुली निविदा सूचना**

राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के नियम 181(1) के अन्तर्गत निम्न कार्यो को करवाये जाने के लिए पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनो में पंजिकृत सक्षम श्रेणी के संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में खुली निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. स. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाखो में | निविदा प्रपत्र शुल्क रूपयो में | निविदा प्रपत्र प्राप्ति की तिथि समय | तकनीकी एवं वित्तिय निविदा प्रस्तुत करने अंतिम की तिथि व समय | निविदा खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आईटी सेन्टर की छत पर वाटर प्रूफिंग कार्य बीनादेसर | 1.80 लाख | 500 | 15.07.2025 को प्रातः 11 बजे से 22.07.2025 को सांय 4 बजे तक कार्यालय दिवस में | 22.07.2025 को सुबह 11 बजे तक | 22.07.2025 को दोपहर 3 बजे |

**निविदा की शर्ते-**
1. निविदा प्रपत्र प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग कार्यालय में निविदा प्रपत्र की निर्धारित राशि नकद जमा करवा कर प्राप्त किया जा सकेगा।
2. निविदा प्रपत्र की तकनिकी व वित्तिय निविदा अलग-अलग लिफाफे में डालकर फिर दोनों एक लिफाफे में डालकर प्रस्तुत की जानी है।
3. अमानत राशि की 2 प्रतिशत कि डी डी सरपंच ग्राम पंचायत के नाम देय हो सलग्न करना हो।
4. निविदा की अमानत राशि की बिड डिक्लेरेषन निर्धारित प्रपत्र में होनी आवष्यक है।
अन्य सभी शर्ते कार्यालय समय में देखी जा सकती है व निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है।

NIB NO- ZCR2526A0548
UBN NO- ZCR2526WSOB00867

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बीनादेसर

सरपंच
ग्राम पंचायत बीनादेसर

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल सांभर लेक (जयपुर)**

**आपत्ति सूचना**

कमांक/न.पा.सा./2025-26/ दिनांक

एतद् द्वारा हितबद्ध, व्यक्ति विशेष, आम खास को सूचित किया जाता हैं। कि राजस्व ग्राम सिवानिया के खसरा नंबर 105, 107,108, 110 कुल किता 04 रकबा 2.1750 हैक्टेयर भूमि का आवासीय योजना "श्री श्याम सरोवर" का ले-आउट प्लान स्थानीय स्तर से दिनांक 09.10.2024 स्वीकृत किया गया था। वर्तमान में योजना में जारी पटटाधारकों द्वारा पूर्व में जारी पट्टों को समर्पित कर संशोधित ले-आउट प्लान अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया हैं। भूखण्ड संख्या 03,12,17,19,10,13,16,11,14,15,ओर 18 कुल 11 पट्टों को समर्पण करने उपरान्त ले-आउट प्लान संशोधित किया जाना हैं
अतः उक्त संशोधित ले-आउट प्लान में किसी भी व्यक्ति को कोई एतराज हो तो नगर पालिका के कार्य दिवसों में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अन्दर मियाद 07 दिवस में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई उन मान्य नही होगा। सूचित रहें।

प्राधिकृत अधिकारी
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका सांभर लेक

राजस्थान - सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू**

क्रमांक- दिनांक-

**निविदा सूचना संख्या- 25/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरू निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के निर्धारित प्रपत्र में टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निविदायें आमंत्रित की जाती है।

NIB No. - PWD2526A2040

| S.No. | UBN NO. |
|---|---|
| 1. | PWD2526WSOB07338 |

अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि. वि. खण्ड चूरू

**कार्यालय उप वन संरक्षक, चूरू**

इस कार्यालय के अधिन निम्नानूसार विकास कार्य करवाये जाने है-

| क्र.सं. | ई-बिड / बिड संख्या | कार्यकानाम | अनुमानितलागतराशि | UBN नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 07/2025-26 | नवीन नर्सरी स्थापना कार्य रेज राजगढ वन क्षेत्र सांखू | 35.91 लाख | FOR2524WSOB00928 |

बोली से संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in & www.eproc.rajasthan.gov.in पर देख जा सकता है।

उप वन संरक्षक,
चूरू

DIPR/C/9930/2025

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड - प्रथम, जयपुर**

कमांक- 2839-50 दिनांक: 10.7.2025

**निविदा सूचना संख्या-73 / 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु राजस्थान सरकार के जन स्वा. अ विभाग में निम्न निविदा आमंत्रित की जाती है।
निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट www.SPPP.rajasthan.gov.in से दिनांक 21.07.2025 सायं 5.00 ब तक डाउनलोड किए जा सकते है। भरी हुई निविदाऐं दिनांक 22.07.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक इस कार्याल में प्राप्त की जायेगी। तकनीकी बिड दिनांक 22.07.2025 को इस कार्यालय में अपरान्ह 3.30 बजे खोली जाएगी।
निविदा शुल्क राशि एवं निविदा संबंधित अन्य समस्त विवरण वेबसाई www.SPPP.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है।
UBN NO- PHE2526SSRC 04532

अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग
जिला ग्रामीण खण्ड प्रथम, जयपुर

DIPR/C/9875/2025

## भारतीय किसान यूनियन चौधरी चरण सिंह के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प बघेल ने किए खाटूश्याम के दर्शन



जयपुर टाइम्स

**खाटूश्यामजी(निस)।** जिले के प्रसिद्ध बाबा श्याम की नगरी खाटू श्याम जी में भारतीय किसान यूनियन चौधरी चरण सिंह के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह बघेल शुक्रवार को प्रसिद्ध बाबा श्याम की नगरी खाटूश्यामजी पहुंचे और बाबा श्याम के दर्शन किए। दर्शन कर, शीश नवाकर देश के किसान सहित समस्त देशवासियों की खुशहाली की कामना की। मंदिर के सेवक रघुवीर सिंह, लोकेंद्र सिंह, अमित सिंह, युवराज सिंह ने पूजा अर्चना करवाई और श्याम बाबा का आशीर्वाद दिया। पुष्पेंद्र सिंह बघेल मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि देश के किसानो की समस्याओ के समाधान के लिए बाबा श्याम से मन्नत मांगी है। युवा जिला अध्यक्ष किसान यूनियन अर्जुन लाल लोरा ने बताया कि दो दिवसीय दौरा शेखावाटी में है जिसमें संगठन विस्तार को लेकर मीटिंग आयोजित रखी है। इस दौरान युवा जिला अध्यक्ष किसान यूनियन अर्जुन लाल लोरा, हेमराज महण सहित क्षेत्र के किसान, संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हरिद्वार से कावड़ लाने पर ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत



जयपुर टाइम्स

**पलसाना(निस)।** रानोली कस्बे के निकटवर्ती गांव टोडी माधोपुरा में हरिद्वार से गांव में पहली बार कावड़ लाने वाले कावड़िए का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव बगड़ियों की ढाणी में पहली बार सतीश कुमावत पुत्र विनोद कुमावत हरिद्वार से कावड़ लेकर गांव पहुंचा इससे पूर्व भैरूजी स्टैंड से लेकर गांव 12 किलोमीटर तक ग्रामवासियों ने डीजे के साथ गांव लेकर आए। ग्रामीणों ने तिलक व माला पहनाकर स्वागत किया। सोमवार को शिवलिंग पर कावड़ चढ़ाकर जलाभिषेक करेगा। इस दौरान मुकेश साई, कैलाश, मुकेश, राजेश, विकास, अनिल, संपूर्णानंद महाराज, महेंद्र, करण, जगदीश आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## भाईचारा ग्रुप ने किया आयुक्त का अभिनन्दन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** भाईचारा ग्रुप की ओर से चूरु शहर नगर परिषद का स्वच्छता में 7 वें स्थान पर आने पर और इससे चूरु का मान सम्मान बढ़ाने पर आयुक्त नगर परिषद अभिलाषा सिंह का भाईचारा ग्रुप के सदस्यों ने गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। इस अवसर पर भाईचारा ग्रुप के भंवर गुर्जर, शिवकुमार शर्मा, कमल सिंह राठौड़, विष्णु शर्मा, दाऊद थीम, देवकांत शर्मा, रविकुमार मेघवाल, लालसिंह निर्वाण, राजेश स्वामी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## वैकल्पिक रास्तों का प्रयोग जनता के लिए सुविधाजनक

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के भोजलाई बास स्थित श्मसान घाट के मुख्य द्वार पर तथा कब्रिस्तान के मुख्य द्वार पर पानी भर जाने के कारण लोगों को दिक्कत हो रही है। हालांकि नगरपरिषद सुजानगढ़ द्वारा शिव मंदिर और गौशाला के अंदर जाने के लिए अस्थायी पुल



का निर्माण पिछले साल भी करवाया गया था और इस वर्ष भी अस्थायी पुल का निर्माण यहां पर नगरपरिषद की ओर से ही करवाया गया हैं, जिससे शिव मंदिर, गौशाला में जाने वाले लोगों और स्कूल में जाने वाले बच्चों और अध्यापकों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। दूसरी ओर कब्रिस्तान के सामने वाले हिस्से में भी पानी भर गया है। वाल्मीकि समाज के श्मसान के काफी भाग में पानी भर गया है। इस जगहों पर मुख्य रास्ते की बजाय वैकल्पिक रास्ते भी जनता के लिए उपलब्ध हैं, जिन पर पानी नहीं भरा हुआ है। चापटिया श्मसान में अगर कोई शव यात्रा जाती है, तो उसके लिए सुविधाजनक रास्ता कनोई बिल्डिंग वाली गली है, जो सीधे श्मसान के गेट नंबर दो पर जाती है। इसी प्रकार कब्रिस्तान में अगर कोई जनाजा जाता है, तो लोग कब्रिस्तान के गेट नंबर दो से, जो सालासर रोड़ पर शक्ति माता मंदिर के पास स्थित है, वहां से जाया जा सकता है। वाल्मीकि समाज के श्मसान की बात की जाए, तो भोजलाई चौराहे से होकर श्मसान में प्रवेश आसान है। इन तीनों जगहों के वैकल्पिक गेट यहां पर स्थित हैं, जहां पर पानी का भराव नहीं है। प्रशासन ने भी लोगों से वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करने की अपील की है। ताकि बड़ी संख्या में लोगों को पानी के बीच से होकर नहीं गुजरना पड़े।

# शिक्षण गतिविधियों पर रहे फोकस, नामांकन बढ़ाएं: सुराणा

### जिला निष्पादन समिति व मिड डे मील की समीक्षा बैठक में शिक्षा अधिकारियों को दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में जिला निष्पादन समिति व मिड डे मील की समीक्षा बैठक में शिक्षा अधिकारियों को शिक्षण गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा कर समुचित निर्देश दिए। जिला कलक्टर सुराणा




ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षण गतिविधियों पर फोकस करें तथा नामांकन बढ़ाएं। बेहतरीन परिणामोन्मुखी शिक्षण गतिविधियों एवं उत्कृष्ट परिणाम की दिशा में टीम का बेहतर प्रबंधन किया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में वर्तमान में नामांकन का न्यूनतम 10 प्रतिशत नामांकन वृद्धि की जाए। विद्यालयों में गत सत्र के परीक्षा परिणाम का एनालिसिस करें और कमजोर परीक्षा परिणाम के कारणों का अध्ययन कर बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए प्रभावी रणनीति पर काम करें। सुराणा ने कहा कि जिले में संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में स्वीकृत सीटों पर शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित हो। विद्यालय में पौधरोपण कार्य नियमित रूप से किया जाए। जिले के विद्यालयों में संचालित होने वाली आईसीटी लैब और स्मार्ट क्लासरूम का समुचित, नियमित व बेहतरीन उपयोग हो। निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण सुनिश्चित करते हुए बेहतरीन प्रबंधन व मॉनीटरिंग से जिले की शिक्षा रैंकिंग को बरकरार रखें। जिला कलक्टर ने मिड डे मील की समीक्षा करते हुए कहा बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पोषाहार दिया जाए। भोजन की गुणवत्ता की समय – समय पर आकस्मिक निरीक्षणों के माध्यम से जांच की जाए। सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़ व डीईओ माध्यमिक संतोष महर्षि ने शिक्षण व्यवस्थाओं, जिला रैंकिंग, प्रबंधन व विभागीय गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की। डीईओ प्रारंभिक ओमप्रकाश प्रजापत ने मिड डे मील की प्रोग्रेस रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## खींवणसर जीएसएस पर कर्मचारी नहीं होने से आठ गांवों में बिजली संकट, ग्रामीणों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** उपखंड क्षेत्र के गांव खींवणसर स्थित 33 केवी जीएसएस पर लंबे समय से कर्मचारी नहीं होने से ग्रामीणों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। जीएसएस पर कर्मचारी नहीं होने के कारण आठ गांवों में बिजली सप्लाई बाधित हो रही थी। लगातार दो दिनों से बिजली गुल रहने से परेशान ग्रामीणों ने सरदारशहर- चूरू मुख्य सड़क पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि बरसात के मौसम में लाइन में बार-बार करंट उतरने से हादसों की आशंका बनी रहती है। लेकिन जीएसएस पर न तो स्थायी कर्मचारी हैं और न ही फोन उठाने वाला कोई व्यक्ति हैं। ठेकेदार की लापरवाही से प्राइवेट कर्मचारी भी जीएसएस पर टिक नहीं पाते। डेयरी चेयरमैन लालचंद मुंड, राकेश देहडू और रामकरण मातवा ने बताया कि इस जीएसएस से खींवणसर, भैरूसर, काकलासर, उदासर बीदावतान, छाजूसर, सारसर, सोमणसर और आसूसर सहित आठ गांवों को बिजली सप्लाई दी जाती है। कर्मचारी नहीं होने से बार-बार बिजली बाधित रहती है। जिससे



ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामवासियों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता कर तत्काल जीएसएस पर सरकारी कर्मचारी लगाने का भरोसा दिलाया। आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम खोल दिया और धरना समाप्त किया। इधर निजी कर्मचारियों का कहना है कि हमारे को ठेकेदार की ओर से समय पर सैलरी नहीं दी जाती है। जिसके कारण कर्मचारी यहां जीएसएस पर ड्यूटी नहीं कर पाते हैं। इस जीएसएस की समस्या नहीं है। अधिकतर जीएसएस पर प्राइवेट कर्मचारीयों का शोषण किया जाता है। जिसके कारण कर्मचारी जीएसएस पर ड्यूटी नहीं करते हैं।

## चिकित्सा शिविर में 141 मरीज लाभान्वित



जयपुर टाइम्स

**रींगस(निस)।** बीटीएस हॉस्पिटल रींगस के तत्वावधान में ग्राम पंचायत पटवारी का बास में भूरी देवी की पुण्य स्मृति में शुक्रवार को प्रातः 9 बजे से 3 बजे तक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 141 मरीजों ने लाभ लिया। शिविर का विधिवत शुभारंभ डॉ भंवर सिंह ताखर, झाबर मल बिजारणियां, डॉ. अजय सक्सेना, रोहिताश बिजारणियां आदि ने किया। शिविर संयोजक एचआर बिजारणियां ने बताया कि शिविर में फिजिशियन डॉ राकेश यादव, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ निधि शर्मा, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ भंवर सिंह ताखर, नर्सिंगकर्मी कैलाश भावरिया, कृष्णा चौधरी, ममता, आशा सामोता, सचिन, संदीप गढ़वाल, सुभाष, संजू ने सेवाएं दी। शिविर सह संयोजक ने बताया कि परामर्श के साथ निःशुल्क दवाईयां भी मरीजों को दी गई। मेडिकल टीम की ओर से गठिया रोग, जोड़ो मे दर्द, सूजन, अकड़न, बुखार, उल्टी दस्त, डायबिटीज, बीपी, स्लिप डिस्क, रेयुमेटाइड अर्थराइटिस सम्बंधित बीमारियों का इलाज किया गया।

## अजीतगढ़ उपजिला अस्पताल परिसर में पौधरोपण

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निस)।** हरियालो राजस्थान अभियान के तहत अजीतगढ़ के बाबा नारायण दास राजकीय सामान्य चिकित्सालय परिसर में शुक्रवार को पीएमओ डॉक्टर अशोक कुमावत के नेतृत्व में 51 पेड़ पौधे लगाकर पौधरोपण किया और सभी लगाए गए पेड़ पौधों पर ट्री गार्ड लगाया गया है। अस्पताल के पीएमओ डॉक्टर अशोक कुमावत ने बताया कि अस्पताल परिसर में पौधरोपण कर पेड़ पौधे लगाए गए हैं उन प्रत्येक पेड़ पौधों पर जिस कर्मचारी ने पेड़ लगाया है, उनका नाम ट्री गार्ड पर लिखा गया है लगाए गए पेड़ पौधों की सार सोमवार वही कर्मचारी करेगा जिसने पेड़ लगाया है। कुमावत ने कहा कि जो परिसर में पेड़ पौधे लगाए गए हैं उनका पालन पोषण अपने पुत्र व पुत्रों की जैसे करें ताकि वह विकसित हो सके एवं जब यह सारे पेड़ पौधे बड़े हो जाएंगे तो अस्पताल में हरियाली ही हरियाली होगी एवं पर्यावरण शुद्ध होगा। इस अवसर पर डॉक्टर नितिन अग्रवाल, डॉ महेंद्र स्वामी, डॉक्टर विजय सैनी, डॉक्टर विजय चौधरी, डॉ राजेश बाजिया, डॉक्टर लोकेश काला, डॉ अनीता, डॉक्टर अंजू, डॉक्टर सुनीता, डॉक्टर सीता, नर्सिंग अधिकारी हरिओम शर्मा, राधेश्याम स्वामी, सुनीता, सुनील मंगावा समेत कई नर्सिंगअधिकारी उपस्थित रहे।



पीएमओ डॉक्टर अशोक कुमावत ने बताया कि पौधारोपण के लिए अस्पताल के संविदा के रूप में कार्यरत सफाई कर्मचारी गिरधारी लाल जिन्होंने अकेले 51 पौधों के लिए 51 खड्डे खोदे थे, उनको अस्पताल प्रशासन की तरफ से सापा व माला पहनाकर व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया इस अवसर पर अस्पताल के चिकित्सकों व चिकित्सा कर्मियों ने उसके कार्य की प्रशंसा की एवं कहा कि अस्पताल परिसर में टाइल्स लगी हुई है लेकिन फिर भी उन्होंने अकेले 50 खड्डे बनाए जिस कारण अस्पताल प्रशासन ने गिरधारी लाल को साधुवाद भी दिया। इस अवसर पर फार्मासिस्ट मुकेश सैनी, सुभाष सैनी, वरिष्ठ रेडियोग्राफर राजेश सैनी, संजय कौशिक, निलेश स्वामी, अजय रावत, कमलेश मीणा, रिंकू धनकड, कुलदीप चौधरी, एएनएम सुनीता, श्याम सुंदर सैनी हेमंत शर्मा, दशरथ शर्मा, ममता जांगिड़, ममता कंवर समेत कई चिकित्सा कर्मी उपस्थित रहे।

## एसएफआई ने उच्च शिक्षा मंत्री के नाम प्राचार्य को दिया ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** छात्र संगठन एसएफआई ने छात्र संघ चुनाव सहित पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन उच्च शिक्षा मंत्री के नाम राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य को दिया। तहसील सचिव गोपाल बागड़ी ने बताया कि ज्ञापन में मांग की गई कि राज्य में छात्र संघ चुनाव कराने, राजकीय महाविद्यालय में उपस्थित 75 प्रतिशत अनिवार्य करने, सोसाइटी एक्ट के तहत संचालित महाविद्यालय को सरकारी करने, नई शिक्षा नीति 2020 को रद्द करने, राजकीय महाविद्यालय में रिक्त शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक पदों को तुरंत प्रभाव से भरें जाने करने की मांग की गई। इस अवसर पर छात्र नेता विद्याधर ढुकिया, तहसील उपाध्यक्ष अंकित चेजारा, विकास महरिया, कमलदीप, प्रदीप, विकास सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।

## 50 हजार रुपए वापस लौटा कर रामगोपाल मंगावा ने दिया ईमानदारी का परिचय

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निस)।** अजीतगढ़ दिवराला भाजपा मंडल अध्यक्ष राम गोपाल मंगावा ने कस्बे के शाहपुरा सड़क मार्ग पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक के सामने पड़े मिले 50000 वापस लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया है। लोगों ने इस ईमानदारी की सराहना करते हुए मंगावा को साधुवाद दिया है। अजीतगढ़ थाना अधिकारी रिया चौधरी ने बताया कि रामगोपाल मंगावा शुक्रवार दोपहर 2 बजे पैदल ही किसी कार्य के लिए भारतीय स्टेट बैंक के सामने से होकर गुजर रहे थे तो उनको अचानक 50000 की गड्डी पड़ी मिली। उन्होंने तुरंत अपनी जेब में रखकर अपनी दुकान पर आ गए और आसपास के लोगों को इसकी सूचना दी। तुरंत मिली राशि को उन्होंने अजीतगढ़ पुलिस को सुपुर्द कर दिया। थानाधिकारी ने बताया कि जुगलपुरा की ढाणी लाम्बा बिणा निवासी जगदीश प्रसाद यादव शुक्रवार को अजीतगढ़ के भारतीय स्टेट बैंक में करीब 1 लाख रुपए से ज्यादा राशि निकलाकर बैंक से बाहर आ रहा था, तो अचानक जेब से एक 50000 की गड्डी निकल कर गिर गई। जगदीश प्रसाद जब अपनी राशि को संभाला तो उस राशि में से 50000 नहीं मिले तो वह दुखी व परेशान हो गया और आसपास के लोगों को इसके बारे में



बताया तो लोगों ने उक्त राशि मंगावा को मिलना बताया तो वह व्यक्ति तुरंत मंगावा की दुकान पर पहुंच कर पूरी बात बताई तो मंगावा ने उक्त राशि को अजीतगढ़ पुलिस स्टेशन पर भेज देना बताया। जगदीश यादव के साथ अजीतगढ़ पुलिस स्टेशन पर पहुंचकर थानाअधिकारी रिया चौधरी, सहायक थाना अधिकारी नेकीराम, हेड कांस्टेबल मालीराम की उपस्थिति में मंगावा ने यह राशि जगदीश यादव को देकर ईमानदारी का परिचय दिया। लोगों ने इसकी सराहना करते हुए मंगावा व अजीतगढ़ थाना अधिकारी रिया चौधरी को साधुवाद दिया।

## थोई पुलिस ने की अवैध वाहनों के खिलाफ कार्यवाई



जयपुर टाइम्स

**कांवट(निस)।** पुलिस थाना थोई ने क्षेत्र में अवैध वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अलग- अलग धाराओं में चालान काट कर वाहनों को जप्त किया। एएसआई राजेश कुमार ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर कांवट व थोई क्षेत्र में संचालित अवैध वाहनों का चालान कर विभिन्न धाराओं में कानूनी कार्रवाई कर चालान काट वाहन जप्त किए हैं। जिसमें वाहनों पर चालकों ने काली पट्टी व गाटर लगा रखी थी।

## आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार पहुंचे बाबा श्याम के दरबार



जयपुर टाइम्स

**खाटूश्यामजी(निस)।** विश्व प्रसिद्ध बाबा श्याम की नगरी खाटू श्यामजी में देर रात बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार पहुंचे बाबा श्याम के दरबार। बाबा के शीश नवाकर प्रदेश और देश की खुशहाली की काम की। सेवक भूपेंद्र सिंह और पुजारीयो ने विधिवत पूजा अर्चना करवाई और श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया। अगवानी करते हुए एसडीएम मोनिका सामोर, पुलिस थाना खाटूश्यामजी से मोहनलाल, कांस्टेबल हरीसिंह , होमगार्ड ओमप्रकाश प्रोटोकॉल में उपस्थित रहे। इस दौरान मुकेश, लोकेंद्र सिंह, ओम प्रकाश हरनाथका, नंदलाल सहित कस्बेवासी और संघ के कार्यकर्ता, स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## नीमकाथाना सड़क मार्ग पर गहरा गड्ढा दे रहा हादसों को न्यौता, जिम्मेदार मौन

जयपुर टाइम्स

**अजीतगढ़(निस)।** कस्बे के नीमकाथाना सड़क मार्ग पर गढटकनेत के मालियों के खेत के पास सड़क मार्ग की साइड में गहरा व चौड़ा खड्डा होने के कारण कभी भी कोई भीषण दुर्घटना हो सकती है लेकिन फिर भी सार्वजनिक निर्माण विभाग पीपीपी मोड इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है जिस कारण लोगों में भारी रोष व्याप्त हो रहा है। जानकारी



के अनुसार इस समय बरसात के मौसम में वैसे तो करीब करीब सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और उनकी साइडो मे भी कई जगह गहरे व चौड़े खड्डे पडे हुए हैं लेकिन इस तरह पर सार्वजनिक निर्माण विभाग पीपीपी मोड, सार्वजनिक निर्माण विभाग व आरएस आरडीसी इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है तो दूसरी तरफ कस्बे के नीमकाथाना सड़क मार्ग पर ग्राम गढ़टकनेत के मालियों के खेत के पास सड़क मार्ग की साइड में गहरा व चौड़ा गड्ढा पडा हुआ है जिस कारण यह है गड्ढा कभी भी मौत का कारण बन सकता है। जानकारी के अनुसार अधिकतर वाहन व दोपहिया वाहन साइड लेने के लिए सड़क मार्ग से नीचे उतरते हैं, यह खड्डा मौत का कारण बड़ा हुआ है जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है जबकि नीमकाथाना सड़क मार्ग सबसे व्यस्त सड़क मार्ग है और हजारों की संख्या में 24 घंटे आवागमन रहता है जिस कारण कई बार सार्वजनिक निर्माण विभाग को इसके शिकायत कर चुके हैं लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है जिस कारण लोगों में भारी रोष व्याप्त है। इस संबंध में सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायिका अभियंता विशाल चौधरी का कहना है कि यह सड़क मार्ग सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीन नहीं है यह सड़क मार्ग सार्वजनिक निर्माण विभाग पीपीपी मोड के अधीन है, उनके अधिकारियों को अवगत करा दिया है।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
19 जुलाई, 2025

## परिवहन उप निरीक्षक ने स्कूल वाहनों के काटे चालान



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** परिवहन विभाग के उप निरीक्षक रोबिनसिंह ने तारानगर में सरदारशहर सड़क पर नेचर पार्क के पास नाका लगाकर स्कूल वाहनों को रुकवाकर उनके दस्तावेजों की जांच और जिन वाहनों के दस्तावेज अधूरे मिले उनके चालान काटे। एसआई रोबिनसिँह ने वाहन चालकों को सीट बेल्ट, हेलमेट व यातायात नियमों की पालना कर वाहन चलाने की हिदायत दी। रोबिनसिह ने कहा कि प्रतिदिन हमारी टीम कार्यवाही करती रहेगी। सभी अपने अपने दस्तावेज पूर्ण रखें। इस मौके पर सुरेन्द्र सिह व राजेश कार्यवाही में उनके साथ रहे।

## भगवान शिव का नाम मोक्ष प्राप्ति का द्वार



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के कानी देवी सेवा संस्था मंदबुद्धि महिला आश्रम में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के द्वितीय दिवस का शुभांरभ यजमान समाजसेवी बृजमोहन सर्राफ ने सपत्नीक पूजा अर्चना कर किया गया। कथा में बोलते हुए आचार्य संतोष भाई जी ने शिव पुराण कथा श्रवण का लाभ बताते हुए कहा कि शिव का नाम मात्र ही मनुष्य को मोक्ष प्रदान करने वाला होता है। शिव देवों के देव महादेव है, भूतनाथ है। उनकी आराधना पूजा से मनुष्य इस लोक से मुक्ति प्राप्त कर शिव लोक को प्राप्त होता है। शिव भोले भंडारी, सरल हृदय है। अपने भक्तों पर अति शीघ्र प्रसन्न होकर उनका कल्याण करते हैं कथा में बड़ी संख्या में महिला व पुरुष भाग लेकर पुण्य लाभ उठा रहे हैं। कथा में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा में आयोजन समिति के सभी सदस्य उत्साहपूर्वक लगे हुए हैं। कथा स्थल पर प्रतिदिन बाहर से आने वाले भक्तों के लिए भोजन व्यवस्था ठाकुर जी मंदिर सेवा समिति कल्याणपुरा पुरोहितान की ओर से की जा रही है।

## न्याय दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय तालुका विधिक सेवा समिति सुजानगढ़ के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप भाटी के निर्देशानुसार अन्तर्राष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर गांधी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पीएलवी मयंक त्रिवेदी तथा असिस्टेंट प्रोफेसर पिंकी कुमारी शामिल हुए। पीएलवी मयंक त्रिवेदी ने बताया कि छोटा झूठ बोलने से अन्याय का जन्म होता है और न्याय वह वस्त्र आभूषण है जो समाज में छवि अच्छी बनती है। ललिता भजन ने सोशल मीडिया की ओर जागरूक रहने का संदेश दिया। प्रधानाचार्या ललिता भोजक सहित स्टाफ सदस्य कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## बालिका विद्यालय में किया पौधारोपण



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय श्री गणेशीराम झंवर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में सेवानिवृत्त शिक्षिका और भामाशाह कौशल्या गुलेरिया के आर्थिक सौजन्य से नक्षत्र वाटिका का शुभारंभ किया गया। प्रधानाचार्य कुसुम शर्मा ने बताया कि इस वाटिका में राज्य सरकार के निर्देशानुसार कदम्ब, बांस, कटहल, अर्जुन, गूलर, मौलश्री, आंवला, पीपल, नीम, आम, जामुन सहित कुल 27 नक्षत्रों के हिसाब से पौधे लगाए गए हैं। पौधरोपण से पूर्व विद्यालय के शिक्षक पंडित बोदूराम शर्मा ने भूमि पूजन करवाया। कार्यक्रम में बलदेव ढाका, हरिप्रसाद टेलर, स्वंन्दा म्हैण, रामलाल गुलेरिया, कंचन स्वामी, अंजू निठारवाल, विकास प्रजापत, सीताराम मीणा, राजकंवर मीणा, नीतू जांगिड़, अंकिता शर्मा, आरती प्रजापत, दीपिका वेद, ओम प्रकाश देपन और पवन शर्मा आदि मौजूद रहे।

# गौशाला में लापरवाही को लेकर गोरक्षकों ने निकाली आक्रोश रैली

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे के नोखा-सीकर मार्ग स्थित सती माता मंदिर में शुक्रवार को विहिप, कामधेनु सेना व गोरक्षकों ने इकट्ठे होकर हनुमान चालीसा का पाठ किया। जिसके बाद कस्बे के पुराना बस स्टैंड, गणेश मंदिर, बैरी चौक, गांधी चौक होते हुए उपखंड कार्यालय तक गौशाला के खिलाफ आक्रोश रैली निकालकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया और गृह राज्य व पशू पालन मंत्री के नाम एसडीएम अमीलाल यादव को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि श्रीबीदासर गौशाला के नाम से एक गौशाला संचालित है जिसमे राज्य सरकार की ओर से लाखों रुपए का अनुदान आता है। वर्तमान में इसमें गाय, बछड़े, नन्दी मिलाकर 800 गोवंश है। इस गौशाला का दूध शुक्ल लेकर वितरण भी किया जाता है।





जबकि कुछ समय से गौशाला की लापरवाही की शिकायत मिल रही थी, जिस पर 11 जुलाई को शाम आठ बजे गौशाला के पास रहने वालों का हमारे पास फोन आया और कहा कि गौशाला से गंदी बदबू आ रही है, जब गोरक्षक और विहिप के पदाधिकारी वहाँ पहुंचकर उपस्थित कर्मचारियों को पदाधिकारी से बात कराने को कहा। तो पदाधिकारीयों कहा कि ऐसी कोई बात नही है अंदर जाकर देखलो, तब हमने अंदर जाकर देखा तो एक मृत गोवंश को शवान नोच रहे थे और कई गोवंश भूख प्यास से तड़प रहे थे। मौके पर मृत गोवंशों की हड्डियां पड़ी थी। गौशाला की दयनीय हालत देखकर हालात देखकर गोरक्षक धरना लगाकर बैठ गए। गौशाला समिति के लोगों ने अपना कृत्य छुपाने के लिए गोरक्षक व विहिप के सदस्यों पर झूठा मुकदमा दर्ज करा दिया। गोरक्षकों ने सरकार से सरकारी व गैर सरकारी अनुदान प्राप्त कर वित्तिय घोटाला करने, गौशाला में उचित व्यवस्था नही करने तथा उनके कृत्यों से सैकड़ों गोवंशों की मृत्यु होने का प्रकरण दर्ज कर पांच दिनों में दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही पांच दिनों में कार्रवाई नही होने पर बडे आंदोलन की चेतावनी दी। इस मौके पर विहिप जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद सिंह राजपुरोहित, अध्यक्ष संजय कुमार मोदी, कामधेनु सेना के तहसील प्रभारी शिवरतन दर्जी, गोरक्षक टीम के अध्यक्ष अर्जुन सेन, पार्षद सांवरमल नाई, मोटाराम स्वामी, धनराज सेन, दिलीप सिंह राजपुरोहित,कमल दूगड़, अनिल शर्मा, मन्नालाल नाई, सुजल सेन, पुष्पेंद्र सिंह शेखावत, विजय सिंह राजपुरोहित, नरपतसिंह, विकास, रवि मोदी, विक्की सेन, कालू, कपिल, चेनरूप आदि उपस्थित रहे।

# वित्तीय समावेशन के तहत बैंक खातों की जानकारी दी

जयपुर टाइम्स




**तारानगर(निस)।** तारानगर क्षेत्र के गाँव गाजुवास में शुक्रवार को बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बैंक सहायक मैनेजर राजकुमार ने साइबर क्राइम की जानकारी दी। उन्होने बताया कि किसी भी प्रकार की ठगी, फोन पर धमकाने, ब्लैक मेल, डिजिटल अरेस्ट की शिकायत हमें 1930 पर अपनी तुरंत दर्ज करवानी चाहिए ताकि आर्थिक नुकसान से बचा जा सकें, कभी भी सार्वजनिक वाईफाई का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी शेयर नहीं करनी चाहिए, अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए। वित्तीय साक्षरता केंद्र तारानगर के सेंटर मेनेजर दलजीतसिंह ने अटल पेंशन की जानकारी देते हुए बताया कि 18 से 40 वर्ष का कोई भी व्यक्ति जो आयकर दाता नहीं हो, वह इस पेंशन की स्कीम से जुड़कर लाभ ले सकता है, साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की जानकारी दी और इसके साथ ही 10 या इससे पहले के बचत खातों, प्रधानमंत्री जन धन योजना के खातो, और निष्क्रिय खातों में पुनः केवाईसी कराने के लिए कैंप का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणो को बैंकिंग योजनाओं से जोड़ा गया। ग्राम विकास अधिकारी श्याम सुंदर शर्मा ने ग्रामीणों से बैंकिंग योजनाओं से जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर बैंक बीसी सुनील कुमार, सरपंच प्रतिनिधि भंवरलाल, एफएलसी नवाब खान, जयनारायण, हेतराम, हनुमान प्रजापत, शर्मिला, शंकरलाल, देवकरण, राहुल जांगिड़ सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## गौ रक्षको ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे की आजाद गोरक्षा दल सेवा समिति की ओर से मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार जितेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया कि बीदासर में स्थानीय गोरक्षा की टीम ने बीदासर गोशाला में निरीक्षण किया जिससे उजागर हुआ कि गोशाला में असंख्य गोवंश की असामयिक मृत्यु हो चुकी है जिनके शव सडते हुए पाए गए। इसका सोशल मीडिया पर विरोध व सुधार की अपील की। जिस पर गोशाला संचालकों की ओर से गोरक्ष दल के सदस्यो पर मुकदमा दर्ज करवाया गया। ज्ञापन में मांग की है कि शीघ्र जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच समिति गठित कर, मृत गोवंशो की संख्या सार्वजनिक करने, दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने जीवित गोवंश की स्थिति सुधारने और सोशियल एक्टिविस्ट व निरीक्षण करने वालों के खिलाफ लगाए गए मुकदमें रद्द करने की मांग की है। ज्ञापन देते समय कन्हैया सैन, पारसमल मारू, विकाश भार्गव, श्रवण सैनी, विकी सैन राजस्थानी, हरिओम स्वामी हिमांशु स्वामी, जय सैनी आदि गोरक्ष दल के सदस्य मौजूद रहे।

## सावर : कातरा कीट के प्रकोप से फसलें तबाह, किसानों की बढ़ी चिंता, प्रशासन और कृषि विभाग से राहत की मांग

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)** उपखंड क्षेत्र के गांव सावर की अगुणी रोही सहित आसपास के कई गांवों में कातरा कीट का प्रकोप इस कदर बढ़ चुका है कि किसानों की मूंग, ग्वार, बाजरा और मोठ जैसी खरीफ फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं। किसान स्वयं के स्तर पर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कर चुके हैं, लेकिन कातरा कीट पर नियंत्रण नहीं हो रहा। इससे किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। भानीपुरा तहसील के जागरूक किसान सूरजपाल सिंह ने बताया कि क्षेत्र में लगातार बादल छाए रहने से इस कीट का प्रकोप उत्पन्न हुआ है। यह कीट पौधों की पत्तियों को पूरी तरह चट कर देता है, जिससे फसलें नष्ट हो रही हैं। उन्होंने बताया कि किसानों ने निजी खर्चे से कीटनाशक स्प्रे करवाए, फिर भी कीट नियंत्रण में नहीं आ रहा है। अब हालत यह है कि फसलें पूरी तरह चौपट हो चुकी हैं। क्षेत्र के किसानों—गजे सिंह राजपूत, महेंद्र जाट, भैरुसिंह राजपूत, गोपीराम जाट, भागीरथ प्रजापत, मंगतू राम मेघवाल सहित अन्य ने बताया कि वे खाद-बीज उधार लेकर बुवाई करते हैं, लेकिन अब जब फसल ही नहीं बची तो कर्ज चुकाने की चिंता सता रही है। किसानों ने प्रशासन और कृषि विभाग से मांग की है कि वे जल्द से जल्द खेतों का सर्वे कराएं और बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों को मौके पर बुलाकर नुकसान का आकलन करवाएं। किसानों के हित में राहत राशि स्वीकृत कर उन्हें आर्थिक सहायता दी जाए, ताकि वे अगली फसल की तैयारी कर सकें।

## एसएफआई ने उच्च शिक्षा मंत्री के नाम प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निस)।** कस्बे की राजकीय महाविद्यालय में एसएफआई छात्र संगठन ने प्राचार्य को उच्च शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमे मुख्य 5 सूत्री मांगे रखी गई जो राज्य में छात्र संघ चुनाव को तुरंत बहाल करने, सभी राजकीय महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों में 75% उपस्थिति अनिवार्य रूप से लागू की जाए, ताकि विद्यार्थियों का शैक्षणिक अनुशासन व गुणवत्ता सुनिश्चित हो सकें। सोसाइटी एक्ट के तहत संचालित समस्त महाविद्यालयों का पूर्ण सरकारीकारण करने। राजकीय महाविद्यालयों में रिक्त शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक पदों को तुरंत प्रभाव से भरने एंव नई शिक्षा नीति 2020 को रद्द किए जाने की मांग की है। इस दौरान एसएफआई तहसील महासचिव शिवा वर्मा, अध्यक्ष बबलु सैनी, टीकू सैनी, राहुल वर्मा, मुकेश मीणा, अंकित, अनामिका, सीमा, प्रियंका, अंकित मीणा, बलराम, निखिल बद्दू, रिहान आदि मौजूद रहे।

## पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजनाः गोयनका को मिली 10 लाख की सहायता राशि

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनू(निस)।** कोविड-19 महामारी के दौरान अनाथ हुए बच्चों की सहायता के लिए केंद्र सरकार की ओर से संचालित पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के अंतर्गत झुंझुनू निवासी बालक उत्सव कुमार गोयनका को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर योजना की सहायता राशि के रूप में 10 लाख रुपये की सहायता राशि उनके पोस्ट ऑफिस खाते में जमा की गई। शुक्रवार को बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अरविंद ओला ने लाभार्थी को पोस्ट ऑफिस बचत खाते की पासबुक प्रदान की गई। इस अवसर पर संरक्षण अधिकारी विकास कुमार, वरिष्ठ सहायक मनोज खीचड़, कनिष्ठ लेखाकार मनीषा झाझडिया, आउटरीच वर्कर पूनम कुमारी, काउंसलर सुमन मील, समन्वयक, चाइल्ड हेल्पलाइन महेश मांजू उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अरविन्द कुमार ओला ने बताया कि जिले में कोविड महामारी से प्रभावित कुल 9 बच्चों को इस योजना का लाभ दिया गया है। उनमें से उत्सव कुमार गोयनका पुत्र विनोद गोयनका ने हाल ही में 18 वर्ष की आयु पूर्ण की है, जिन्हें योजना का लाभ प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि इस योजना के अंतर्गत कोरोना के कारण माता-पिता को खो चुके बच्चों को उनकी पढ़ाई जारी रहने पर प्रतिवर्ष 20 हजार रुपए की छात्रवृत्ति दी जाती है जो कक्षा 12 तक मान्य होती है। साथ ही 10 लाख की राशि पोस्ट ऑफिस खाते में जमा की जाती है जो लाभार्थी को 23 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर प्राप्त होती है। 18 वर्ष की आयु के पश्चात इस राशि पर मिलने वाला ब्याज मासिक रूप से बच्चों को प्रदान किया जाता है। राज्य सरकार की ओर से भी इन बच्चों को संरक्षण और सहयोग के रूप में 18 वर्ष की आयु तक प्रतिमाह 4 हजार की सहायता राशि दी जा रही है।

## नगरपरिषद में पूर्णकालिक आयुक्त नियुक्त करने की मांग

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** जिला स्तरीय जन सुनवाई जिला कलेक्टर अभिषेक सुराना की अध्यक्षता में पुराने कलेक्ट्रेट स्थित जन सेवा केंद्र चूरू में हुई। जिसमें सुजला सत्याग्रही विजयपाल श्योराण ने सुजानगढ़ की अनेक जन समस्याओं के समाधान की मांग की। श्योराण ने मुख्यमन्त्री के नाम कलेक्टर को दिए ज्ञापन में मांग में सुजानगढ़ नगरपरिषद में पूर्णकालिक आयुक्त नियुक्त किए जाने की मांग की, ताकि शहर की जन समस्याओं का समय पर निस्तारण हो सके और आम जनता को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। इसी प्रकार दिनों दिन बढ़ते जा रहे बेसहारा पशुओं की व्यवस्था किए जाने की मांग की गई। पुराने बस स्टैंड पर बसों के टाइम टेबल लगवाए जाने, सुजानगढ़ पुराने स्टैंड पर बसों का आना सुनिश्चित करने, पी डब्लू डी रोड़ पर अशोक सर्किल से स्टेशन के बीच गड्ढे सही करवाने, 181 से प्राप्त परिवादों का समुचित निस्तारण करने सहित अनेक मांगों को श्योराण ने प्रशासन के समक्ष रखा।

## सर्पदंश से बुजुर्ग महिला की मौत

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव भनिसारिया तेजसिंहोतान में खेत में काम करते समय बुजुर्ग महिला उच्छब कँवर (65) पत्नी भगवान सिंह राजपूत को सांप ने काट लिया। परिजन तुरंत उसे सुजानगढ़ अस्पताल लेकर पहुंचे। जहाँ डॉ. विवेक सोनी ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, वाहिद खान की सहायता से मोर्चरी में रखवाकर पुलिस को सूचना दी। सदर थाने के हेड कांस्टेबल जगदीश गढ़वाल अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने परिजनो की रिपोर्ट के आधार पर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# धार्मिक अनुष्ठान में युवा हर रोज पढ़ रहे भक्ति का पाठ

जयपुर टाइम्स



**फतेहपुर(निस)।** श्रावण मास की शुरुआत के साथ ही शिवालयों में बोल बम के जयकारे गूंज रहे है। सावन महीना शुरू होने के साथ ही अब पूरे माह शिव मंदिरों में भगवान शंकर के मंत्रोच्चार से साथ रूद्राभिषेक, जलाभिषेक व पूजन का दौर लगातार जारी है,कस्बे के ऐतिहासिक श्री बुद्धगिरी मंढ़ी पर मंहत दिनेश गिरी महाराज के सानिध्य में श्रावण महोत्सव में शिवभक्त प्रतिदिन रूद्राभिषेक, शिव पंचाक्षर मंत्र जाप सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान कर रहे है जिसमें रोज सैकड़ों युवा भाग ले रहे हैं। इस अनुष्ठान में रोज सैकड़ो युवा सवा करोड़ पंचाश्वर मंत्र जाप कर रहे है। इसके अलावा भी मंढ़ी परिसर में महारूद्रा अभिषेक, सशस्त्र शिव पूजन, खेलकुल प्रतियोगिता, महजा गरन, कीर्तन सत्संग, यज्ञ हवन, नंदी पूजन, महा गो आरती,पाठशाला, तीज पूर्व, गो महिमा स्वामणी सहित अन्य आयोजन हो रहे है। वहीं भोलेनाथ को रिझाने के लिए कांवड़िए धार्मिक तीर्थ स्थल लोहार्गल, हरिद्वार व गंगोत्री से जल लाकर शिवालयों में भोलेनाथ का अभिषेक कर रहे है। सावन का महीना शुरू होने के साथ ही कावड़ यात्रा शुरू हो गई है जो रक्षाबंधन तक लगातार जारी रहेगी। शेखावाटी का सबसे बड़ा धार्मिक तीर्थ स्थल लोहार्गल में सावन महीने में कावड़ियों सहित भक्तों का मेला लगा देगा। कस्बे के शिव मंदिरों में भी सावन के महीने को लेकर विशेष श्रृंगार और आयोजन किए जा रहे है। महंत श्री दिनेश गिरी जी महाराज ने बताया कि कई सालों से सैकड़ो युवा श्रावण मास महीने में मढ़ी परिसर में इस धार्मिक आयोजन में शामिल हो रहे हैं जिसके कारण अब तक फतेहपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के हजारों युवा अनुष्ठान में शामिल होकर नशे की प्रवृत्तियों से भी दूर हो रहे हैं।

राजस्थान जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
19 जुलाई, 2025

# जनसुनवाई परिवादों का समयबद्ध निस्तारण के लिए अधिकारी रहे संवेदनशील : सुराणा

## जिला कलक्टर ने जिला स्तरीय जनसुनवाई में सुने जन अभाव-अभियोग, अधिकारियों को दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को डीओआईटी वीसी सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिलेभर से आमजन के अभाव-अभियोग सुने व अधिकारियों को परिवादों में समुचित कार्यवाही कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत ने वीसी के जरिए जुड़कर प्रदेशभर से जनसुनवाई की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान जिला कलक्टर ने परिवादियों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसुनवाई परिवादों का समयबद्ध निस्तारण करें। अधिकारी परिवादों के निस्तारण में संवेदनशील रहते हुए गुणवत्तापूर्ण सेवाओं से आमजन को संतुष्ट करें। उन्होंने कहा ?कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आमजन की समस्याओं को लेकर अत्यंत गंभीर हैं। इसलिए सरकार की मंशानुरूप जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों का समयबद्ध निस्तारण हो। प्रकरणों में नियमानुसार कार्रवाई करें और फरियादियों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण से संतुष्ट करें। सुराणा ने कहा कि प्रकरणों के बेहतरीन निस्तारण के साथ हम सभी प्रयास करें कि सरकार की मंशानुरूप जनसुनवाई के उद्देश्य की शत प्रतिशत पूर्ति हो।




### डिस्पोजल टाइम कम कर संतुष्टि स्तर बढ़ाएं

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने प्रदेश स्तर से वीसी के जरिए जुड़कर जिला स्तरीय जनसुनवाई की समीक्षा की तथा सभी जिला कलक्टर व जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई, संपर्क पोर्टल व पीजी पोर्टल आदि पर प्राप्त होने वाले परिवादों में डिस्पोजल टाइम को कम कर परिवादियों का संतुष्टि स्तर बढ़ाएं। अधिकारी जन समस्याओं के निस्तारण में गंभीरता रखते हुए गुड प्रैक्टिस अपनाएं और नियमित एनालिसिस करते हुए निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि जिला कलक्टर मॉनीटरिंग करते हुए एसडीएम, जिला स्तरीय अधिकारी व उपखंड स्तरीय अधिकारी समुचित प्रबंधन व प्लानिंग से परिवादों का निस्तारण करें।

### *जनसुनवाई में आए 84 परिवाद*

*जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कृषि विभाग के 1, पशुपालन विभाग के 1, शिक्षा के 2, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के 4, डिस्कॉम के 5, बैंक के 02, नगरनिकायों के 17, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के 1, पुलिस के 1, पीएचईडी के 4, सानिवि के 5, पंचायतीराज के 4, राजस्व के 24 व अन्य विषयों के 13 सहित कुल 84 प्रकरण प्राप्त हुए। प्राप्त प्रकरण अतिक्रमण, पट्टा, विद्युत पोल बदलवाने, सफाई व्यवस्था, शौचालयों की सफाई, महानरेगा अंतर्गत भुगतान, जर्जर व क्षतिग्रस्त कुओं को बंद करवाने, अग्नि से हानि की सहायता, डिग्गी व तारबंदी के लिए अनुदान, पटवारी के कार्यालय में नहीं बैठने, बकाया भुगतान, पानी भराव, निराश्रित गोवंश का प्रबंधन, खाद्य सुरक्षा योजना अंतर्गत आवेदनों आदि बिन्दुओं से संबंधित थे। प्राप्त प्रकरणों को लेकर जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सतर्कता समिति में दर्ज प्रकरणों पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को समुचित निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, सीईओ श्वेता कोचर, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे और वीसी के जरिए सभी उपखंडों से उपखंड स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।*

## खाद्य सुरक्षा योजना में अपात्र लाभार्थी स्वेच्छा से हटवाएं नाम, नाम नहीं हटवाने पर विभाग शुरू करेगा वसूली

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** खाद्य सुरक्षा योजना के अपात्र लाभार्थियों को स्वेच्छा से अपना नाम हटवाने के लिए रसद विभाग ने एक और मौका दिया है। जिला रसद अधिकारी अंशु तिवाड़ी ने बताया कि विभाग की ओर से गिव अप अभियान की अवधि 31 अगस्त, 2025 तक बढ़ाई गई है। अभियान में योजना में चयनित अपात्र लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं। स्वेच्छा से नाम नहीं हटवाने पर वसूली की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान में अब तक 6449 परिवारों के 27730 लाभार्थियों ने स्वेच्छा से अपना नाम हटवाया है। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी, 2025 को खाद्य सुरक्षा योजना में नए लाभार्थियों के लिए नाम जुड़वाने के लिए पोर्टल शुरू किया गया था। आदिनांक तक खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुड़वाने के लिए 37522 नए आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें से 19489 आवेदनों को एप्रुवड किया जा चुका है। शेष आवेदनों का निस्तारण प्रक्रियाधीन है।

## परामर्श शिविर में 225 मरीज लाभान्वित

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज व आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार की ओर से हर शुक्रवार को आयोजित होने वाला निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला झुंझुनू में संपन्न हुआ। शिविर में 225 रोगियों की जांच कर निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में रमाकांत हलवाई, डॉ एस एन शुक्ला, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मुंड, देवेंद्र कुमार गौड़, कैलाश चंद्र शर्मा, प्रदीप कुमार शुक्ला, डॉ मूल सिंह, सहायक प्रमोद कुमार, डॉक्टर्स टीम व काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## रालसा स्कीम सृजन की सुरक्षा के अन्तर्गत पौधरोपण आज

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष (जिला व सेशन न्यायाधीश) रविन्द्र कुमार के निर्देशानुसार शनिवार को सवेरे 8.45 बजे रालसा स्कीम "सृजन की सुरक्षा" के सफल क्रियान्वयन के लिए चूरू के रामसरा गांव के खेल मैदान में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव डॉ शरद कुमार व्यास ने बताया कि इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत खासोली में वर्ष 2025 में जन्म लेने वाली प्रत्येक बालिका के परिवार की ओर से 11 पौधे लगाए जाएंगे और प्रत्येक बालिका को एक विशिष्ट पहचान पत्र जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विशिष्ट पहचान पत्र चयनित परिवारों एवं बालिकाओं को विधिक सेवा संस्थानों तक पहुंचने और आवश्यक सहायता प्राप्त करने के लिए सम्पर्क बिन्दु के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में अधिकारी, जनप्रतिनिधि भाग लेंगे।

## तीन दिवसीय पौधरोपण अभियान का शुभारम्भ

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** इंसानियत एकता सेवा समिति की और से हरियाली है तो खुशहाली है तीन दिवसीय पौधरोपण अभियान का शुभारम्भ राजकीय अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय में पौधे लगाकर किया गया। समिति व्यवस्थापक इंजीनियर जाफर खान के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति संस्थापक व अभियान संयोजक करामत खान उर्दू अदीब ने बताया कि अभियान के तहत अगले तीन दिनों में शहर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में दो सौ से अधिक पेड़ -पौधे लगाकर उनकी सार-संभाल की जिम्मेदारी ली गई। डॉ अख्तर खान ने बताया कि अभियान का उद्देश्य क्षेत्र को हरा-भरा करना व अधिकाधिक पौधरोपण कर उनका संरक्षण करना है। डॉ शाहनवाज खान ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का अहम हिस्सा हैं, इसलिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर उनकी देखरेख करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक नियाज मोहम्मद, इमरान बी खान, सिकंदर खान, सुलेमान मनिहार, जाकिर अली खान, असलम खान, बिलाल खान, अजीत सिंह, महमूद खान फौजी, महबूब खान, शाहरुख मनिहार, मोहम्मद समीर आदि उपस्थित रहे। समिति सहायक सचिव आवेश कुरैशी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## हेतमसर महाविद्यालय में रिक्त सीटों पर आवेदन आमंत्रित

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** आयुक्तालाय, कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के आदेशानुसार राजकीय कन्या महाविद्यालय, हेतमसर में स्नातक भाग प्रथम (सेमेस्टर-1) कला व विज्ञान संकाय में श्रेणीवार रिक्त रही सीटों पर पुनः प्रवेश प्रारम्भ किए गए हैं। प्रवेश नोडल अधिकारी सुभाष, चन्द्र, सहायक आचार्य ने बताया कि विज्ञान संकाय के जीवविज्ञान एवं गणित वर्ग में सभी वर्गों में सीटें रिक्त हैं और कला वर्ग में EWS, MBC, ST वर्ग में सीटे रिक्त हैं जबकि सामान्य, ओबीसी व एस सी श्रेणी में दिव्यांग की सीटे भी रिक्त हैं। प्राचार्य डॉ. सुनीता बेनीवाल ने बताया कि अभी तक प्रवेश से वंचित छात्राए 22 जुलाई तक स्वयं की एसएसओ आईडी अथवा नजदीकी ई-मित्र से आवेदन कर सकती हैं।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्मिकों को किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय लक्ष्मणगढ़ में विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष में शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में ब्लॉक सीएमएचओ डॉ दिनेश कस्वा ने परिवार नियोजन, एनसीडी,दवा वितरण, लेब जांच, एनएसवी, आरबीएसके, स्वास्थ्य सेवाओं व राष्ट्रीय कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तहसील के 49 चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ महेश गोरा, डॉ प्रमोद धानिया, डॉ दिनेश,डॉ बनवारीलाल, डॉ सुमन चौधरी, डॉ रुखसार शेख, डॉ अभिषेक, डॉ मीनाक्षी राव, डॉ रमाकांत शर्मा, फार्मासिस्ट रामावतार शर्मा के अलावा एएनएम, नर्सिंग ऑफिसर, सीएचओ,लेखा सहायक, आशा, एलटी,सूचना सहायक, यूडीसी, बीएचएस, डीईओ आदि को सम्मानित किया गया।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में माकपा का प्रदर्शन, नारेबाजी कर सौंपा ज्ञापन




जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की और से स्मार्ट मीटर का विरोध कर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया। बड़ी संख्या में नौजवान कार्यकर्ता किसान मजदूर भवन में एकत्रित होकर रैली के रूप में तहसील कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करते हुए स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध करते हुए आदेश वापस लेने की मांग की है। कॉमरेड रामकृष्ण छींपा ने बताया कि स्मार्ट मीटर इलाके में किसी भी सूरत में लगाने नहीं दिया जाएगा। स्मार्ट मीटर के साथ साथ आवासीय पट्टे जारी करने, सरदारशहर में कृषि महाविद्यालय खोलने, भानीपुरा में राजकीय कॉलेज खोलने, टूटी सड़कों का निर्माण, फाइनेंस कंपनियों की लुट के खिलाफ, पंचायत चुनाव कराने सहित अनेक मांगो को लेकर आंदोलन का आगाज किया है। आंदोलन की कड़ी में 1अगस्त को ग्राम सचिव और पार्षदों को ज्ञापन,11 अगस्त को पुतला दहन किया जाएगा। 16 अगस्त से 16 सितंबर तक गांवों और शहरों में यात्रा निकालकर 27 सितम्बर को शहर में बड़ी नौजवानों की इन्कलाब रैली निकाली जाएगी। मांगो का आलम ये है कि जनता एकदम त्रस्त है लेकिन जनप्रतिनिधि गहरी निंद में सोए हुए है। किसान मजदूर भवन में आंदोलन की रणनीति बनाई गई। जिस पर जिला सचिव छगनलाल चौधरी, सांवरमल मेघवाल, जिला सचिव संदीप भारतीय, हनीफ खान ने संबोधित किया। विरोध प्रदर्शन में सांवरमल मेघवाल, महेंद्र कुमार, आरिफ खान, भेरूलाल मुंड, सुभाष पोटलिया, संदीप भारतीय, गीता कुमारी, हनीफ खान, बाबू खान, अमजद, भरत बरोड़, सांवरमल डूडी, भाग्यश्री, सोनू चारण, हेमराज प्रजापत, महेंद्र पुनियां, पवन सारण, भरत सारण, मोहनलाल पटीर, सुभाष बाजिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कोड चूरू कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 विद्यार्थियों को मिले लैपटॉप



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में विद्यालयी स्तर पर ही विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान व कौशल आधारित शिक्षण सुनिश्चित करवाने की दिशा में जिले में चलाए जा रहे कोड चूरू कार्यक्रम अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 विद्यार्थियों को शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एफआईए (फाउंडेशन फॉर इनोवेटिव एक्शन) के सहयोग से लैपटॉप प्रदान किए गए। इस अवसर पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि यह लैपटॉप सहायक उपकरण हैं। इसका प्रयोग बेहतरीन लर्निंग के रूप में हो और सकारात्मक परिणाम हमारे सामने आएं। कोड चूरू कार्यक्रम को चूरू जिले में शुरू किए जाने की मंशा साकार हो तथा बच्चे तकनीकी रूप से समृद्ध व सक्षम बनें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन तथा शिक्षा विभाग के समन्वय से कोड चूरू कार्यक्रम का संचालन विद्यालय स्तर पर तकनीकी शिक्षण उपलब्ध करवाने का प्रयास है। उन्होंने लैपटॉप प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि पॉजीटिव एसेट बनाएं और सकारात्मक उपयोग के साथ भविष्य की संभावनाओं को देखते हुए तकनीकी दक्षता हासिल करें। सभी विद्यार्थी मेहनत, समर्पण व प्रयासों से स्वयं को उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करें। कोड चूरू कार्यक्रम में एजेंसी कोड योगी के राकेश कुमार ने विद्यार्थियों को एआई, तकनीकी ज्ञान, लर्निंग, कोडिंग, कंप्यूटर एवं सहायक उपकरणों के उपयोग और भविष्य की संभावनाओं की जानकारी दी। एफआईए (फाउंडेशन फॉर इनोवेटिव एक्शन) के राजेश व अजय ने विद्यार्थियों से लैपटॉप के सकारात्मक उपयोग से बेहतरीन परिणामों के लिए प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था की ओर से जिले में कुल 10 स्कूलों में आईसीटी लैब को सुचारू संचालित करने पर काम किया जाएगा। एसीपी नरेश टुहानिया ने इन्क्यूबेशन सेंटर के माध्यम से विचारों को मंच प्रदान करने की बात कही। सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़ ने सभी का आभार जताया। इस दौरान अतिथियों ने लक्ष्मी जांगिड़, अभिषेक पारीक, हिमेश सिंह, मयंक शर्मा, मोहित दर्जी, नरपत सिंह, नेहा गोयल, शिवा कुमार, तनसुख, जाहिद मोहम्मद आदि 10 विद्यार्थियों को लैपटॉप प्रदान किए।

## ग्रामीण लामबद्ध, स्मार्ट मीटर लगाने का जताया विरोध



जयपुर टाइम्स

**चिड़ासन(निस)।** चिड़ासन गांव में स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध किया। ग्रामीणों ने बनवारीलाल महला चिड़ासन की अध्यक्षता में गांव के मुख्य चौपाल में चिड़ासन में बैठक आयोजित की। बैठक में गांव के लोगों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि स्मार्ट मीटर कोई भी उपभोक्ता नहीं लगाए। फिर भी यदि मीटर लगाया जाता तो कमेटी को तुरंत सूचना दे, जिससे सब मिलकर विरोध प्रदर्शन कर स्मार्ट मीटर लगाने वाले कर्मचारियों का विरोध करके स्मार्ट मीटर लगाए जाने से रोका जा सके। स्मार्ट मीटर लगाने का ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया की गांव चिड़ासन में स्मार्ट मीटर नहीं लगने देंगे। इस मौके पर लक्ष्मी ईंट भट्टा का मालिक महेंद्र सिंह पायल, मनफुल, महिपाल, राजेन्द्र, सत्यवीर, रोहिताश, महेंद्र सिंह, करणसिंह, रामकुमार, ओमप्रकाश, ख्यालीराम, जयसिंह, अमर सिंह, रोहिताश, रघुवीर, सुरेश, गिरवर धनखड़, रामोतार मानोता, राजपाल, कर्मवीर, प्रहलाद, अमित कुमार, संदीप महला, प्रताप, विक्रम गहलावत, सुरेश, विकास महला, लक्ष्मन महला, संजय काजला सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे। इस मौके पर ग्रामीणों ने कहा स्मार्ट मीटर लगाए तो सहायक अभियंता विद्युत कार्यालय चनाना पर धरना देकर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## दूकिया हॉस्पिटल में बाला देवी का निशुल्क घुटना प्रत्यारोपण

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** दूकिया हॉस्पिटल में चिरंजीवी योजना के तहत निशुल्क घुटना प्रत्यारोपण हुआ। बाला देवी पत्नि प्यारेलाल निवासी झाझोटिया की ढ़ाणी पिछले कई वर्षो से घुटनों के दर्द, पैरों में टेढ़ापन से परेशान थे। दर्द की परेशानी इतनी थी कि वो चलने में भी असमर्थ थी, उन्होनें कई जगह दिखाया तो उनको बताया गया कि घुटने बदलवाने पड़ेंगें। प्यारेलाल को नजदीक के रिश्तेदार से पता चला कि दूकिया हॉस्पीटल झुन्झुनू में घुटनों के सफल ऑपरेशन किए जाते है तब दूकिया हॉस्पीटल झुन्झुनू में हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ महेन्द्र को दिखाने पर उन्होंने बताया कि घुटने बदलवाने पड़ेंगें। डॉ महेन्द्र ने बाला देवी का सफल घुटना प्रत्यारोपण/ऑपरेशन किया, जिसके बाद स्वस्थ है और उनको छुट्टी दे दी गई है। बाला देवी ने उनके सफल घुटना प्रत्यारोपण के लिए डॉक्टर व हॉस्पीटल को धन्यवाद दिया। डॉ मोनिका दूकिया ने बताया कि अस्पताल में एक ही छत के नीचे न्यूरो एवं स्पाइन रोग, गुर्दा व मूत्र रोग रोग, घुटना कूल्हा ट्रांसप्लाट व हड्डी जोड़ सर्जरी व ट्रोमा, अस्थमा रोग, सर्जरी विशेषज्ञ की नियमित सेवाएं उपलब्ध है । दूकिया हॉस्पिटल में ईसीएचएस, आरजीएचएस, ईएसआईसी चिरंजीवी (मां योजना) सभी विभागों में इलाज व ऑपरेशन निशुल्क किए जाते है व ब्लड, प्लाजमा की सेवाएं उपलब्ध है।



### *सीसी सड़क का निर्माण की मांग*

***सुजानगढ़(नि.सं.)।*** *कॉमरेड जगदीश नाथ ने नगरपरिषद आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपकर वार्ड न. 5 में सड़क निर्माण करवाए जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि लालचंद टाक के घर से कालूराम खाती के कारखाने तक सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अतः यहां पर सीसी सड़क का निर्माण करवाकर समस्या का स्थायी समाधान करवाया जाए और जनता को राहत प्रदान की जाए। इसी प्रकार वार्ड में क्षतिग्रस्त अन्य सड़कों को भी सही करवाए जाने की मांग ज्ञापन में की गई है।*

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।